दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, गुरुवार 21 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 40 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कुछ लोग जन्मजात जनसेवक होते हैं। उनके दिल में जनसेवा का जज्बा अदरक की तरह कूट-कूट कर भरा होता है। यदि उन्हें जनसेवा का मौका न मिले तो वे जल बिन मछली और नृत्य बिन बिजली की तरह तड़पने लगते हैं। उन्हें जनसेवा करनी हैं मतलब करनी है। यदि उनकी ही पार्टी ने चुनाव में उनका टिकट काटा तो वे फौरन से पेश्तर दूसरी पार्टी की गोद में जा बैठते हैं। जो उनके लिए पलक पावड़े बिछाए रहते हैं। इस लोकसभा चुनाव में भी ऐसे बहरूपिए जनसेवकों की चाँदी हो जाए तो कोई ताज्जुब नहीं।

हर दिन करोड़ों का कैश जप्त, जेवर, सामग्रियां भी आयोग के कब्जे में...

आदर्श आचार संहिता के पालन में वाहनों के साथ शिकायतों पर कार्रवाई के दौरान टीमें करती है जप्ती की कार्रवाई

आचरण संहिता का पालन..

नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बजने के बाद नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। चुनाव की घोषणा के बाद ही देश में आचार संहिता लागू हो गई है। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। सभी राजनीतिक दलों की तैयारियां भी जोर-शोर से जारी है। वोटरों को आकर्षित करने का काम शुरू हो गया है। चुनाव के दौरान वाहनों की सघन जांच प्रतिदिन हो रही है। इस दौरान करोड़ों रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवर के साथ अन्य सामग्री बरामद होती हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव के दौरान अवैध रूप से या नियमों के विरुद्ध उपयोग की गई नकदी और शराब को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया जाता है। चुनाव के दौरान जप्त किये गये इन करोड़ों रुपये और शराब का क्या होता है और यह कहां जाता

है? बहुत से लोगों के मन में ये सवाल होता है।

आइए जानते हैं इसके बारे में..

काले धन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल चुनावों में होता है। ज्यादातर उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए आयोग द्वारा तय सीमा से कई गुना ज्यादा खर्च करते हैं। चुनाव कार्य में बिना हिसाब-किताब के काले धन का उपयोग किया जाता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

..ऐसे में रकम सरकारी खजाने में जमा

चुनाव के दौरान पुलिस जो भी नगदी जप्त करती है, उसे आयकर विभाग को सौंप दिया जाता है। जिस व्यक्ति से पुलिस नकदी वसूलती है वह बाद में उस पर दावा कर सकता है। व्यक्ति यह साबित करने में सफल हो जाता है कि पैसा उसका है और अवैध रूप से नहीं कमाया गया है, और यदि वह सबूत के तौर पर पूरी जानकारी प्रस्तुत करता है, तो पैसा उसे वापस कर दिया जाता है। सबूत के लिए आपके पास एटीएम ट्रांजेक्शन, बैंक रसीद और पासबुक एंट्री होनी चाहिए। यदि जप्त की गई रकम पर कोई दावा नहीं करता तो वह रकम सरकारी खजाने में चली जाती है।

छज्जे का गिरा प्लास्टर भोजन करते 6 बच्चे घायल

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां प्राथमिक शाला स्कूल में बड़ी घटना घाटी है, जिस वक़्त बच्चे छज्जे के लिए बैठ कर भोजन कर रहे थे, उसी दौरान छज्जे का एक बड़ा हिस्सा का उखड गया. मामला पसान दर्री पारा प्राथमिक स्कूल का बताया जा रहा है. छज्जा उड़ने कब बाद स्कूल में भोजन कर रहे आधा दर्जन बच्चे इसकी चपेट में आ गए। वही कुछ गंभीर रूप से घायल हैं।

राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची, (वार्ता)। झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी, एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी, एमएलए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व सीएम वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा ने चुनाव लड़ने से किया इंकार

शिमला (ए.)। हिमाचल प्रदेश में अपने छह विधायकों की बगावत से जूझ रही कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में सूबे की चार सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और दिवंगत सीएम वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मंडी लोकसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। मंडी सीट से मौजूदा सांसद व पूर्व सीएम दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने दोबारा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है।

पारस के विभाग की जिम्मेदारी रिंजिजु को

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पशुपति कुमार पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। किरण रिजिजु को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभालने को कहा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 75 की धारा दो के तहत श्री पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति ने श्री रिजीजु को अपने मंत्रालय के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय का कार्यभार संभालने का भी निर्देश दिया है।

104 खरीदी केंद्रों का करोड़ों का धान पानी में

पलारी/नवप्रदेश। रविवार-सोमवार को मौसम बिगड़ने लगा था। उसके बाद लगातार तीसरे दिन से बलौदाबाजार जिले में पानी और ओलावृष्टि हुई। इसके चलते सहकारी धान खरीदी केंद्रों में रखे धान का समय पर उठाव नहीं होने से लाखों क्विंटल धान भीग गया। सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से जिले के 166 खरीदी केंद्रों में से 104 की स्थिति बेहद गंभीर है। ऐसे में आशंका है कि करोड़ों का नुकसान होगा। मामले में लापरवाही ऐसी सामने आई है कि धान खरीदी बंद होने के डेढ़ माह बाद भी केन्द्रों से उठाव नहीं हो पाया है। इस कारण से अलग-अलग सोसायटियों में 16 लाख क्विंटल धान जाम है। इस बारिश से बलौदाबाजार, पलारी और सुहेला क्षेत्र में करीब 10 करोड़ का धान भीग गया।

166 में से 104 की स्थिति गंभीर

जिले के 166 खरीदी केंद्रों में से 104 की स्थिति गंभीर है। इनमें 20 हजार से 30 हजार क्विंटल धान 5 फरवरी से जाम है। 64 केंद्रों में एक हजार क्विंटल से कम धान जाम है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हथबंद केंद्रों में 20000 क्विंटल धान भीगा

सुहेला क्षेत्र में भटभेरा के अंतर्गत समितियों में 60000 और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा हथबंद के खरीदी केंद्रों में 20000 क्विंटल धान भीगा है। करोड़ों का धान तिरपालों के भरोसे है जो तेज हवा में उड़ गया। धान खरीदी के 72 घंटे में धान का उठाव नही होने से यह स्थिति कर्मचारियों पर भारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बलौदाबाजार जिले में बारिश और ओलावृष्टि ने बढ़ाई परेशानी

बारिश से नहीं हो पा रहा है उठाव

बलौदाबाजार के केन्द्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने कहा बारिश की वजह से परिवहन का प्रभावित हुआ है। विभित्र समितियों में 16 लाख क्विंटल धान का उठाव अभी बाकी है।

6 लाख क्विंटल धान का डीओ कटा, जल्द होगा उठाव

डीएमओ निधि शशांक दुबे ने कहा कि 6 लाख क्विंटल धान का डीओ मंगलवार को कट चुका है। शेष धान का भी डीओ जल्द कट जाएगा। धान का उठाव भी तेजी से होगा।

सैन्य टैंकों के लिए उच्च शक्ति वाले स्वदेशी इंजन का सफल परीक्षण

■ देश में एक नए युग की शुरुआत

नई दिल्ली, (वार्ता)। सेना के प्रमुख युद्धक टैंकों के लिए देश में ही निर्मित 1500 हॉर्स पावर के इंजन का बुधवार को सफल परीक्षण किया गया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड बीईएमएल के मैसूर परिसर में मुख्य युद्धक टैंकों के लिए पहले स्वदेशी 1500 हॉर्स पावर (एचपी) इंजन के पहले परीक्षण की अध्यक्षता की।

यह उपलब्धि देश में एक नए युग की शुरुआत है। इससे रक्षा क्षमताओं, तकनीकी कौशल और रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता के प्रति देश की वचनबद्धता का पता चलता है।

यह इंजन सैन्य प्रणोदन प्रणालियों में आदर्श बदलाव का प्रतीक है, जिसमें उच्च शक्ति-से-वजन अनुपात, ऊंचाई, शून्य से नीचे तापमान और रेगिस्तानी वातावरण सहित चरम स्थितियों में संचालन क्षमता जैसी अत्याधुनिक विशेषताएं हैं। उन्नत प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित, यह इंजन विश्व स्तर पर सबसे उन्नत इंजनों के समकक्ष

हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड से मांगा जवाब

मालगाड़ियां चलाई जा रहीं तो यात्री ट्रेनें क्यों नहीं?

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने यात्री ट्रेनों को लगातार रद्द किए जाने के मामले में सुनवाई करते हुए रेलवे बोर्ड को केंद्र शासन से इस बारे में निर्देश लेकर जानकारी पेश करने कहा है। अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। यात्री ट्रेनों को निरंतर रद्द करने के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र शासन से रेलवे बोर्ड से इस बारे में निर्देश लेकर जानकारी प्रस्तुत करने को कहा है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि, मालगाड़ियां उसी रूट पर लगातार चलाई जा रहीं हैं तो यात्री ट्रेनें क्यों नहीं चल सकती। इसके साथ ही पटरियों की खराब होने की बात है तो यात्री ट्रेनें तो चल ही नहीं रहीं तो मेंटेनेंस क्यों नहीं हो रहा है। अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन साल से ट्रेने हो रही कैंसिल

याचिका के मुताबिक, मरम्मत और आधुनिकीकरण के नाम पर तीन साल से ट्रेनों को कैंसिल करने का सिलसिला जारी है। पैसेंजर, मेमू और डेमू ट्रेनों को रद्द करना तो यहां आम बात हो गई है। हावड़ा, दिल्ली रूट से लेकर बिहार, कटनी रूट की ट्रेनें लगातार प्रभावित हो रहीं हैं।

'फंसाने की धमकी दे रही बीजेपी' : महंत बोले- साजिश के तहत एफआईआर में भूपेश का नाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर में हमारे कांग्रेस नेताओं को डराया जा रहा, दबाव बनाया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल हो जाएं। महंत ने कहा कि, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के पास भी पास भी फोन आ रहे हैं।

रायपुर में महंत ने कहा कि, भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसके चलते हमारे जनपद सदस्य से लेकर विधायकों तक को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। राजनांदगांव में भूपेश बघेल के सामने मंच पर कार्यकर्ता के आरोपों को भी महंत ने भाजपा की साजिश बताया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल, जिस मामले में स्वयं 2022 से कार्रवाई कर रहे हैं, 72 केस दर्ज किए, 400 लोगों की गिरफ्तारियां हुई। उसमें भूपेश बघेल पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। जबरदस्ती एफआईआर में उनका नाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जयसिंह अग्रवाल पर भाजपा बना रही दबाव

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि, इस तरह की राजनीति कभी नहीं हुई। यह लोग हमारे नेताओं को लगातार फोन कर रहे हैं। हमारे कई विधायक और पूर्व विधायक हैं, जिनसे संपर्क में रहने का प्रयास कर रहे हैं। जयसिंह अग्रवाल जैसे हमारे दबंग नेता के पास भी उनकी कोशिश जारी है। यह पूरी तरह से नाकाम रहेगी, इनके बहकावे में कोई नहीं आएगा।

इन नेताओं पर भी बना रहे प्रेशर

चरण दास महंत ने कहा एक बात समझ में नहीं आ रही है कि बीजेपी लगातार केवल हमारे ही क्षेत्र में नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जो जनपद के सदस्य हैं, अध्यक्ष हैं, नगर पालिका के सदस्य हैं, मेयर हैं, सब के ऊपर कोई न कोई ऐसा दबाव बना रही है कि वह कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाएं।

न्यूज गैलरी

चुनाव कवरेज, मीडियाकर्मियों को डाक से वोट की सुविधा

नई दिल्ली, (वार्ता)। चुनाव आयोग ने आगामी आम चुनावों के संदर्भ में 'मीडिया कर्मियों' को 'आवश्यक सेवा श्रेणी' के तहत अधिसूचित किया है और उन्हें डाक से मतदान करने का अधिकार दिया है। आयोग की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में इस अधिसूचना को साझा करते हुये कहा गया है कि दिल्ली में वे मीडियाकर्मी जो मतदान के दिन कवरेज के लिये आयोग द्वारा अधिकृत हैं, वे डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि इसके लिये वे मीडियाकर्मी उस संसदीय क्षेत्र के संबंधित डीईओ/आरओ के कार्यालय से फॉर्म 12डी प्राप्त कर सकते हैं, जहां वे मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। वे संबंधित सीईओ/डीईओ की वेबसाइट से फॉर्म 12डी भी डाउनलोड कर सकते हैं।

झारखंड विधानसभा में भाजपा के सचेतक जयप्रकाश कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। झारखंड विधानसभा में भाजपा के सचेतक और तीसरी बार मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे जयप्रकाश पटेल अपने समर्थकों के साथ आज कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा पार्टी के झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेश भाई ठाकुर ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन के में पटेल को अंग वस्त्र पहनकर और फूलों का गुलदस्ता देकर कांग्रेस में शामिल किया। मीर ने कहा कि झारखंड के भाजपा के कई अन्य नेता अभी कांग्रेस के संपर्क में हैं। वह साफ सुथरी राजनीति करते हैं और उनका सकारात्मक राजनीतिक प्रभाव कांग्रेस में शामिल होने पर असरदार होगा।

पटेल ने इस मौके पर कहा कि उनके पिता लाल बाबू झारखंड राज्य निर्माण के प्रमुख नेता थे और वह अपने पिता के सपनों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की प्रति झारखंड के लोगों में उत्साह है उम्मीद है कि इस बार झारखंड से कांग्रेस बहुत अच्छी सफलता मिलेगी।

कांग्रेस की तैयारियों को गति देने सीजी पहुंचे पायलट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तैयारियों को गति देने कांग्रेसी नेताओं की बैठक लेने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं। यहां वे रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा सीट का दौरा करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारियों पर चर्चा करेंगे।

बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ प्रभारी बनने के बाद यह उनका पांचवा दौरा है। इससे पहले पायलट राहुल गांधी न्याय यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने और उसमें शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ आए थे।

छत्तीसगढ़ प्रभारी पायलट 21 मार्च की दोपहर 1.45 को रायपुर एयरपोर्ट पहुचेंगे। जहां से वे सीधे जांजगीर-चांपा के लिए रवाना होंगे और शाम साढ़े चार बजे जांजगीर-चांपा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वे चुनावी तैयारियों को लेकर क्षेत्र के नेताओं के साथ मीटिंग करेंगे और शाम छह बजे पायलट जांजगीर से बिलासपुर जाएंगे और रात्रि विश्राम भी वहीं करेंगे।

हेलीकॉप्टर वाले नेता बीजेपी जॉइन करना चाह रहे थे, हमने दरवाजे बंद कर दिए...

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ की बीजेपी में जॉइनिंग को लेकर एक बार फिर से बड़ा बयान दे दिया है. छिंदवाड़ा में बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा में सम्मिलित होने के लिए हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर वाले लोग बहुत आ रहे थे, लेकिन हमने उनके लिए दरवाजे बंद रखे।

बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय ने सज्जन सिंह वर्मा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, जिन जो नेता का आप नाम ले रहे हैं वह तो जय श्री राम कहकर भाजपा में जॉइन करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हमने ऐसे नेता को भाजपा में लाना करना उचित नहीं समझा। वह भाजपा के लायक नहीं थे।

बता दें कि छिंदवाड़ा से कांग्रेस ने कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को उम्मीदवार बनाया है. जबकि बीजेपी ने इस सीट से विवेक बंटी साहू को चुनावी मैदान में उतारा है।

कैलाश ने इशारों में कमलनाथ पर कसा तंज

डबल इंजन की सरकार का संकल्प है..

इसी के चलते कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने आयोजित बैठक में सहभागिता कर नगर निगम के पार्षद गणों के साथ संवाद किया. कहा कि गरीब कल्याण और प्रदेश एवं देश का विकास भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार का संकल्प है। पूरा विश्वास है कि परिवार जनों के प्रेम, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा संपूर्ण देश में विजय का कीर्तिमान बनाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा में बीजेपी का झंडा गाड़ने की जिम्मेदारी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को सौंपी है।

पिता की परंपरागत हाजीपुर सीट से ही रण में उतरेंगे चिराग

1977 के चुनाव के बाद हाजीपुर सीट पर रामविलास पासवान का दबदबा बना रहा

■ **1984 और 2009 का चुनाव छोड़कर वो सभी चुनावों में जीतकर 9 बार सांसद रहे**

पटना(वार्ता)। बिहार में एनडीए के सीट बंटवारे के दो दिन बाद चिराग पासवान ने बड़ा ऐलान किया है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के चीफ चिराग पासवान अपने पिता की परंपरागत हाजीपुर सीट से ही चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने बुधवार को इसका ऐलान किया है। खास बात यह है कि चिराग पासवान के पिता दिवंगत रामविलास पासवान हाजीपुर सीट से 9 बार सांसद रहे। 1977 के चुनाव में रामविलास पासवान ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को सवा चार लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। ये पहली बार था जब किसी नेता ने इतनी बड़ी जीत हासिल की थी। ये जीत इतनी बड़ी थी कि उनका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज किया गया।

2 दिन पहले हुआ सीटों का बंटवारा

दो दिन पहले (18 मार्च) ही एनडीए में बिहार की लोकसभा सीटों को लेकर बंटवारा हुआ है. इस बंटवारे में बीजेपी 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जेडीयू के खाते में 16 सीटें आई हैं. चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 5 सीटें मिली हैं। वहीं, जीतनराम मांझी की पार्टी एचएएम को 1 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल को एक सीट मिली है।

2019 में हाजीपुर से जीते थे पशुपति

1977 के चुनाव के बाद हाजीपुर सीट पर रामविलास पासवान का दबदबा बन गया। 1984 और 2009 का चुनाव छोड़कर वो बाकी सभी चुनावों में यहां से जीते। वो यहां से 9 बार सांसद रहे। आखिरी बार रामविलास पासवान ने 2014 में यहां से लोकसभा चुनाव लड़ा, इसके बाद वो राज्यसभा में चले गए। 2019 में उनके छोटे भाई पशुपति पारस यहां से सांसद बने।

चिराग के खाते में आईं ये 5 सीटें

चिराग पासवान को इस बार 5 लोकसभा सीटें मिली हैं, जिनमें वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई शामिल हैं। हालांकि, फिलहाल इन पांचों सीटों से पशुपति पारस की पार्टी के नेता सांसद हैं. दरअसल रामविलास पासवान के निधन के बाद लोजपा में फूट पड़ गई थी।

पशुपति पारस को 1 भी सीट नहीं

चिराग पासवान के चाचा और आरएलजेपी प्रमुख पशुपति पारस को ह्ष्ठ के सीट बंटवारे में एक भी सीट नहीं मिली है। इस बात से वह काफी नाराज भी हैं। पशुपति पारस ने एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दिया है। इस्तीफा देते समय उन्होंने कहा था कि उनके और उनकी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है।

कांग्रेस ने महाराष्ट्र में एमवीए के लिए बनाया सीट शेयरिंग का 23-14-6 फॉर्मूला

नई दिल्ली। कांग्रेस 21 मार्च को महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी के साथ सीट-शेयरिंग फार्मूले को अंतिम रूप दे सकती है. सूत्रों की मानें तो महाराष्ट्र में कांग्रेस ने गठबंधन के लिए 23-14-6 फॉर्मूले पर चर्चा की है. अगर वंचित बहुजन आघाडी प्रमुख प्रकाश अंबेडकर महाविकास आघाडी में शामिल होते हैं तो उनकी पार्टी को गठबंधन में 4 सीटें मिलेंगी. अगर वह गठबंधन से बाहर रहने का फैसला करते हैं, तो कांग्रेस को 4 और सीटें मिल जाएंगी.

इस फार्मूले के तहत उद्धव ठाकरे की पार्टी को 23 सीटें मिल सकती हैं. शरद पवार की एनसीपी के खाते में 6 सीटें आएंगी और कांग्रेस 19 सीटों पर लड़ सकती है. सीट बंटवारे की अंतिम घोषणा 21 मार्च को मुंबई में होने की संभावना है. सूत्रों के मुताबिक, प्रकाश अंबेडकर ने कांग्रेस नेतृत्व को पत्र लिखकर कहा है कि उनकी वंचित बहुजन अघाड़ी सात लोकसभा सीटों पर पार्टी को बाहर से समर्थन देगी. वंचित बहुजन अघाड़ी अभी तक एमवीए का हिस्सा नहीं है.

महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें

कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में बैठक की और विभिन्न राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की. महाराष्ट्र के अपने उम्मीदवारों पर चर्चा करने और उन्हें अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज होगी. स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले शामिल थे. महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं, जो उत्तर प्रदेश के बाद सीटों के लिहाज से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है. यूपी में 80 लोकसभा सीटें हैं.

पश्चिम बंगाल पर भी हुई चर्चा

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने वाम दलों के साथ गठबंधन में पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार-विमर्श किया. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में हुई.

लोकसभा चुनाव में ब्रू समुदाय के मतदाता त्रिपुरा की दोनों सीटों पर करेंगे मतदान

अगरतला, (वार्ता)। त्रिपुरा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पुनीत अग्रवाल ने बुधवार को यहां कहा कि मिजोरम में ब्रू समुदाय के लगभग 17 हजार मतदाता 19 और 26 अप्रैल को आगामी लोकसभा चुनाव में त्रिपुरा की दोनों सीटों पर मतदान करेंगे। त्रिपुरा ने आगामी आम चुनावों के लिए लगभग 28.58 लाख मतदाताओं को पंजीकृत किया है। इस चुनाव के लिए पश्चिम त्रिपुरा में लगभग 14,62,875 और पूर्वी त्रिपुरा में 13,95,121 मतदाताओं ने नामांकन कराया।

अग्रवाल ने कहा कि मिजोरम सरकार उन्हें वापस लेने के लिए सहमत नहीं हुई और अंततः त्रिपुरा सरकार मानवीय आधार पर उन्हें राज्य के चयनित स्थानों पर पुनर्वास करने के लिए सहमत हो गई। पुनर्वास की प्रक्रिया अभी भी जारी है। अब तक, 12 हजार से अधिक ब्रू समुदाय के मतदाताओं को पूर्वी त्रिपुरा संसदीय क्षेत्र में पुनर्स्थापित किया गया है और पश्चिम त्रिपुरा के बाकी लोग संबंधित स्थानों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

सुरक्षा में 70 कंपनियां तैनात

उन्होंने रेखांकित किया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से काफी पहले अब तक पूरे त्रिपुरा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की करीब 70 कंपनियां तैनात की जा चुकी हैं अग्रवाल ने कहा, त्रिपुरा में मतदाता जनसंख्या अनुपात में सुधार के कारण इस बार सहायक केंद्रों सहित कुल 3,350 मतदान केंद्र हैं, जो 667 से बढ़कर 675 हो गया है और लिंग अनुपात 989 से बढ़कर 991 हो गया है।

पंजाब में अभी खत्म नहीं हुई एसएडी-बीजेपी गठबंधन की संभावना

चंडीगढ़/वार्ता। पंजाब में राजनीतिक परिदृश्य में एक बार फिर हलचल देखने को मिल रहा है. लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बीच गठबंधन को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है. बता दें कि निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है. देश भर में मतदान की प्रक्रिया सात चरणों में संपन्न होगी. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठें चरण के लिए 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को वोट डाले जाएंगे. नतीजे 4 जून को आएंगे.

ओडिशा में बीजेडी ने शुरू किया उम्मीदवारों का सेलेक्शन

नई दिल्ली। ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल ने बीजेपी के साथ गठबंधन पर बात बनने से पहले ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. एजेंसी के मुताबिक पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री और बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने भी अपनी पार्टी के नेताओं से राजधानी भुवनेश्वर में रहकर टिकटों की पैरवी करने के बजाय अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर पूरा ध्यान देने को कहा.

बीजेडी के एक सीनियर नेता का कहना है कि हम (गठबंधन पर) बीजेपी के फैसले का इंतजार किए बिना अपने उम्मीदवारों का चयन शुरू कर देंगे. हम देखेंगे कि बाद में क्या होगा.

Biju Janata Dal

दिल्ली पहुंचे हैं कुछ नेता

ओडिशा से बीजेपी की एक टीम पिछले दो दिनों से बीजू जनता दल के साथ सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए है और केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक कर रही है. राज्य में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 25 मई और 1 जून को होंगे. बीजू जनता दल ने अपने नेताओं को निर्देश दिया है कि वे निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में पार्टी अधिकारियों को जानकारी देते रहें. पटनायक ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में नेताओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दो मॉनीटरिंग सेल खोले हैं, एक उनके घर 'नवीन निवास' में और दूसरा राज्य पार्टी मुख्यालय 'संखा भवन' में. नेताओं से कहा गया है कि वे निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों की तस्वीरें भी भेजें.

सियासी नियत... लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने कमर कसी

डीएमके का वादा.. इस चुनाव का पहला घोषणापत्र

चेन्नई(ए.)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को अपनी पार्टी डीएमके का चुनावी घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र जारी करते समय स्टालिन की बहन कनिमोझी और अन्य पार्टी नेता भी मौजूद थे। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए डीएमके ने उम्मीदवारों की लिस्ट का भी ऐलान किया है।

पार्टी ने घोषणापत्र में पुडुचेरी के लिए राज्य का दर्जा और नीट परीक्षाओं पर बैन लगाने का वादा किया है। पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के बाद स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमके पार्टी चुनाव से पहले घोषणापत्र तैयार करती है और हम अपने वादों पर खरा उतरते हैं। हमारे नेताओं ने हमें यही सिखाया है। तमिलनाडु की भलाई के लिए द्रविड़ मॉडल के तहत जो योजनाएं लागू की गईं, उन्हें देशभर में शुरू किया गया। स्टालिन ने अपनी बहन की सराहना करते हुए कहा कि कनिमोझी हर जिली के लिए योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतरीन घोषणापत्र तैयार किया है।

स्टालिन ने कहा कि जैसा कि कनिमोझी ने कहा कि हमने पूरे राज्य का दौरा किया और लोगों की बातें सुनीं. ये सिर्फ डीएमके का मैनिफेस्टो नहीं है बल्कि लोगों का मैनिफेस्टो है। उन्होंने कहा कि जब 2014 में बीजेपी सत्ता में आई थी, उन्होंने देश को बर्बाद कर दिया। उन्होंने अपना कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया। हमने इंडिया गठबंधन बनाया और हम 2024 में सरकार बनाएंगे।

डीएमके के घोषणापत्र में क्या है खास...

❍ राज्यों को संघीय अधिकार देने के लिए भारतीय संविधान में बदलाव किया जाएगा। ❍ चेन्नई में सुप्रीम कोर्ट की ब्रांच खोली जाएगी। ❍ पुडुचेरी के लिए राज्य का दर्जा। ❍ राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वापस लिया जाएगा। ❍ महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण को लागू किया जाएगा। ❍ सरकारी स्कूलों के लिए सुबह के भोजन की योजना। ❍ नीट पर बैन लगाया जाएगा। ❍ देशभर की महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये। ❍ टोल गेट हटाए जाएंगे। ❍ सीएए को हटाया जाएगा। ❍ छात्रों की शिक्षा के लिए लिए गए कर्ज को रद्द किया जाएगा। ❍ राज्यपाल को शक्तियां देने वाले आर्टिकल 361 को निरस्त किया जाएगा। ❍ नए आईआईटी, आईआईएम और आईआईएससी का गठन किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

डीएमके ने लोकसभा चुनावों के लिए 21 उम्मीदवारों की नई लिस्ट जारी की है. इस लिस्ट में 11 नए चेहरों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में जिन लोगों को टिकट दिया गया है, उनमें चेन्नई सेंट्रल सीट से दयानिधि मारन, चेन्नई नॉर्थ से कलानिधि वीरासामी, तूतीकोरिन से कनिमोझी, श्रीपेरुंबुदुर से टी आर बालू, नीलगिरी से ए राजा और कोयबंटूर से गणपति राजकुमार, वेल्लोर से कातिर आनंद, धर्मपुरी से ए मणि, सेलम से सेल्वागणपति, पेराम्बलूर से अरुण नेहरू प्रमुख हैं।

क्या वरुण और स्वामी प्रसाद को सपा देगी टिकट?

पटना। लोकसभा चुनाव की बिगुल बज चुका है। आज से पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, लेकिन वरुण गांधी को बीजेपी से टिकट दिए जाने पर सस्पेंस बरकरार है. इस बीच, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान आया है।



अखिलेश से वरुण गांधी को सपा से टिकट दिए जाने का सवाल किया गया तो उन्होंने इशारों में पार्टी के दरवाजे खुले होने के साफ संकेत दिए हैं। इसी तरह, सपा छोड़कर नई पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर भी अखिलेश का रुख देखने को मिला है।

दरअसल, यूपी की पीलीभीत सीट के लिए पहले चरण में वोटिंग होनी है. इसके लिए आज से नॉमिनेशन शुरू होने जा रहे हैं. लेकिन अब तक बीजेपी और सपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं. इस सीट से वरुण गांधी सांसद हैं. पिछले कुछ साल से वो राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हैं. वरुण की नाराजगी सार्वजनिक है. ऐसे में अब चर्चा उनके सियासी भविष्य को लेकर भी होने लगी है। वरुण गांधी का क्या होगा?

न्यूज गैलरी

समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन हेतु राज्य सरकार के समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे तथा आयोग के नियंत्रण में रहेंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटलनगर से आज इस आशय के अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के प्रावधान के अनुसरण में तथा भारत निर्वाचन आयोग के परिपत्र में दिए गए निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए, लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा पदाभिहीत समस्त पुलिस अधिकारी, ऐसे निर्वाचन की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना दिनांक से प्रारंभ होकर एवं ऐसे निर्वाचन के परिणामों के घोषित किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे और तद्नुसार, ऐसे पुलिस अधिकारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन होंगे।

आचार्य दीदियों को दिया बाल उद्यान का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम भारती जिला रायपुर द्वारा संचालित तुलसी संकुल तरपोंगी, सांकरा, कुथरेल, किरना, रायखेड़ा, तुलसी, देवरी सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदीयों का एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ग्राम भारती के जिला कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जानकारी प्रदान की। जिला समन्वयक टीकाराम द्वारा अभिभावक संपर्क कैसे करें इसके बारे में जानकारी दी गई। तरपोंगी प्रशिक्षक दीदी सुमन साहू द्वारा शिशु वाटिका से संबंधित और किरना की प्रशिक्षक दीदी रामेश्वरी द्वारा हिंदी विषय से संबंधित जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण वर्ग में 7 विद्यालय से 65 दीदी और 5 आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में तुलसी विद्यालय के अध्यक्ष राघवेन्द्र वैष्णव ने दीप प्रज्ज्वलित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में तरपोंगी के प्रधानाचार्य तुलसीराम, सांकरा के प्रधानाचार्य संगीता वर्मा, देवरी प्रधानाचार्य येलन वर्मा, रायखेड़ा से थानेश्वर सोनवानी, कुथरेल से राधा गोस्वामी, तुलसी से अन्नपूर्णा वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

होली की तैयारी में जुटा निगम

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा होलिका दहन के दिन 25 मार्च तथा 26 मार्च को होली खेलने के दिन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। होलिका दहन स्थलों पर मुरुम बिछाने और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति रखने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि शहर के प्रस्तावित होलिका दहन स्थल पर मुरुम पहले से ही बिछा दिया जाए। इससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही होलिका समितियों को भी कहा जाए कि मुरुम के ऊपर ही होलिका जलाई जाए। इस कार्य के लिए मुरुम के साथ ही रेत का भी उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होली पर्व पर प्रत्येक घर पर पर्याप्त पानी पहुंचे , इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

निगरानी दलों द्वारा दो करोड़ रुपए से अधिक की नगदी और वस्तुएं जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है। राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से अब तक दो करोड़ रुपए से अधिक की अवैध धनराशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 19 मार्च तक 47 लाख 55 हजार रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई हैं। इस दौरान 3896 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत आठ लाख 87 हजार रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 73 लाख 17 हजार रुपए कीमत के 195 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 51 लाख 90 हजार रुपए कीमत के 840 ग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं।

एसीबी-ईओडब्लू के दो निरीक्षकों का हुआ तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। अचार संहिता लगने के बाद तबादले की एक और सूची सामने आई है। इस बार आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एंटी करप्शन ब्यूरो के दो निरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षक मुकेश सोम को बीजापुर और मुकेश यादव को सुकमा में नई पोस्टिंग दी गई है। पिछले सप्ताह ही दोनों को ईओडब्ल्यू एसीबी में पोस्टेड किया गया था। लेकिन यहां उनहें ज्वाइनिंग नहीं मिल पाई थी। इसी बीच दोनों को फिर से नई पदस्थापना दी गई है।

घर बैठे जुड़वाएं मतदाता सूची में नाम

रायपुर, /नवप्रदेश। चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है. जिसमें वोट करने के लिए आपके पास वोटर आईडी कार्ड होना चाहिए. लेकिन जरा सोचिए जिनके पास ये नहीं है वो कैसे वोट करेंगे? क्या वो वोट कर पाएंगे? ऐसे में अगर आपकी उम्र 18 साल या इससे अधिक हो गई है और आपके पास भी वोटर आईडी कार्ड नहीं है, तो आप घर बैठे ही वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं.

राज्यपाल ने दिलाई शुक्ल और चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त की शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज यहां राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त श्री नरेंद्र कुमार शुक्ल एवं श्री आलोक चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई।

शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम. के. राउत, श्री सरजियस मिंज, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त श्री एस. के. तिवारी, श्री ए.के. अग्रवाल, श्री मोहन पवार, श्री मनोज त्रिवेदी, श्री धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव श्री गोपाल वर्मा सहित श्री आई.पी. मिश्रा, श्री राकेश चतुर्वेदी, डॉ. सुरेंद्र शुक्ल, श्री एल.एन. तिवारी, श्री अंजनी कुमार शुक्ल, श्री डी.सी. पाण्डेय, श्री अनुराग दीवान एवं नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों के परिजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि राज्य सूचना आयुक्त श्री नरेंद्र कुमार शुक्ल सेवानिवृत आई.ए.एस. अधिकारी है, एवं कलेक्टर बालोद एवं कमिश्नर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आदि पदों पर कार्यरत रहें। श्री आलोक चंद्रवंशी पूर्व जोन कमिश्नर रहे हैं।

गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई

प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने वाले 10 दुकानदारों से वसूला जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में सघन स्वच्छता अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है. कचरा एवं गंदगी फैलाने वाले एवं दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने सहित प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने वाले दुकानदारों से तत्काल प्रतिबंधित पॉलीथिन की जब्ती करके उन्हें नियमानुसार कड़ी चेतावनी देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। इसके साथ ही सम्बंधित दुकानदारों से दुकान में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने एवं सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में नियमित देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील की जा रही है। इस क्रम में नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जोन 7 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आमापारा सब्जी बाजार क्षेत्र में 8 दुकानों में गंदगी कचरा फैलाने पर 2700 रूपये , 2 दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर 200 रूपये, कुल 10 दुकानों पर कुल मिलाकर 2900 रूपये का जुर्माना भविष्य के लिए सम्बंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देकर वसूला। सभी जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने एवं स्वच्छता बनाये रखकर दुकान का सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को नियमित देकर राजधानी शहर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील करके समझाईश सभी जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में दी, अन्यथा की स्थिति में अभियान लगातार चलाकर दुकानों में गंदगी मिलने, डस्टबिन नहीं मिलने की स्थिति में सम्बंधित दुकानदारों पर जुर्माना करने की चेतावनी दी गयी।

सोनडोंगरी तालाब का निगम और स्मार्ट सिटी के अफसरों ने किया निरीक्षण

- **टोवाल बनाने रखी मिट्टी को कार्य पूर्ण होते ही हटाया गया, कार्य प्रगति पर**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 के क्षेत्र के तहत सोनडोंगरी तालाब का निरीक्षण नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव ने स्मार्ट सिटी कार्यपालन अभियंता श्री अग्रवाल, जोन सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, स्मार्ट सिटी उप अभियंता श्री शुभम तिवारी की उपस्थिति में किया। अधिकारियों ने सोनडोंगरी तालाब में टोवाल के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। टोवाल के कार्य के चलते वहाँ रखी गयी मिट्टी को हटा दिया गया है। कार्य प्रगति पर है. शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। सोनडोंगरी तालाब को पाटे जाने की जनशिकायत पर किये गए निरीक्षण के दौरान तालाब पाटे जाने की शिकायत सही नहीं पायी गयी।

मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ीः कलेक्टर सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी सभाकक्ष में आज लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्य शाला में शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगा। आपके कुशल दक्षता से मतदाताओं को भी सहयोग होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आप सभी को क्राइसेस मैनेजर की भूमिका का निर्वहन करना है। आपको यह बताना होगा कि चुनौती और संकट का सामना किस प्रकार किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस निर्वाचन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि निर्वाचन में ड्यूटी लगे कर्मचारियों का मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित, प्रति, डाक मत पत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं अब 14 मई से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 अब 14 मई 2024 से प्रारंभ होगी। लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद पूर्व में जारी समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के प्रभारी सचिव श्री पी. पी. द्विवेदी ने बताया है कि प्रदेश में तीन चरणों में मतदान की घोषणा की गई है। मतदान की तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समय-सारिणी में संशोधन किया गया है।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं 14 मई से प्रारंभ होकर 27 मई तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित है। राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को विशिष्ट उर्दू, 16 मई को विज्ञान, 18 मई को सामाजिक विज्ञान, 20 मई को गणित, 22 मई को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य संस्कृत, 24 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 14 मई को सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी, 16 मई को भूगोल, रसायन, लेखा शास्त्र, 18 मई को अर्थ शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 20 मई को राजनीति शास्त्र, 22 मई को विशिष्ट उर्दू, 24 मई को समाज शास्त्र, 27 मई को इतिहास, भौतिकी, व्यवसाय अध्ययन के पर्चे होंगे।

उर्दू अदीब प्रमाण-पत्र परीक्षा के तहत 14 मई को नस्र एवं तारीख़ उर्दू, 16 मई को सामान्य अंग्रेजी, 18 को जनरल साइंस, समाजी उलूम व हिन्दी, 20 मई को नज़्म, इन्शा व क़वायद उर्दू तथा उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को तारीख़ अदब उर्दू व समाजी उलूम, 16 मई को नस्र उर्दू व क़वायद उर्दू, 18 मई को नज़्म उर्दू व तर्जुमा निगारी, 20 मई को सामान्य अंग्रेजी तथा 22 मई को जनरल साइंस, इंशा व हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1720 बच्चों का स्वर्णप्राशन

रायपुर/नवप्रदेश। बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में आज 1720 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235 और 21 फरवरी को 1402 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

आदर्श आचरण संहिता के लिए प्रतिबद्धता आवश्यक : कलेक्टर डॉ गौरव सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराना है। इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं। सभी के सहयोग से आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कर पाएंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिंह द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ली गई।

बैठक के दौरान आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई तथा संहिता का आवश्यक रूप से पालन करने की अपेक्षा राजनीतिक दलों से की। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि नामांकन के समया किसी प्रत्याशी एवं उसके समर्थकों के तीन से अधिक वाहन आरओ या एआरओ कार्यालय के 100 मीटर के दायरे के भीतर नही आएंगे। मतदान के दिन प्रत्याशियों को केवल तीन वाहनों की संचालन की अनुमति होगी.एक स्वयं के लिए एक निर्वाचन अभिकर्ता के लिए और एक कार्यकर्ताओं के लिए। इन वाहनों के लिए अनुमति पत्र सक्षम प्राधिकारी जारी करेंगे और यह अनुमति पत्र वाहनों के सामने शीशे पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रचार में लगे वाहन किसी भी स्थिति में तीन से अधिक के काफिले में नही चलेंगे।

कार्यशाला | निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों का 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' के माध्यम से होगा त्वरित निराकरण

विभागीय नोडल अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त निर्वाचन संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव ने आज प्रशिक्षण आयोजित कर विभागीय नोडल अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग साफ्टवेयर' के माध्यम से निर्वाचन संबंधी शिकायतों के प्रभावी निराकरण के संबंध में आईटी विभाग के अधिकारियों ने नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

बैठक में एनआईसी से श्री असीम थवाईत ने जानकारी दी कि निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 'कंप्लेंट मॉनिटरिंग सिस्टम' (सीएमएस) तैयार किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को डिजिटाइज्ड शिकायत भेजकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाता है।

विभागीय नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि निर्वाचन के दौरान विभिन्न माध्यमों से मैन्युअली प्राप्त शिकायतों को डिजिटाइज्ड किया जाएगा। साथ ही सी-विजिल अथवा सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी प्रिन्ट निकालकर डिजिटाइज्ड कर संबंधित विभाग के नोडल अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रेषित किया जाएगा। नोडल अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में त्वरित निराकरण करेंगे और इसकी जानकारी तत्काल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को देंगे। प्रशिक्षण में अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

सुविचार

दूसरों की खुशी में अपनी खुशी देखना बहुत बड़ा हुनर है और जो व्यक्ति यह हुनर जानता है वह कभी दुखी नहीं रहता। - अज्ञात

संपादकीय

विवादास्पद बयानबाजी से बचें नेता

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। इसी के साथ चुनाव समर में उतरी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का धुआंधार चुनावी दौरा भी शुरू हो गया है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दक्षिण भारत में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। और इस दौरान वे आईएनडीआईए पर जमकर निशाना साध रहे हैं। पीएम मोदी को विपक्षी नेताओं ने ही अपने ऊपर शब्द बाण चलाने का मौका दिया है। पहले पहल राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने उनपर व्यक्तिगत टिप्पणी की थी और पीएम मोदी के परिवार को लेकर विवादास्पद बयान दिया था। लालू प्रसाद यादव के बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाकायदा मेरा परिवार मोदी परिवार कैंपेन ही शुरू कर दिया। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यही गलती कर दी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर उन्होंने मुंबई में आयोजित आईएनडीआईए की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर व्यक्तिगत हमला तो किया ही साथ ही उन्होंने हिन्दू धर्म की शक्ति को लेकर बेहद विवादास्पद बयान दे डाला की वे इस शक्ति को खत्म कर देंगे। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के इस बयान को लेकर भी आईएनडीआईए पर जमकर हल्ला बोला। दक्षिण भारत की चुनावी सभाओं में उन्होंने इस मुद्दे को जमकर उछाला और आईएनडीआईए पर निशाना साधते हुए कहा कि हिन्दू धर्म में शक्ति का मतलब देवी शक्ति होता है। और हम माताओं, बहनों और बेटियों को शक्ति के रूप में पूजते हैं जबकि आईएनडीआईए वाले इस शक्ति को खत्म करने की बात कर रहे हैं। पीएम मोदी के इस बयान के बाद भाजपा नेताओं ने भी राहुल गांधी के बयान को लेकर उनकी क्लास लगानी शुरू कर दी। इसके बाद राहुल गांधी ने सफाई दी है कि शक्ति के बारे में उनके बयान का गलत मतलब निकाला जा रहा है और उसे तोड़- मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। जबकि राहुल गांधी के उद्बोधन को सारे देश ने सुना है। राहुल गांधी के बयान के बचाव में उनकी पार्टी के कई नेता सामने आए हैं और कुतर्क देकर राहुल गांधी के बयान को सही साबित करने की नाकाम कोशिशें कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को चाहिए की वे अपनी वाणी पर संयम रखें एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप जरूर लगाएं लेकिन किसी भी नेता पर व्यक्तिगत हमले करने से बचें। खासतौर पर ऐसे बयान तो हरगिज न दें जिससे किसी धर्म के लोगों की भावनाएं आहत होती हों। ऐसे बयानों से इन बड़बोले नेताओं को कुछ भी हासिल नहीं होगा उल्टे उन्हें इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। गौरतलब है कि हाल ही में चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए एडवाइजरी जारी की थी कि वे प्रधानमंत्री पद की गरिमा को देखते हुए पीएम मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचे। किन्तु राहुल गांधी ने इस नसीहत को नजरअंदाज किया और विवादित बयान देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने ऊपर हमला करने का नया हथियार मुहैया करा दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य नेता चुनावी सभाओं के दौरान विवादास्पद बयानबाजी से परहेज करेंगे। अन्यथा उन्हें इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में करारी हार के रूप में भुगतना पड़ सकता है। इसके पूर्व 2019 और 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चाय वाला और चौकीदार चोर है जैसे संबोधनों से संबोधित किया था और उनके खिलाफ अभद्र टीका टिप्पणी की थी। उसका परिणाम क्या निकला यह सभी जानते हैं। अब फिर एक बार कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता वही गलती दोहरा रहे हैं। जो उनकी अपनी पार्टी के ही हित में नहीं है।

ओलावृष्टि प्रभावित किसानों की सुध ले सरकार

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। पिछले दो दिनों से प्रदेश के अधिकांश हिस्से में आंधी तूफान और बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने के कारण गेहूं और चना सहित हरी साग सब्जियों की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। खासतौर पर जहां ओलावृष्टि ज्यादा हुई है। वहां के किसानों को तो बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में राज्य सरकार को तत्काल प्राकृतिक आपदा पीड़ित किसानों की सुध लेनी चाहिए और फसलों को हुई क्षति तत्काल आंकलन कराकर किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है लेकिन किसान भाइयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। जल्द ही फसलों को हुई क्षति का आंकलन कराकर राज्य सरकार किसानों को राहत देगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद चिंतित किसानों को जरूर राहत महसूस हो रही है कि उन्हें हुए नुकसान की भरपायी हो जाएगी। किसानों का सरकार के प्रति यह विश्वास बना रहे इसके लिए आवश्यक यह है कि राज्य सरकार तत्काल वर्षा और ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर फसलों को हुई क्षति का आंकलन कराएं और जल्द से जल्द प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करें।

चुनाव तारीखों का ऐलान-राजनीतिक पार्टियों के बीच धमासान

किशन भावनानी

अधिकतर चुनावों की तरह किसानों के मुद्दे इस बार भी महत्वपूर्ण होंगे।विचारधाराओं का टकराव,यह चुनाव एक महत्वपूर्ण चरण का भी प्रतीक है जिसे कई लोग दोनो पार्टियों के बीच विचारधाराओं की लड़ाई' कहते हैं. दोनों पार्टियां अपने वैचारिक सिद्धांत लोगों के सामने रखेंगी और उनसे किसी एक को चुनने के लिए कहेंगी।विकसित भारत का दृष्टिकोण। पीएम ने कहा है कि देश का लक्ष्य एक विकसित राष्ट्र बनना है।उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार 2047 तक इस लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है. विकसित भारत का दृष्टिकोण भाजपा के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, जबकि विपक्ष इसे एक और जुमला करार दे रहा है। हालांकि, चुनाव अभियान के दौरान यह एक प्रमुख विषय बना रहेगा। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को 3 बजे चुनाव तारीखों की घोषणा की करें तो,निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी।

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का पूरा शेड्यूल घोषित हो चुका है और इसके साथ ही आचार संहिता अधिसूचना जारी होते ही मॉडल ऑफ कोड आफ कंडक्ट याने आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत देशभर में अभियान चलाकर राजनितिक दलों के होर्डिंग बैनर पोस्टर उतारे जा रहे हैं, यही नहीं सरकारी योजनाओं के पोस्ट भी उतार दिए जाएंगे।

अब आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी सीधे चुनाव आयोग को दी जा सकती है, जिस पर चुनाव आयोग तेज रफ्तार से कार्यवाही करेंगे। मेरा मानना है कि यह बता देना जरूरी है कि लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है,परंतु सरकारी काम बंद नहीं होते उन्हें हमारा काम करना पड़ता है हमारा हर सरकारी काम होते रहेगा। सड़क पानी बिजली चालू सहायता परियोजनाएं सब चालू रहेंगे मकान की परमिशन का अगर पहले आवेदन दे दिया है तो पास होगा हमें कोई पोस्ट या मेल करते समय आचार संहिता के नियम पढ़ लेने चाहिए, नहीं तो जेल जाना पड़ सकता है।

आचार संहिता का हम उल्लंघन नहीं कर सकते ठीक वैसे ही हम टीवी चैनल सोशल मीडिया पर आज से ही देख रहे हैं कि फिर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं डिबेट आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। 400 प्लस का बयान, अनेक पार्टियों 00 का बयान, विपक्ष का सत्ता में आने का बयान सहित अनेक बयानों पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर बयानबाजी से शब्दों का घमासान शुरू हो गया है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है और राजनीतिकपार्टियों में घमासान शुरू हो गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजर लगी हुई है,इसको हर मतदाताओं ने रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद चुनाव प्रचार के मुद्दों, बयानों, प्रतिक्रिया गांव की करें तो, मोदी की गारंटीए:प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है कि इस चुनाव में उनके प्रचार अभियान का मुख्य विषय मोदी की गारंटी रहने वाला है. पीएम और पार्टी के अनुसार, 'मोदी की गारंटी' युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और उन सभी हाशिए पर पड़े और कमजोर लोगों के लिए एक गारंटी है जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है।कांग्रेस की न्याय गारंटीः देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के राज्य चुनावों में कुछ हद तक फायदा होता दिखा, जब उसने लोगों को गारंटी दी। अब लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी ने युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ 'भागीदार न्याय' के उद्देश्य से अपनी 5 'न्याय गारंटी' की बात की है। मणिपुर से मुंबई तक युवा नेता की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों के सामने न्याय की गारंटी पेश की गई है। विपक्षी पार्टि काघोषणापत्र इन गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार किए जाने की संभावना है और पार्टी अपना अभियान इन्हीं गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार करेगीबेरोजगारी और महंगाई -कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाता रहा है।

उन्होंने बार-बार कहा है कि नौकरियों की कमी सबसे बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश भी की है। पार्टी ने रोजगार वृद्धि और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए पलटवार किया है। इस चुनावी मौसम में रोज़ी-रोटी से जुड़े इन मुद्दों पर बहस तेज होगी।अनुच्छेद 370 सीएए और समान नागरिक संहिताये तीनों मुद्दे पार्टी के लंबे समय से किए गए वादों में शामिल रहे हैं।पार्टी ने संशोधितनागरिकता अधिनियम, 2019 केक्रियान्वयन और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अपनी उपलब्धि को पेश करना जारी रखा है। पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कानून तैयार करने के अपने उद्देश्य के अग्रदूत के रूप में उत्तराखंड में भी समान नागरिक संहिता पर एक कानून पारित किया है. मोदी सरकार ने इन कदमों से यह दिखाने का प्रयास किया है कि वो जो कहती है वो करती है। राम मंदिर बीते 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को पार्टीने जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया। विपक्षी नेता भी मानते हैं कि राम मंदिर से भाजपा को उत्तर भारत में फायदा हुआ है। विश्लेषकों का मानना है किपार्टी को कम से कम 370 सीटें मिलने का ज्यादातर भरोसा इसी राम मंदिर लहर से पैदा हुआ है।

चुनावी बॉण्ड मामलानिर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड का आंकड़ा सार्वजनिक कर दिया है. कांग्रेस ने चुनावी बॉण्ड योजना में कथित भ्रष्टाचार के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से उच्च स्तरीय जांच और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने की मांग की है।चुनाव से ठीक पहले यह मुद्दा सामने आया है और विपक्ष ने इसे हाथोंहाथ लिया है, लेकिन यह जमीनी स्तर पर काम करेगा या नहीं, यह अभी भी देखना बाकी है।

अमृत काल बनाम अन्याय काल,चुनावी मौसम के दौरान भाजपा का यह दावा होगा कि मोदी सरकार ने अमृतकाल में सुशासन, तेज गति से विकास और भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण का आश्वासन दिया है. दूसरी ओर, कांग्रेस ने मोदी सरकार के 10 वर्षों को 'बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, संस्थाओं पर कब्ज़ा, संविधान पर हमला और बढ़ती आर्थिक असमानताओं वाला अन्याय काल करार दिया है।किसानों के मुद्दे और एमएसपी की कानूनी गारंटीचुनाव से ठीक पहले दिल्ली के निकट किसानों का आंदोलन भी चर्चा में हावी रहने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। एक पार्टी ने किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। पार्टी नेता किसान नेताओं की चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं और वे आरोप लगाते रहे हैं कि कई आंदोलनकारी राजनीति से प्रेरित थे। सरकार ने इस बात पर भी जोर दिया है कि कैसे उसकी 'पीएम-किसान योजना' ने खेती करने वालों के जीवन को बदल दिया है।

आज का इतिहास

1804 में आज ही के दिन नेपोलियन ने फ्रांस की नागरिक संहिता को अपनाया था। 1836 में 21 मार्च के दिन ही कोलकाता में पहले सार्वजनिक पुस्तकालय की शुरुआत हुई थी और अब इसका नाम नेशनल लाइब्रेरी है। 1857 में आज ही के दिन जापान की राजधानी टोक्यो में आए जबरदस्त भूकंप में करीब 1,70,000 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1858 में 21 मार्च के दिन ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय सैनिकों ने लखनऊ में आत्मसमर्पण किया था। 1887 में आज ही के दिन मुंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी। 1935 में 21 मार्च के दिन ही फारसी भाषा वाले देश फारस का नाम बदलकर ईरान किया गया था। 1958 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने वायुमंडलीय परमाणु परीक्षण किया था। 1971 में 21 मार्च के दिन ही भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया था। 1975 में आज ही के दिन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अनुरोध पर धारा 352 के तहत आपातकाल की घोषणा की थी।1990 में 21 मार्च के दिन ही नाम्बिया को दक्षिण अफ्रीका से आजादी मिली थी। 2000 में आज ही के दिन गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तू उत्तर मैं दक्षिण

तू उत्तर मैं दक्षिण सजनी मैं दिनकर तू मेरी रजनी बिन तेरे सृष्टी की रचना नहीं है सँभव ओ मृगनयनी। नोक-झोंक जीवन में चलती दुनियाँ क्यों दुविधा में पलती नयी भोर का स्वागत करलें मान लें हम अपनी ही गलती।

-जे डी कुदाल

वसंत से पहले हर एक बार

वसंत से पहले हर एक बार मिलकर मिट्टी में लौटती हूं पेड़ के नज़दीक नहीं मिलता पेड़ वैसा जैसा छोड़ा था पतझड़ के मध्य पत्तियां सोचती हैं लालित्य अपना दिखाकर वसन्त कोमलता छीनकर पेड़ की फूलों में रस घोलता है फूल, टहनियों पर खिलते हैं पेड़, टहनियों का पिता होता है शिशु के विश्वास में पिता बूढ़ा ही जनमता है।

- कल्पना मनोरमा

खास पाती | यूं ख्यालों में खोने से क्या फायदा

यूं ख्यालों में खोने से क्या फायदा दर्द के बीज बोने से क्या फायदा। जिन्हें आंसू भी पानी नजर आते हों तो सामने उनके रोने से क्या फायदा। कोई अपना नहीं वक्त पड़ने तो दो मतलबी रिश्ते ढोने से क्या फायदा। हर कोई अपनी दुनिया में मशरूफ है फिर यूं पलकें भिगोने से क्या फायदा। ख्वाब में भी खुशी हासिल न हो फिर दिन रात सोने से क्या फायदा। चार दिन की मोहब्बत फिर तन्हाईयां फिर तेरे होने न होने से क्या फायदा। कोई शिकवा शिकायत जानिब नहीं पर बेवजह मुस्कराने से क्या फायदा।

- पावनी दीक्षित जानिब

चाहे मिल जाएँ मालो-ज़र तुमको !

चाहे मिल जाएँ मालो-ज़र तुमको ! क़द्र रिश्तों की हो मगर तुमको !! तर्के-ताल्लुक़ के बाद भी अब तक, ढूँढ़ती है मेरी नज़र तुमको ! सरे मंज़िल जुदा हुए हो जो , याद आएगा ये सफ़र तुमको ! बस ये किरदार पाक-साफ़ रहे, लोग समझेंगे मोतबर तुमको! आबो-दाना न मुस्तकिल हो गर, जीस्त रक्खेगी दर-बदर तुमको! तुम शनावर अगरचे माहिर हो, मिल ही जाएँगे फिर गुहर तुमको! जानो-दिल दे दिए तुम्हें ऐ 'वफ़ा', कौन चाहेगा इस क़दर तुमको! **- कविता सिंह**

कुछ ना हाँसिल होने वाला, जंगो से।

कुछ ना हाँसिल होने वाला, जंगो से। जल के मर जाओगे,कीट पतंगो से।। निकलो,जाति धर्म मजहब के दंगों से। जीवन को भरलो,खुशी के रंगों से।।

- राजकुमार शर्मा

वर्चस्व की लड़ाई में आदमीयत की हार

वर्चस्व की लड़ाई में आदमीयत की हार देख रहे हो न दोस्त ! ठीक ऐसा ही हुआ था औरतों के साथ बहुत पहले और उन्हें आज़ाद होते हुए लंबी काली सदियाँ बीत गईं विश्व पटल पर पागलों का राज इस धरती को एक बार फिर जन-वन हीन बनाने पर तुला है तुम क्यों अस्तित्व की नहीं सोचते ? मिला दिया जाएगा समंदर में फिर सभी की माटी को घोलकर और नए पुतले फिर रचेंगे स्वांग नए पाखंड का फिर से मरने को बच सकते हो सब, समय शेष है अन्यथा डूबेंगे सभी मृत्यु जाल में मैं नहीं मानता, अनभिज्ञ हो तुम हाँ, सच के लिए आलसी जरूर हो

- केदारनाथ शब्द मसीहा

बोलने पर लोग पीटे जाएँगे

बोलने पर लोग पीटे जाएँगे सोचने पर विचार पीटे जाएँगे और लिखने पर शब्द पीटे जाएँगे फिर गूँगा बनकर रहना पेन का निब को तोड़ देना और कागज़ को फाड़ देना जब जीने की सिर्फ़ ये ही तीन शर्त हो तब और भी ज़रूरी हो जाता है अपनी इस खूबसूरत दुनिया के लिए बेफिक्र होकर खूब बोलना , सोचना और लिखते जाना

- रामकिशोर उपाध्याय

यकीं सभी पे करके देखा



यकीं सभी पे करके देखा, लोग होते चालबाज़ हैं देकर अहमियत तो देखो, कैसे बदलते अंदाज़ हैं मिटा दी अपनी हस्ती भी, हमने तो ख़ातिर ग़ैरों की ऊँची परवाज़ भरेंगे अब , भले तिफ़्ल-मिज़ाज हैं

- नीरू निलोफर

प्रेरक प्रसंग

नेता नहीं, मैं तो खिदमतगार हूँ

श्री रफी अहमद किदवई के पास कुछ सज्जन अपने किसी कार्यवश पहुँचे। सामान्य शिष्टाचार के पश्चात् उन्होंने पूछा- कहिए, मैं क्या सेवा कर सकता हूँ आपकी ? आगंतुक बोले, देखिए हमारा सम्मेलन निकट ही है और हमें अभी तक टेलीफोन नहीं मिला है, इससे बड़ी असुविधा है और हाँ, आने वाले की संख्या बहुत अधिक है। सो यदि आप ट्रेन में एक विशेष बोगी और लगवा दें, तो बहुत सुविधा हो जाएगी और आप भी सम्मेलन में आने की अवश्य कृपा करेंगे। टेलीफोन लग गया।

नियत समय पर ट्रेन में विशेष बोगी की सुविधा भी मिल गई, किंतु तीसरी बात के उत्तर में उन्होंने कहा, सम्मेलन वगैरह से तो मैं दूर ही रहता हूँ। मैं नेता नहीं हूँ। खिदमतगार हूँ। मुझे तो इसी काम के लिए रहने दीजिए।

QUIZ TIME

1) केंचुए में टिफलोसोल का क्या कार्य है?

2) बच्चों में प्रोटीन की न्यूनता के कारण कौन सा रोग उत्पन्न होता है?

3) डेविस कप की तरह महिलाओं का टेनिस टूर्नामेंट कौन सा है?

4) भारतीय शास्त्रीय संगीत में खयाल और तराना के संस्थापक कौन माने जाते है?

5) 75 वें गणतंत्र दिवस में किस मलखम्ब कोच को पद्मश्री से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पाचन तथा अवशोषण (2) मरास्मस (3) फेड कप (4) अमीर खुसरो (5) उदय विष्णु देशपांडे

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:34, सूर्यास्त : 06:35, चन्द्रोदय : 14:07, चन्द्रास्तः :28:23, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : वणिज (13:19 तक), द्वितीय करण : विष्टि (26:22 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : कर्क, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 15:35 से 17:20, रवियोग : 06:20 से 22:38, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त : 18:26 से 18:50, सायाह्न सन्ध्या : 18:28 से 19:39, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:47, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:51 से 09:22, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (26:22 तक), भद्रावास : मृत्यु (13:19 से 26:22), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : क्रीड़ा में (26:22 से कैलाश पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन कलहकारी रहेगा। परिजन अथवा किसी प्रियपात्र के लिए मन मे ईर्ष्या के भाव पनपेंगे।

वृषः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आर्थिक रूप से दिन लाभदयक रहने पर भी मन किसी गुप्त चिंता के कारण व्याकुल रहेगा।

मिथुनः आज आपका ध्यान अपने लक्ष्य से भटकेगा इस कारण महत्त्वपूर्ण कार्य अन्य लोगो के भरोसे छोड़ेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। मेहनत का फल थोड़ी विलम्ब से लेकिन अवश्य मिलेगा।

सिंहः आज परिस्थितयां प्रतिकूल रहने वाली है आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ेगा किसी से सहयोग की आकांक्षा आज ना ही रखें।

कन्याः आज का दिन आपके लिये सम्मानजनक रहेगा। संध्या के समय थोडी गरमा गर्मी होने के बाद माहौल सामान्य हो जाएगा।

तुलाः आज मध्यान तक आपको किसी भी कार्य ने ज्यादा परिश्रम नही करना पड़ेगा जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे आगे से सहयोग मिलने लगेगा।

वृश्चिकः आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी।

धनुः आज दिन के आरम्भ से मध्यान तक शारीरिक शिथिलता के कारण किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा।

मकरः आज के दिन आपकी आवश्यकतायें अधिक रहेंगी लेकिन भाग्य इसकी तुलना में कम साथ देगा।

कुंभः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत परिश्रम वाला रहेगा आज आप मेहनत करने के पक्ष में बिल्कुल नही रहेंगे। महिलाये कुछ अनैतिक मांग पूरी करने पर घर का वातावरण कुछ समय के लिए अशांत बनाएंगी।

मीनः आज आपका व्यवहार एक समान नही रहेगा। पल पल में बदलती मनोदशा खुद के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -004

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 003 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

न्यूज गैलरी

अवकाश पर भी जमा होगा टैक्स

दुर्ग। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसुली की समीक्षा की। जिसमे उनके द्वारा राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक निशांत यादव व योगेश सुरे एवं स्पैरों साफ्टेक कंपनी के मैनेजर अंकुर राहुल की टैक्स की राशि वसुली बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि लोगो को टैक्स की राशि जमा करने मे असुविधा न हो इसलिए छुट्टी के दिन भी शनिवार एवम रविवार अवकाश को भी टैक्स राशि जमा करने हेतु कार्यालय को खुला रखने के निर्देश दिये। उन्होने समस्त नगर निगम क्षेत्र के करदाताओं से अपील भी की है कि वे अपने-अपने भवन (मकान / दुकानों) के टैक्स की राशि 31 मार्च 2024 के पूर्व जमा कर देवें एवं अधिभार पेनाल्टी शुल्क देने से बचे। 31 मार्च 2024 के बाद टैक्स की राशि जमा करने पर अधिभार एवं पेनाल्टी शुल्क की राशि के साथ टैक्स की राशि देय होगी।

निरीक्षण में पहुंचे नपा अध्यक्ष

जामुल। नगर पालिका परिषद क्षेत्र में मुलभुत कार्य तेजी से चल रहा है। सफाई कार्यो का निरीक्षण करने नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर लगातार सुबह से ही वार्डो में दौरा करते है और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही कहा कि मुलभुत समस्या या शिकायत पर तत्काल निराकरण होना चाहिए। नगर पालिका में नवपदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर कुमार पाण्डेय स्वयं ही अलसुबह सफाई कार्यो का लगातार प्रतिदिन निरीक्षण कर रहे है और संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित कर रहे की सफाई कार्य किसी भी नगर की पहली प्राथमिकता है इसे गंभीरता से लेना चाहियें।

बड़ी मात्रा में कच्ची शराब जप्त

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है।आबकारी विभाग एवं संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग के संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब विक्रय तथा निर्माण की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम घोरारी थाना रानीतराई जिला दुर्ग में आरोपी सरस्वती मारकण्डे व अकाश मारकण्डे के कब्ज से कुल 189.5 बल्क लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब एवम 1100 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया जाकर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 34(1) प्रकरण कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया।

मूल विभाग में होगी वापसी

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को सचिवालयीन सहायता हेतु उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उनके मूल विभाग में वापसी हेतु आदेशित किया है। शाउमाशा सुपेला भिलाई के सहायक ग्रेड-3 दीपक नायक, शाप्राशा कृष्णानगर सुपेला सहायक शिक्षक रविशंकर साहू, शाउमावि कोसानगर व्याख्याता राजेश पाण्डेय, शापूमावि झोला शिक्षक युवराज सिंह बेलचंदन, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई के प्रशिक्षण अधिकारी विद्युतकार (सं) भूपेश कुमार कौशिक व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर संतोष संगणक को संबंधित मूल विभाग में तत्काल उपस्थिति देकर जिला कार्यालय को अवगत कराने कहा गया है।

फसल नुकसान देखने खेतों में पहुंचीं कलेक्टर

कृषकों से रूबरू चर्चा कर क्षति देखी व 72 घंटे के भीतर क्षति की जानकारी देने कहा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दो दिवस जिले में हुई बारिश से हुए फसल नुकसान की जायजा लेने आज किसानों के खेतों तक पहुंची। इस दौरान कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी साथ मौजूद थे। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आज विकासखण्ड धमधा से बारिश प्रभावित गांव तुमाकला एवं खिलोराकला का भ्रमण कर कृषकों से रू-ब-रू चर्चा कर फसल क्षति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों को प्रभावित गांवों में फसल क्षति का आंकलन शीघ्र पूर्ण कर कृषक सूची तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रकरण तैयार कर मुआवजा/क्षतिपूर्ति की देने कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, चना एवं राई फसले अधिसूचित है। उक्त में 42253 हेक्टेयर क्षेत्र के 29408 कृषकों का फसल बीमा आवरण किया गया है। जिले में स्थानीय आपदा अंतर्गत असामयिक वर्षा/ओलावृष्टि के कारण रबी फसलों यथा चना एवं गेंहू फसल को क्षति हुई है। जिसमें विकासखण्ड धमधा के 127 ग्रामों में 9769.17 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र में से चना फसल रकबा 4691.55 हेक्टेयर में लगभग 56 प्रतिशत एवं गेंहू फसल रकबा 5077.62 हेक्टेयर में लगभग 40 प्रतिशत क्षति हुई है। उप संचालक कृषि एल.एम. भगत ने बताया कि कृषि विभाग के संयुक्त संचालक श्री आर.के. राठौर एवं वे स्वयं धमधा विकासखण्ड के ग्राम घोठा, नंदवाय और हिरेतरा में कृषकों के प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर उपस्थित कृषकों को स्थानीय आपदा से हुए क्षति की जानकारी 72 घंटे भीतर देने हेतु बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर सूचना देने की समझाईश दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित कृषकों को स्थानीय आपदा की स्थिति यथा अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भू-स्खलन, जलप्लावन, बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली से अधिसूचित फसल में नुकसान होने पर क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। कृषक को क्षति पूर्ति का लाभ लेने हेतु बीमा कंपनी एचडीएफसी ईरगो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के टोल फ्री नम्बर 1800-266-0700 एवं 14447 तथा व्हाटसप नम्बर 7304524888 पर सीधे सूचना दे सकते है। इसके अलावा स्थानीय कृषि/राजस्व अधिकारी, संबंधित बैंक या जिला कृषि/राजस्व अधिकारी को लिखित रूप से निर्धारित समय-सीमा में 72 घण्टे के भीतर बीमित फसल के ब्यौरा जैसे क्षति की मात्रा एवं क्षति के कारण सहित सूचित कर सकते है।

शोकाकुल परिवार से मिले विधायक गजेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बिजली करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के दो व्यक्तियों की मौत हो गई। गंजपारा के सोनकर परिवार में हुए दुःखद घटना के बाद विधायक गजेंद्र यादव आज मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बँधाया, बिजली करेंट की घटना में परिवार के बहू मंजू सोनकर एवं ससुर शेखर सोनकर की मौत होने से परिवार पर दुःख का पहाड़ सा टूट गया। विधायक ने परिजन से कहा की इस दुःख की घड़ी में हम सब साथ है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की बिजली करंट लगने से एक ही परिवार के दो व्यक्तियों के निधन सुनकर मन व्यथित हुआ। शोकाकुल परिवार के गंजपारा स्थित निवास पहुंचकर परिजन से मुलाकात कर शोक सांत्वना व्यक्त किया। परिजनों ने बताया की मृतक शेखर सोनकर ही घर के आधार थे, उन्ही के कमाई से परिवार का खर्च चल रहा था, उनके आर्थिक स्थिति को देखते हुए दशगात्र कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहायता दिया। घटना में मृतका मंजू के दो छोटे बच्चे है उनका भविष्य अच्छा रहे इसके लिए राज्य शासन की ओर मुआवजा दिलाने हेतु शीघ्र ही प्रकरण तैयार करने विभागीय अधिकारीयों को निर्देश दिया। इस दुःख की घड़ी में ईश्वर सोनकर परिवार को संबल प्रदान करे।

संयंत्र में विशेष स्वच्छता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-2 विभाग में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभाग के परिक्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने हेतु 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट-2 व 3) अनूप कुमार दत्ता के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों द्वारा सिंटर प्लांट-2 भवन परिसर में सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। सर्वप्रथम मुख्य महाप्रबंधक श्री दत्ता द्वारा सभी कर्मचारियों स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उन्होने कहा कि अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक साफ सफाई का ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि मानकर कार्य करें तथा स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल कर अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर उपस्थित महाप्रबंधक जगेंद्र कुमार, उमेश अवधिया, सुकुमारन सुनोव, राहुल बिजुरकर, जयदेव दास तथा कार्मिक अधिकारी के जोत कुमार सहित विभाग के अन्य कार्मिकगणों ने भी स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया।

पूर्व सीएम बघेल के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए राजेंद्र

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्व. डॉक्टर एमपी चंद्राकर के प्रथम पुण्यतिथि पर पृथ्वी पैलेस दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू भी पहुंचे और परिवार जनों से मुलाकात की एवं पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा क्षेत्र का लगातार दौरा करते हुए राजेंद्र साहू ग्राम गिरहोला में अहिवारा विधानसभा में उपाध्यक्ष छोटे भाई स्व. जावेन्द्र बंजारे के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए और भावुक मन से श्रद्धांजलि अर्पित की और जावेन्द्र के पिता से मुलाकात कर कहा कि जावेन्द्र हमेशा हम सब के दिल में रहेंगे। पूर्व सीएम बघेल छग राज्य लोधी समाज द्वारा अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर समाज द्वारा अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर आयोजित राज्य कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। ग्राम अछोली धमधा में आयोजित राज्य कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जहां उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। राजेन्द्र साहू ने अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन पर अपनी बातें रखते हुए कहा कि अंग्रेजों के अत्याचार और गुलामी से मुक्त होने के लिए वर्ष 1857 में आजादी की लड़ाई का बिगुल फूंका था, जिसमें वीरांगना अवंतीबाई का महत्वपूर्ण योगदान था। राजेंद्र साहू के साथ हीरा वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, ओनी महिलांग वरिष्ठ कांग्रेसी, उमेश साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी के.के. खिलवार, रिटायर डी.एफओ. महेश रात्रे, जयंत देशमुख जिलाध्यक्ष युकां ग्रामीण, उमेश बंजारे, रामस्वरूप चतुर्वेदी, आशीष अग्रवाल मौजूद थे।

वीरांगना अवंतीबाई का मना बलिदान दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पद्मनाभपुर जेल तिराहा स्थित वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के पास वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा की उपस्थिति में लोधी समाज के द्वारा अमर शहीद अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। अंग्रेजों के अत्याचार और गुलामी से मुक्त होने के लिए वर्ष 1857 में आजादी की लड़ाई का बिगुल फूंका गया था जिसमें महारानी वीरांगना अवंति बाई का महत्वपूर्ण योगदान था जिन्होंने अंग्रेजी सेना से लोहा लेते हुए 20 मार्च 1858 को शहादत दी थी। श्री वोरा ने रानी अवंति बाई की प्रतिमा का पूजा-अर्चना कर कहा की उनके बलिदान को नमन करते हुए आजादी के प्रथम संघर्ष में वीरांगना अवंतीबाई का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों की गुलामी से देश की जनता को आजाद कराने के लिए पहली बार 1857 मे देश में आक्रोश पनपा था जिसकी अगुवाई करने वालों में रानी अवंतीबाई भी शामिल रहीं। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा कोहका से पद्मनाभपुर जेल तिराह अवंति बाई चौक तक वाहन रैली का भी कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश शर्मा, लोधी समाज के उत्तम वर्मा, राजेश जंघेल, रामअवतर चंदेल, अजय गारुड़िक, मनखम सिंह लोधी, अरविंद चंदेल, मेहतरुराम वर्मा, दिलीप वर्मा, शेखर वर्मा, दुर्गेश वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, देवेन्द्र कौशिक, जोगेन्द्र जंघेल, उमाशंकर वर्मा, धसीधरन वर्मा एवं लोधी समाज के नागरिकगण उपस्थित थे।

शौचालय ठेकेदार को दिया नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। स्वच्छता श्रृंगार योजना अंतर्गत संचालित सामुदायिक सार्वजनिक शौचालय वार्ड 7 शीतला तालाब के पास शौचालय कुल सीटो की संख्या 10 नग तत्संबंध में उपअभियंता द्वारा निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें उल्लेख है कि माह अक्टूबर 2023 तक उक्त संस्था द्वारा शौचालय का साफ-सफाई एवं केयर टेकर रखा गया था। जिसके द्वारा शौचालय का साफ सफाई एवं देखरेख किया जा रहा था। संस्था को माह अक्टूबर 2023 जब तक उनके द्वारा संचालन एवं साफ-सफाई कार्य ठीक ढंग से किया गया है तब तक उसका भुगतान किया गया है। वर्तमान में निरीक्षण द्वारा पाया कि केयर टेकर काम पर नहीं कर रही है। इस संबंध में ठेकेदार को तृतीय/अंतिम नोटिस जारी किया गया है नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। शौचालय में गंदगी होने के कारण बीमारी ना फैले एवं साफ-सफाई किये जाने हेतु नगर पालिका के सफाई कर्मचारी को हफ्ते में 02 बार शौचालय का साफ-सफाई कार्य करने आदेशित किया है। शौचालय अत्यंत पुराना होने के कारण जीर्णशीर्ण अवस्था में है। टाइल्स टूटा है, दरवाजा टूटा हूआ है, नल टूटी है एवं मरम्मत कार्य की आवश्यकता है जिसके लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण नवा रायपुर को पत्र के माध्यम से मरम्मत कार्य हेतु राशि 3.95 लाख का प्रस्ताव भेजा गया है।

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202311100600034
/अ-6अ/ सन्- 2023-24
ईश्तहार

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक यज्ञप्रकाश पटेल पिता श्री गजानंद पटेल निवासी महासमुंद द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 1928/2 रकबा 0.02 हे. भूमि के आनलाईन राजस्व अभिलेख में उक्त खसरा दर्ज नही किया गया है। उक्त खसरा को आनलाईन राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर सुधार किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक यज्ञप्रकाश पटेल पिता श्री गजानंद पटेल निवासी महासमुंद द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्तानुसार रिकार्ड दुरुस्त किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 04.04.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202403101000081
/अ-19-3/ सन्- 2023-24
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. सलीम पिता अब्दुल रहमान निवासी आदर्श पारा भिलाई द्वारा भूखण्ड मकान एवं दुकान मौजा सुपेला संजय नगर वार्ड 4 तह. व जिला दुर्ग में सिथत भू खण्ड मकान जिसका भूखण्ड क्रमांक 1059 क्षेत्रफल 18.00 वर्गमीटर है। जो आवेदक के कब्जे में 30 वर्ष से है। शासकीय भूमि मे कब्जे का व्यवस्थापन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। जो जांच प्रतिवेदन हेतु श्रीमान कलेकटर महोदय दुर्ग के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त हुआ है।

अत उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ विभाग को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09/04/2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202402102800036
/अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता वर्मा पति अशोक कुमार वर्मा निवासी कांपा लोधी पारा पंडरी तहसील व जिला रायपुर के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक़ में दर्ज मौजा ग्राम लिमतरा प.ह.न. 19 रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग स्थित ख.नं. 147/4 रकबा 0.40 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, एफ आर. की कापी, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.04.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
नायब तहसीलदार
अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202402102800038
/अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उमादेवी वर्मा पति लालजी वर्मा निवासी ग्राम वार्ड न. 02 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक़ में दर्ज मौजा ग्राम लिमतरा प.ह.न. 19 रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग स्थित ख.नं. 147/3 रकबा 0.40 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, एफ आर. की कापी, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.04.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
नायब तहसीलदार
अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202401100600123
विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24
मामले की श्रेणी-राजस्व
जामगांव प.ह.न. 00014 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्री बुधूराम जोगी/ अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम जामगांव (एम) प.ह.नं. 14 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बुधूराम जोगी पिता झुकूराम जोगी जाति सतनामी निवासी ग्राम जामगांव (एम) तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जामगांव (एम) तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1321 रकबा 0.03 हे0 भूमि में त्रुटिवश आवेदक बुधराम पिता झुकूरमा के स्थान पर बुधूराम जोगी पिता झुकूराम जोगी दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक बुधूराम जोगी पिता झुकूराम जोगी के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 27.03.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202312100600025
विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24
मामले की श्रेणी-राजस्व
फेकारी प.ह.न. 00026 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- छबिराम, कन्हैया यादव/ अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम फेकारी प.ह.नं. 26 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री कन्हैया यादव पिता श्री समारु यदु अन्य 01, निवासी ठाकुर पारा संत रविदास वार्ड 70, सरोना, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम फेकारी प.ह.नं 26 तहसील पाटन, जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 117/1, 117/2, 120, 142/3, 142/4, 438, 494, 492, 751 रकबा क्रमशः 0.41, 0.41, 0.48, 0.30, 0.42, 0.71, 0.45, 0.98, 1.05 हे. भूमि आवेदकगण के नाम पर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में आवेदकगण का दर्ज जाति तेली (अ.पि.व.) के स्थान पर सही जाति ठेठवार (अ.पि.व.) सुधार कर दर्ज कर अभिलेख सुधार हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री कन्हैया यादव पिता श्री समारु यदु के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202403101200022
/अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका मोहित कुमार ठाकुर पिता/पति स्व. बिसहत ठाकुर निवासी जंजगिरी मौजा चिगरी प.ह.न 31 रा.नि.मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 53/2, 788/2, 956/2 रकबा कुल 0.1850 हे. के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08.04.2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकत हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202403101200020
/अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका दिनेश कुमार यादव पिता/पति चैनसिंह यादव निवासी कोड़िया मौजा कोडिया प.ह.न 36 रा.नि.मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 52/1 रकबा 0.2100 हे. चैनसिंह एवं रंजोला बाई के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 09/12/2016 एवं 12.12.2022 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08.04.2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकत हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती श्रीमती भारती गायकवाड़ (BHARTI GAYAKWAD) उम्र 35 वर्ष पति गोपाल गायकवाड़ निवासी- मकान नं. 15, रिसाली मिलपारा पुरानी बस्ती रिसाली रोड़ सिविक सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं। मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका नं. 8523 2889 3923 जिसमें उसका नाम खुशिका गायकवाड़ (KHUSHIKA GAYAKWAD) पिता गोपाल गायकवाड (GOPAL GAYAKWAD) अंकित है। मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम काव्या गायकवाड़ (KAVYA GAYAKWAD) पिता का नाम गोपाल गायकवाड (GOPAL GAYAKWAD) अंकित है। जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री काव्या गायकवाड़ (KAVYA GAYAKWAD) जिसकी जन्मतिथि 12/01/2016 है जो कक्षा तीसरी में शारदा विद्यालय भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. में अध्ययनरत है जिसके दाखिल पंजी एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों पुत्री का नाम काव्या गायकवाड़, पिता का नाम गोपाल गायकवाड अंकित है। मेरी पुत्री के सही व वास्तविक नाम काव्या गायकवाड़ (KAVYA GAYAKWAD) पिता गोपाल गायकवाड (GOPAL GAYAKWAD) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमती भारती गायकवाड़

आम सूचना/नाम परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गीत सोन (Geet Sone) पति विशाल सोन (Vishal Sone) उम्र-43 वर्ष, निवास-मकान. नं. 80/4, मोतीलाल नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ, पूर्व में मैं गीता वर्मा (Geeta Varma) पिता श्री बेनी प्रसाद (Sri Beni Prasad) और विवाह पश्चात् गीता सोन (Geeta Sone) पति विशाल सोन (Vishal Sone)) के नाम से जानी जाती थी। मैने अपना नाम परिवर्तित/ संशोधित कर गीत सोन (Geet Sone) पति विशाल सोन (Vishal Sone) रख लिया है तथा इसी परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ। अत: मेरे समस्त शैक्षणिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरे पूर्व नाम गीता वर्मा (Geeta Varma) पिता श्री बेनी प्रसाद (Sri Beni Prasad) और विवाह पश्चात् गीता सोन (Geeta Sone) पति विशाल सोन (Vishal Sone) को परिवर्तित नाम गीत सोन (Geet Sone) पति विशाल सोन (Vishal Sone) से जाना, पहचाना व पुकारा एवं पढ़ा जावे।

शपथकर्ती
गीत सोन

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430103500030

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी मुकुंद पिता/पति पल्टन पता तितुरडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 33/2 (0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती कमलेश कौर सोनी पिता/पति सुनील कुमार सोनी पता कातुलबोर्ड हरीनगर वार्ड 57 तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
01 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00052 उमरपोटी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 202324113016967

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00052 के अंतर्गत ग्राम उमरपोटी के वर्तमान भूमिस्वामी पुष्पा पिता/पति श्रीराम पता मकान नं. 825 वार्ड 04 चंद्रानगर उमरपोटी पो. पुरई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 223/6 (0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संजू कुमार देवांगन पिता/पति तुलसीराम देवांगन पता 110 राखी पो. तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 01 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन
के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202403104500025
विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24
मामले की श्रेणी-राजस्व
सेलूद प.ह.न. 00025 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- गिरीश कुमार टांक अनावेदक पक्षकार -
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सेलूद प.ह.नं. 25 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गिरीश कुमार टांक पिता धारसी भाई टांक अन्य निवासी ग्राम सेलूद तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सेलूद प.ह.नं. 25 स्थित अपने नाम पर दर्ज शामिलात खाता की भूमि ख.नं. 559/1, 559/2, 564 रकबा 0.005, 0.005, 0.03 हे0 ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश दीपक भाई पिता धारसी भाई का नाम दर्ज नही होने से उसे दर्ज कर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक गिरीश कुमार टांक पिता धारसी भाई टांक अन्य के राजस्व अभिलेख दुरुस्ती की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 08-04-2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 3 के न्यायालय में मामला
क्रमांकः 202403104300034
विषयः अ-6अ/ सन्- 2023-24
मामले की श्रेणी-राजस्व
चरोदा प.ह.न. 00009 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार - अनिल कुमार परगनिहा/ अनावेदक पक्षकार-
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक अनिल कुमार परगनिहा पिता ब्रिज भूषण लाल परगनिहा, निवासी- पदुम नगर भिलाई द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम- चरोदा, प.ह.नं. 09, तहसील भिलाई 03, स्थित भूमि ख.नं 396/329 का रकबा 0.014 हे. के स्थान पर त्रुटिवश रकबा 0.14 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ, ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बी 1, खसरा की नकल की छायाप्रति एवं पंजीकृत विक्रय पत्र सहित प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर लिखित रूप में नियत दिनांक 10/04/2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लोकेश्वरी पाण्डेय धर्मपत्नि हेमन्त पाण्डेय, उम्र 35 वर्ष, निवासी मकान नंबर-362/3, वार्ड नंबर-39, बैजनाथपारा दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय की जन्मतिथि 10.10.2012 है जो कि वर्तमान में नाबालिग है। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय के के जन्म पश्चात जारी जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय है जो कि सत्य व सहीं है। मेरी पुत्री दिपशिखा पाण्डेय के शैक्षणिक दस्तावेजों प्रथम से 5 वीं तक के अंकसूची में त्रुटिवश पुत्री के माता का नाम श्रीमती राधिका पाण्डेय अंकित है के स्थान पर परिवर्तित/संशोधित नाम दिपशिखा पाण्डेय माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय रख ली हूं अब मेरी पुत्री अपने माता के परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती है। अत: शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश पुत्री के माता का नाम श्रीमती राधिका पाण्डेय अंकित है जिसे आगे भविष्य में मैं अपने पुत्री के संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज प्रथम से 5 वीं तक के अंकसूची, शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में परिवर्तित/संशोधित दिपशिखा पाण्डेय माता का नाम श्रीमती लोकेश्वरी पाण्डेय लिखना चाहती हूं।

जयप्रकाश निर्मलकर
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9340825124

आम-सूचना

मैं शपथकर्ता विरेन्द्र सिंह राठौर पिता स्व. शंकर लाल राठौर, निवासी- एल.आई.जी.1/448, हाउसिंग बोर्ड, घासीदास नगर, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ। मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विरेन्द्र सिंह राठौर दर्ज है जो कि सत्य व सही है। मेरे नाम पर छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत एक मकान एल.आई.जी. 1/448, हाउसिंग बोर्ड, घासीदास नगर, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. स्थित है। जिसके दस्तावेजों में मेरा नाम त्रुटिवश विरेन्द्र सिंह राठीर दर्ज हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं के नाम है। यह कि मुझे उक्त मकान के अभिलेखों में नाम सुधारने हेतु गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
विरेन्द्र कुमार राठौर

NOTICE U/S. 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT.

Notice is hereby given that pursuant to re-constitution of the partnership firm "M/S SHIVA WAREHOUSE CORPORATION" on 1st day of September, 2023 firm Registration No. 478/2013-14 dt. 03/01/2014 with Registrar of firms Smt. Sarika Agrawal and Smt. Nisha Agrawal are incoming partner of the partnership firm and Smt. Madhu Agrawal and Smt. Phoolwati Devi Agrawal is the continuing partner of the partnership firm.
Place: Raipur (C.G.)
Dated: 01.09.2023

For, M/S SHIVA WAREHOUSE CORPORATION
PARTNER

NOTICE U/S-72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT

Notice is hereby given that pursuant to re-constitution of the partnership firm “M/S SHIVA LOGISTICS” on 1st day of September, 2023 firm Regisration No. 472/2013-14 dt. 24.12.2013 with Registrar of firms Smt. Madhu Agrawal is Incoming partner of the partnership firm Smt. Sarika Agrawal and Smt. Nisha Agrawal are the continuing partner of the partnership firm.
Place : Raipur (C.G.)
Dated : 01.09.2023

For M/S SHIVA LOGISTICS
PARTNER

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के. एल. चौहान बुधवार को बलौदाबाजार स्थित श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचे । उन्होंने बुजुर्गों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर अभिनंदन करने के साथ ही श्रीफल व व गर्म कपड़े देकर सम्मानित भी किया। कलेक्टर श्री चौहान ने स्वीप के तहत लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाया। उपस्थित बुजुर्गों ने अपने हाथों में आकर्षक नारा लिखा पोस्टर लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिए।

6 साल की बच्ची ने रखा रोजा

केशकाल/नवप्रदेश। रमज़ान के मुकद्दस महीना चल रहा है। इसमें झुलसा देने वाली गर्मी में छह साल की बच्ची ने समीरा ने रोजा रखा। गौरतलब है कि समीरा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी हाजी मोहम्मद इकबाल मेमन की पोती और रज़ा हार्डवेयर के संचालक मोहम्मद सिकन्दर मेमन की बेटी हैं।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को लगा फिर झटका

गरियाबंद में हजारों कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। फिंगेश्वर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में अबकी बार 400 पार के नारे के साथ 1500 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, फिरतुराम कंवर एवं जनपद सदस्य सहित दर्जनों सरपंचों ने भारतीय जनता पार्टी में गमछा पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष व सभी वरिष्ठ नेताओं ने शामिल कराया।

भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वालों में जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे के साथ 140 कार्यकर्ता, फिरतुराम कवर, सरपंच गण भागवत साहू देवरी के साथ 98, मुन्ना कुर्रे बकली 301, पूनम बंजारे पिपईबंद 55, सतीश यादव पोखरा 97, भागवत साहू देवरी35, उदय निषाद लचकेरा, टिकेश साहू सेन्दर 85, सिकंदर बंजारे तर्रा, खेमसिंह ध्रुव कुम्हि, कोमल साहू तरीघाट 56, गणेश डहरिया कौंदकेरा, राजेश सिन्हा कुंडेल, एवं पर्व सरपंच अब्दुल सत्तार खान कुंडेल, भागीरथी सिन्हा छुइया, पार्षद दीपक श्रीवास फिंगेश्वर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश ठाकुर, किरण टंडन कौंदकेरा, मनहरण साहू भैसातरा, तथा दिशांत चन्द्राकर छुरा के साथ 619 कार्यकर्ता, रमेश गोयल कोपरा के साथ 300 कार्यकर्ता सहित अनेक शामिल हुए।

कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा प्रभारी मोती राम साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, लोकसभा सह प्रभारी व विधायक भावना बोहरा, लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रुपनारायण सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, रामकुमार साहू, अशोक राजपूत, महामंत्री अनिल चन्द्राकर, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, सागर मयानी, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, प्यारेलाल सोनकर, संदीप पांडेय, पीलूराम यादव, सुरेन्द्र सोनटके, टोकेश्वरी मांझी, जगदीश यादव, मनीष हरित, राजू साहू, रामूराम साहू, पूनम यादव सहित वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांग्रेस पर साधा निशाना

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 5 साल में कांग्रेस ने जनता से किया 36 वादे भी पूरे नहीं कर पाई। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किया वादा महज 90 दिनों में पूरा करके दिखाया है।

बारिश के बाद सड़क पर उतरे निगम आयुक्त, नालों का अवलोकन

धमतरी/नवप्रदेश। बारिश होने पर शहर की सड़कों पर जलभराव होना स्वाभाविक है। मंगलवार शाम को हुई बारिश के बाद बुधवार 20 मार्च की सुबह नगर आयुक्त निगम टीम को लेकर नालों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने शहर के कई नालों का निरीक्षण किया।

पीड़ी नाला,सोरिद नाला,पीजी कॉलेज मोड़ स्वामी विवेकानंद मूर्ति के पास के नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नालों में पानी की निकासी होती मिली। आसपास के क्षेत्रों में जलभराव ना हो। नगर आयुक्त विनय पोयाम व पीसी सार्वा ने संबंधित अधिकारियों को बारिश शुरू होते ही मौके पर रहने के निर्देश दिए। नगर निगम की तैयारियों से इस बार कहीं भी जलभराव की स्थिति ज्यादा देर तक देखने को नहीं मिलने की संभावना है। नालों में से अनचाहे पौधों,जल कुंभी को हटाने का निर्देश दिया है जिससे आसपास के क्षेत्रों में जलभराव ना हो।

नगर आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को बारिश के पूर्व सभी नालों को सम्पूर्ण सफाई करने का निर्देश था नगर आयुक्त के इस निर्देश के बाद स्वस्थ अधिकारी वा वार्ड सुपरवाइजर बारिश के पूर्व नालों को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गए है। आयुक्त ने बरसात के दौरान तथा बरसात से पूर्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कड़े निर्देश दिए है। जिससे किसी भी प्रकार शहर के निवासियों को असुविधा का सामना ना करना पड़े। निरीक्षण दौरान सहायक अभियंता महेंद्र जगत, उप अभियंता कामता नागेंद्र, कमलेश ठाकुर,लोमस देवांगन,नमिता नागवंशी, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

बेमौसम बारिश से सब्जी और गेहूं की फसल को क्षति

पलारी/नवप्रदेश । प्रदेश में मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई थी जो सही साबित हुई। इसका असर अंचल में भी हुआ जहां बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव देखा गया। सोमवार शाम 8 बजे से अंचल में मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। जो रात भर रुक रुककर होती रही। इस दौरान विद्युत आपूर्ति ठप रही, विभाग के कर्मचारी फाल्ट ढूंढ़ने में लगे रहे। कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद डेढ़ दो घंटे बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो पाई। मंगलवार सुबह भी बारिश हुई। वहीं दिन भर सूर्यनारायण के दर्शन नहीं हुए। बारिश दिन भर रुक-रुक कर होती रही यह सिलसिला दिन भर चलता रहा जिससे जनजीवन प्रभावित रहा।

बारिश से सब्जी की फसल को नुकसान: अंचल में लगातार बारिश से किसानों के पसीने छूट रहे हैं। जिन किसानों ने सब्जी की फसल लगाई थी वह बारिश से चौपट हो गया। सब्जी की फसल में कीट प्रकोप खतरा बढ़ गया है। इससे किसानों की चिंता बढ़ीट है। वहीं सब्जी की फसल में गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे आने वाले दिनों में सब्जी के दाम बड़ सकते हैं। ईंट कारोबारियों को भी भारी नुकसान का अंदेशा है।

ओले से सरसों की फसल हुई खराब

मंगलवार सुबह बारिश हुई। तेज आंधी के साथ आसपास के गांव राजिया, तुलसी, भुरसुदा, सिलपट्टी में ओले गिरे। राहुल निषाद के बताया कि वह खरीफ की फसल के बाद गेहूं की फसल लगाते हैं। 5 एकड़ में गेहूं लगाया था जो बर्बाद हो गया। खुडमुडी के सोहन बाधमार की 7 एकड़ की सरसों की फसल पानी में डूबकर खराब हो गया।

थार को फिल्मी अंदाज में चुराने का नाबालिगों का प्लान हुआ फ्लॉप

जगदलपुर/नवप्रदेश। गोलमाल रिटर्न्स मूवी की तरह जगदलपुर में टेस्ट ड्राइव के बहाने महिन्द्रा थार गाड़ी की चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है. बस्तर पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए वाहन को जप्त कर एक नाबालिग को पकड़ने में कामयाबी हासिल की. बताया जा रहा है कि थार वाहन को टेस्ट ड्राइव लेने के नाम से नाबालिग गाड़ी लेकर भाग निकले वाहन लेकर भागने वाले दोनों नाबालिग लड़के हैं. घटना की सूचना पर परपा थाने की पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर महिन्द्रा थार गाड़ी को एक घण्टे के अन्दर ढूंढ निकाला. बेहद फिल्मी अंदाज में नई वाहन को चोरी करने का प्रयास नाबालिगों ने किया. पहले नाबालिगों ने वाहन खरीदने और टेस्ट ड्राइव के लिये कर्मचारियों को ग्राम तोकापाल में बुलाया. इस दौरान ग्राम एर्राकोट पाण्डुपारा में वाहन रूकवाकर नाबालिगों ने कर्मचारियों को वीडियो बनाने को कहा. कर्मचारी वीडियो बनाते रह गये और नाबालिग थार वाहन को चोरी की नियत से लेकर फरार हो गए. विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा चोरी की महिन्द्रा थार गाड़ी तोकापाल के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लेकर घूमते रहे. पुलिस ने ग्राम एर्राकोट पाण्डुपारा में वाहन जप्त कर लिया, लेकिन पुलिस को देख दोनों नाबालिग मौके से फरार हो गए. पुलिस ने बाद में मोबाइल फोन ट्रेस कर एक नाबालिग को पकड़ लिया, दूसरे की तलाश जारी है.

कोटमी में बच्चों को दिया गया न्योता भोज

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विकासखंड के ग्राम कोटमी में प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस न्योता भोज में भाजपा जिला मंत्री महाबल बघेल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे व ग्राम के सरपंच व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डब्ल्यू सिंह ठाकुर शामिल हुए। अतिथियों ने लोगों से अपील किया कि बच्चों में पोषण शक्ति विकास के लिये सभी व्यक्ति, समाज, संगठन, समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति आगे आयें और अपना और अपने परिवार का विशेष दिन अपने नजदीक के किसी सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ मनायें, ताकि बच्चों को उच्च गुणवत्ता के साथ पोषणयुक्त भोजन मिल सके।

इस न्योता भोजन कार्यक्रम में बच्चों के साथ शाला के प्रधान पाठक तेजस्वी कुमार शर्मा , वेदप्रकाश वर्मा, श्रीमती सरोज सेन, श्रीमती वृन्दावती साहू प्रधान पाठक प्रायमरी, कृष्णा वर्मा के अलावा संजय यादव, अनिल ठाकुर के साथ ही मध्यान भोजन समूह से श्रीमती लता वर्मा, शर्मिला ध्रुव, सुमित्रा वर्मा, बिरझा यादव, दुलौरिन यादव, लैन बाई ध्रुव, का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन तेजस्वी कुमार शर्मा ने किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

हर दिन करोड़ों का कैश...

इसलिए, विभिन्न स्थानों से पार्टियों और उम्मीदवारों को बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाई जाती है। इसे रोकने के लिए पुलिस भी तैयार है। वे संदिग्ध दिखने वाले वाहनों और लोगों की जांच और पूछताछ करते हैं। इसके अलावा पुलिस को अपने सूत्रों या मुखबिरों से भी जानकारी मिलती है।

104 खरीदी केंद्रों ...

अधिकारी केंद्रों से धान निल करवा सकते थे मगर वे खराब धान के लिए समिति को ही जिम्मेदार ठहरा कर उसके खिलाफ कार्रवाई की बात करते हैं। कर्मचारी प्रशासन से धान के उठाव की मांग कर अधिकारियों के कई चक्कर काट चुके हैं।

इन केंद्रों में 20 से 30 हजार क्विंटल रखा है : वहीं जिले के 104 केंद्रों में 20 से 30 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा है. जिसमें पलारी, दत्तान, ओड़ान, सलोनी, बटगन, कोनारी, भवानीपुर, देवसुंदरा, सिसदेवरी, कोसमंदा, बोहारडीह, कटगी, शैल, तिल्दा, खैरा, लवन, बरदा, कोसमसरा, टुंड्रा आदि शामिल हैं।

हथबंद केंद्रों में 20000 क्विंटल ...

पड़ रही है। सहकारी समितियां धान को बारिश से सुरक्षित रखने, सूखत का नुकसान झेलने के लिए चिंतित दिख रही हैं।

सैन्य टैंकों के लिए उच्च ...

उन्नत इंजनों के समकक्ष है।

रक्षा सचिव ने इस उपलब्धि को परिवर्तनकारी क्षण बताते हुए कहा यह सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाएगा। बीईएमएल के मुख्य प्रबंध निदेशक शांतनु रॉय ने कहा कि यह उपलब्धि देश में रक्षा उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में बीईएमएल की स्थिति को मजबूत करती है, जो इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में देश की जरूरतों को पूरा करने की उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

मालगाड़ियां चलाई जा ...

उसी ट्रेक पर मालगाड़ी कैसे चलाई जाती है

याचिका के अनुसार, लगातार मांग और शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि दूसरी ओर मालगाड़ियां उसी रूट पर लगातार चलाई जा रही हैं।

'फंसाने की धमकी दे रही ...

जोड़कर परेशान करने की कोशिश हो रही है। षड्यंत्र के तहत उनका नाम डाला गया है। महंत ने कहा कि, ये उन्हें पूरी तरह से डराने और धमकाने की कोशिश है। यह बात अब जग जाहिर हो चुकी है, लेकिन हमारे नेता ने हिम्मत से काम लिया। उन्होंने कहा कि, न तो मैं कोर्ट जाऊंगा, न ही जमानत लूंगा।

राहुल गांधी को झारखंड ...

कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया।

आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दायर किया गया था।बाद में मामले को चाईबासा में एमपी,एमएलए कोर्ट में इसे ट्रांसफर कर दिया गया था।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीरनगर फेस-II कालोनी, रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/भवन क्रमांक LIG-03 श्री जितेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. दशरथ साहू को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06/09/2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 14/03/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती नरेन्द्र कौर पति स्व. रणबीर सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीरनगर कालोनी रायपुर में निर्मित MDD भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/भवन क्रमांक MDD-87 श्री नितेश कुमार तरेटवार एवं श्री निखिल कुमार तरेटवार पिता श्री दिनकर राव तरेटवार को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 13/12/2005 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 02/03/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती निशा सिंह पति स्व. श्री अशोक सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम

ईश्तहार

अ/2, वर्ष 2023-24
ई कोर्ट नं. 202403080800073
क्रमांक/956/अ.वि.द./प्रवा-2/2024
कवर्धा, दिनांक 19.03.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगढ़ कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संगीता मिश्रा पति भावेश मिश्रा निवास का पता-कवर्धा तहसील कवर्धा जिला-कबीरधाम छत्तीसगढ़ में अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-कवर्धा प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. कवर्धा, तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नं. 167/146 रकबा 0.0310 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किए जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किए जाने से जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 02/04/2024 को समय 5.30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 18/03/2024
पेशी दिनांक 02/04/2024

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा

न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403211100008
अ/6-अ वर्ष 2023-24
ग्राम-धनेली तह. भाटापारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश उर्फ ईश्वरी पिता ढेलउ राम निवासी ग्राम बिरगांव तहसील रायपुर जिला रायपुर के द्वारा ग्राम धनेली प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नं. 1284/4, 1284/5, 1290/1, 1311/1, 1311/3 रकबा क्रमशः 0.4860, 0.5670, 0.0940, 0.0320, 0.2030 हे. कुल खसरा नं. 05 योग रकबा 1.3820 हे. भूमि आवेदक नरेश पिता ढेलउराम वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदक का वास्तविक नाम ईश्वरी प्रसाद है जो शासकीय दस्तावेजों में दर्ज है किंतु राजस्व अभिलेख में घरेलू नाम नरेश दर्ज चला रहा है। जिसे उक्त भूमि में आवेदक ईश्वरी प्रसाद उर्फ नरेश अंकित कराते हुए अभिलेख दुरूस्त किए जाने हेतु मय दस्तावेजों सहित आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय भाटापारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। तत्संबध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 27/03/2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनिवाई हेतु नियत दिनांक 27/03/2024 को स्वयं अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त ईश्तहार आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील — नायब तहसीलदार निपनिया

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्वाला सिंह पिता नाथू सिंह साकिन ग्राम अमलीडीह जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 12 तहसील साजा जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 682/1, 683/1, 685/2 रकबा क्रमशः 0.14, 0.07, 0.20 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.41 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5 (2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 22/03/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 10188 दिनांक 19.03.2024
वार्ड का नाम - 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446K00677 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR RANGWANI, AJAY RANGWANI, SANJAY KUMAR RANGWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MOHAN LAL RANGWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DIYA MEGHANI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O NEERAJ KUMAR MEGHANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. बी-159 श्री दीपक कुकरेजा पिता श्री प्रहलाद कुकरेजा के नाम पर इस कार्यालय का नाम दज आदेश क्रमांक 4720 दिनांक 15.12.2021 द्वारा नाम दर्ज किया गया है। वर्तमान में नामांतरी द्वारा उक्त दुकान को क्रेता श्री कार्तिक छतीजा पिता श्री देवेन्द्र छतीजा, निवासी 5/9 उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई चरोदा दुर्ग (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 16.03.2024 को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री कार्तिक छतीजा पिता श्री देवेन्द्र छतीजा द्वारा उक्त दुकान को विक्रय विलेख पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 03, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार - उत्तरा बाई गराम कानाकोट रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उत्तरा बाई बेवा राकेश जाति रावत निवासी ग्राम कानाकोट प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने पति राकेश पिता चैतराम जाति रावत की मृत्यु दिनांक 22.09.2017 को ग्राम कानाकोट में हुआ था। जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 28/03/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 10026 दिनांक 19.03.2024
वार्ड का नाम - 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446I00346 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती SANJAY CHOPDA पिता/पति श्री/श्रीमती KHEMRAJ JI CHOPDA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BALMUKUND SHARMA पिता/ पति श्री/श्रीमती S/O LATE VALLABH SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 10037 दिनांक 19.03.2024
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446S00756 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RICHHI AGARWAL, ASHISH AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती ASHISH AGARWAL, PARMANAND AGARWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PRITI AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती D/O PARMANAND AGARWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. बी-50, श्री अशोक कुमार चौथवानी पिता स्व. श्री झामनदास चौथवानी के नम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5314 दिनांक 24.09.2010 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 04.12.2012 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 29.07.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता श्री महेश कुमार चंदवानी पिता श्री प्रभुलाल चंदवानी, निवासी 43/939/18, प्रीत आटा चक्की के पास, गली नं. 02, श्यामनगर तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 05.03.2024 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री महेश कुमार चंदवानी पिता श्री प्रभुलाल चंदवानी, द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 03, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401210200040
अ/6 वर्ष 2023-24
पक्षकार- शीलादानी पिता श्रीधरलाल अग्रवाल साकिन व कास्तकार ग्राम सुन्द्रावन प.ह.नं. 13

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शीलादानी पिता श्रीधरलाल अग्रवाल जाति बनिया कास्तकार ग्राम सुन्द्रावन प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सुन्द्रावन प.ह.नं. 13 स्थित भूमि कुल ख.नं. 10 कुल रकबा 1.520 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर एकल खाते में दर्ज चला आ रहा है। उक्त वादभूमि में से ख.नं. 502/9 रकबा 0.353 हे. भूमि मूल राजस्व अभिलेख में दर्ज है किंतु वर्तमान आनलाईन भुईयां पोर्टल में त्रुटिवश दर्ज नहीं होने के कारण आवेदक के द्वारा उक्त भूमि में त्रुटिसुधार करते हुए आवेदित भूमि को आनलाईन भुईयां पोर्टल में दर्ज किए जाने हेतु माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 04.04.2024 को प्रतिवाद प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद समयवाधित पश्चात प्राप्त प्रतिवाद पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

तेज आवाज पर साउंड सिस्टम संचालक पर हुई कार्यवाही

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने नगर भवन में तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वाहन सहित, डीजे साउंड सिस्टम को जब्त किया है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि मंगलवार की रात्रि नगर भवन में आयोजित एक शादी समारोह में डीजे संचालक द्वारा बहुत ही तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक राजू मानिकपुरी रायपुर के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जप्त किया है।

अवैध शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण पुलिस ने निरीक्षक अमित पाटले के नेतृत्व में ग्राम माचाभाट नाला के पास अवैध रूप से शराब परिवहन करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव 5.760 बल्क लीटर देशी मसाला शराब एवं एक स्कूटी होण्डा कंपनी का क्रमांक छ्त्त 04 रू0432 को भी जब्त किया है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पाटले ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर प्रआर0 गिरीश टंडन आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, अजय साहू, की पुलिस टीम द्वारा ग्राम माचाभाट नाला के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया नोहर चक्रधारी ग्राम रोहरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3520 कीमती मूल्य का 32 पाव 5.760 बल्क लीटर देशी मसाला शराब एवं एक स्कूटी होण्डा कंपनी का क्रमांक छ्त्त 04 रू0432 को भी जप्त कर।आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से हासिल करेंगे जीत : डॉ शिव डहरिया

■ **पलारी में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन**

पलारी/नवप्रदेश। कसडोल विधानसभा के पलारी में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जांजगीर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को खुद को प्रत्याशी समझ गांव-गांव में पहुंचकर चुनावी यज्ञ में आहुति दें। सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से हमें जीत मिलेगी। डॉ. डहरिया ने कहा कि आप सभी अपने आप को प्रत्याशी समझे। देश में सुशासन लाने में महत्वपूर्ण योगदान दें कार्यकर्ता। आपने क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक चुना है अब सांसद भी चुनिए ताकि दो पहिए मिलकर क्षेत्र में विकास कार्य को गति दे सकें। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना एक-एक लाख -रुपए दिये जाने, 30 लाख युवाओं को नौकरी, ग्रेजुएट, डिप्लोमा धारी बेरोजगार युवाओं के खातों में सालाना एक-एक लाख रुपए जाने व अन्य घोषणाओं को लोगों तक पहुंचाएं।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि जो जिस तरह आपने मुझे अपना सेवक चुना है उसी तरह डॉ. शिव डहरिया को आशीर्वाद देकर सांसद चुनें ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा बहे। प्रदेश में मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में करोड़ों की सौगातें दी हैं। ऐसे व्यक्ति को अपना सेवक बनने का मौका देना चाहिए। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, जिप सदस्य सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, सुकालूराम यदु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री गोपी साहू, प्रवक्ता अयाज अहमद फारूकी, जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, सेवादल के प्रदेश सचिव महेश ढ़ीढ़ी, युवराज चन्द्राकर, अश्वनी वर्मा, रघुनंदन वर्मा, शशिकांत वर्मा, गणेश शंकर जायसवाल, मनीष चन्द्राकर, उलेख साहू, अमृत साहू, प्रवीण धुरंधर, रज्जाक खान, बिसौहा गायकवाड़, राधेश्याम बंदे, झड़ीराम कनौजे, पार्षद पुष्पा बंजारे, सेवती धीवर, महेश्वरी कुर्रे, रूखमणी तेहरवंश, राम ध्रुव, चित्रागंद, प्रेम साहू, सुखदास बंजारे, कांशी घृतलहरे, गिरवर वर्मा, मेघनाथ यादव, नंदे साहू आदि उपस्थित थे।

बारिश और ओलावृष्टि से फसल को नुकसान किसानों ने मुआवजे की मांग का सौंपा ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। मंगलवार 19 मार्च की शाम अचानक हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि से मकानों तथा फसलों को भारी नुकसान हुआ है। बड़ी संख्या में पीड़ित किसानों ने बुधवार 20 मार्च को कलेक्टोरेट पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने सर्वे कराने का आश्वासन दिया है।

ग्राम बीजापुर, जागनाला, झिपाटोला, गुडरापानी सियारीनाला, कमारटोला, चनागांव, फूडरघाप, सबीजापुर बगरूम नाला, बरकोन्हा, बेदरापानी से बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने बताया कि मंगलवार 19 मार्च को हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से गांवों के कच्चे कवेलू वाले घरों को नुकसान पहुंचा है। इसी तरह लोगों के जीविका का माध्यम तेंदू, महुआ, चार, आम की फसल भी नष्ट हो गई है। किसानों की धान जो गर्भ अवस्था में थी उसको भी क्षति पहुंचा है। खेतों में लगाए सब्जी, मक्का उड़द फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है।

अनेक किसानों ने खरीफ फसल के लिये कर्ज में पैसा लेकर कृषि कार्य में लगाये थे। इनके सामने कर्ज चुकाने की समस्या खड़ी हो गई है। किसानों ने कलेक्टर से तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग की है । कलेक्टर नम्रता गांधी ने किसानों को आश्वस्त किया है कि वे सर्वे कराएंगी और फसल का नुकसान दिखा तो मुआवजा दिलाएंगी। ज्ञापन सौंपने वालों में बृजलाल मंडावी, जिंगल गोटा, बाबूलाल, डेरहा राम सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

कनसिंघी में लोगों को दिलाई मतदान की शपथ

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्रीमती रीता यादव के नेतृत्व में छुरा ब्लॉक के ग्राम कनसिंघी में विशेष अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए घर-घर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रीता यादव द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ समस्त उपस्थित जनों को दिलायी गयी। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न प्रकार के नारे युक्त बैनर एवं पोस्टर का उपयोग किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों एवं समूह की महिलाओं ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दौरान अवश्य मतदान करने का संदेश दिया गया।

खुले में धान रखने की शिकायत, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक को नोटिस जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कल अचानक हुई बारिश से उपार्जन केन्द्रों में धान भीगने की शिकायत मिली है। जिस पर कलेक्टर के एल चौहान ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 2 दिनों के भीतर जवाब तलब करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि समितियों को धान के सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी होती है। इसके लिए उन्हें शासन से निर्धारित राशि समय समय पर मुहैया भी कराई जाती है।

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन पर संरक्षा सेमिनार

भाटापारा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ भाटापारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संरक्षा संगोष्ठी में स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं ऑन अवस्था में ऑटो सिग्नल पास करना, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां , इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा ट्रैक संबंधी बरती जाने वाली ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं कार्य क्षेत्र में निजी संरक्षा, पॉइंट्स एवं सिग्नल फेल्योर के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों का कर्तव्य, चलती ट्रेन में फेलियर रोकने के लिए क्रू, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारियों द्वारा साइडिंग एवं गुड्स शेड से गाड़ी क्लियर करते समय की जाने वाली निरीक्षण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का प्रदर्शन, तथा अग्निशमन यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन भी किया गया।

इस सेमिनार में राजेंद्र कुमार साहू, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ परिचालन /रायपुर, डॉ. देवेंद्र नाथ बिसवाल/ वरिष्ठ मंडल संरक्षाअधिकारी/ रायपुर, बी. एन. पटेल/ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ परिचालन/ रायपुर , सहायक मंडल अभियंता/भाटापारा , सहायक मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता /भाटापारा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसको सफल बनाने के लिये त्रिनाथ मोहंती /संरक्षा सलाहकार/विद्युत, संजीव कुमार, संरक्षा सलाहकार /इंजीनियरिंग तथा शंकर लाल पटेल, संरक्षा सलाहकार/ सिग्नल एवं दूरसंचार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 83 लोग शामिल हुए।

मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी : कलेक्टर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल आज लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण में कहा कि मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मास्टर ट्रेनर्स मतदान अधिकारी - कर्मचारियों को अच्छे से ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें, जिससे निर्वाचन की सभी प्रक्रियाएं आसानी और चरणबद्ध तरीके से संपादित हो। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन प्रशिक्षण उपरांत कर्मचारियों का निर्वाचन प्रक्रियाओं से संबंधित टेस्ट भी आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगा। आपके कुशल दक्षता से निर्वाचन अधिकारियों को सहयोग होगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया एवं चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर अरविंद पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा सहित जिले के 40 से अधिक मास्टर ट्रेनर्स मौजदू रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी मास्टर ट्रेनरों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी को वोटिंग की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर कर लें। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का कम से कम 2 से 3 बार भली-भांति अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है।

कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बुधवार 20 मार्च को गरियाबंद नगर पालिका क्षेत्र में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल लाईन प्राथमिक शाला, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल एवं शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हारपारा के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि क्रियाशील रहे, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो।

पुण्यतिथि पर व्यंग्यकार त्रिभुवन पांडेय को किया याद

धमतरी/नवप्रदेश। व्यंग्यकार, कवि, समीक्षक स्व.श्री त्रिभुवन पांडे की तृतीय पुण्यतिथि पर धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा सार्थक स्कूल धमतरी में कार्यक्रम आयोजित कर साहित्यकारों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। संरक्षक गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल एवं उपस्थित साहित्यकारों ने त्रिभुवन पांडे के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल ने कहा कि -प्रत्येक जगह विशेष की अपनी एक अलग पहचान होती है। वहां की अपनी कोई न कोई विशिष्टता होती है। धमतरी के माटी की भी अलग खासियत है। इस धरती ने भी कई विख्यात साहित्यकारों से प्रदेश को नवाजा है। त्रिभुवन पांडे में पत्रकारिता से लेकर साहित्य सृजन की अद्भुत क्षमता थी।

गोपाल शर्मा, धमतरी जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव, कवयित्री श्रीमती अनीता गौर, रामेश्वर प्रसाद साहू, दीपचंद भारती ''दीप'',मोहम्मद तारिक, आकाशगिरी गोस्वामी, कुलदीप सिन्हा, नरेश चंद्र श्रोति, धनंजय पांडे, ए.के.इंगोले, शैलेंद्र चेलक, भूपेन्द्र मानिकपुरी, लोकेश साहू, श्रीमती सुनयना आदि ने उन्हें हरिशंकर परसाई परंपरा का व्यंग्यकार बताया जिनकी रचनाओं में सतह पर समाज को गर्त में ले जाने वालों के प्रति उपहास और कटुक्तियां हैं किन्तु उसकी अंतर्धारा में करुणा और आम आदमी के प्रति गहरी सहानुभूति है। अपनी रचना का स्थापत्य निर्मित करने के लिए त्रिभुवन पांडे समकालीन जीवन की घटनाओं से लेकर पौराणिक कथाओं और पात्रों तक जाते थे।

कलेक्टर पहुंचे सीएमएचओ ऑफिस नदारद 24 कर्मियों को नोटिस

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बुधवार 20 मार्च की सुबह सवा दस बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय गरियाबंद पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन समय में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के द्वारा एनएचएम शाखा के 13 एवं सीएमएचओ कार्यालय के 11 कर्मचारी कार्यालयीन समय में अनुपस्थित पाए गए। इस पर कलेक्टर ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जवाब संतोषजनक ना पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश पूर्व में भी दिए गए थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202403100400317/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रंजना जामवंते आ./पति सुनील कुमार जामवंते निवासी धनगांव गुण्डरदेही द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 349/7 रकबा 0.018 हें/ 1968 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202402102800037 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रमादेवी वर्मा पति ईश्वरी प्रसाद वर्मा निवासी कल्याण नगर छावनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक़ में दर्ज मौजा ग्राम लिमतरा प.ह.न. 19 रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग स्थित ख.नं. 147/2 रकबा 0.40 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत शपथ पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र, एफ आर. की कापी, आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.04.2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

यूनियन बैंक Union Bank of India

शाखाः स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
शाखाः शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

परिशिष्ट-IV कब्जा नोटिस नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेट्स एंड अनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नियम-3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों को निम्नलिखित तिथियों में डिमांड नोटिस में दर्शायी गई राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया था. उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम-8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है ।

विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार व ऋणियों और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन-देन न करें । निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि ब्याज, आकस्मिक खर्च एवं लागत और शुल्क के लिये **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** कि संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अधीन होगी ।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये ध्यानाकर्षित किया गया है ।

अ. उधारकर्ता का नाम ब. शाखा का नाम	संपत्तियों का विवरण	1. मांग सूचना की तिथि 2. मांग सूचना राशि रु 3. कब्जे की तिथि
1. श्री छन्नू लाल पिता- रामधर देवदास, 2. श्रीमती लेखमणी देवदास पति- श्री छन्नू लाल. शाखाः दुर्ग (छ.ग.)	सर्वे नंबरः खसरा नं. 226/111, प.ह. नं. 19/23, प्रदीप्ति नगर, बोरसी, वार्ड नं. 50, तह- दुर्ग, जिला- दुर्ग, कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट में स्थित आवासीय मकान ।	03.11.2023 ₹ 9,07,595.76 + 19.08.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 14.03.2024
1. बालाराम यादव 2. दीपक यादव 3. श्रीमती हीरा यादव शाखाः शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)	खसरा नं. 1339 का भाग, मौजा-गुढ़ियारी, कन्हैया लाल बंजारी वार्ड, वार्ड नं. 08, प.ह.नं. 107, ई.आई.सी. रायपुर-1, रायपुर छ.ग. क्षेत्रफल- 720 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान के समस्त भाग व अंश ।	13.12.2023 ₹ 12,29,532.91 + 13.12.2023 से ब्याज + कानूनी व अन्य शुल्क 20.03.2024

दिनांकः 20.03.2024, स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
797-II, द्वितीय तल, शांति कुन्ज, जबलपुर (म.प्र.) 482001

Case No.: 232/2020 / ओ.ए.नं. 1347/2019

ई नीलामी सूचना

ई नीलामी क्रमांक 77/2024

UCO BANK वि. **Santosh Sahu** एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC/232/2020/ O.A.No. 1347/2019** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र रु. **Rs. 22,62,760.65 (Rupees Twenty Two Lakh Sisty Two Thousand Seven Hundred Sixty and Sixty Five Paisa Only)** तथा उस पर **9.00** प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक **06.08.2019** से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी ।

ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 25.04.2024, दोपहरः 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Part & parcel building of the Khasra No. **261/4, 261/5,** situated at Swapn Shilp Parisar, Plot no. 13, Mouza- Janjgiri, Tehsil- Dhamdha, District- Durg (C.G.) Area admeasuring **1056.41 sq.ft.** Property in the name if **Shri Menkar Sahu S/o. Late Shri Shola Sahu and Shri Santosh Kumar Sahu S/o. Shri Menkal Sahu.**

प्रारक्षित मूल्यः- रुपये 14,76,000.00 (Rupees Forteen Lakh Seventy Six Thousand);

विक्रय की शर्तें

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए । अधिक विवरण हेतु मे. **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com, E-mail ID: support@bankeauctions.com.**
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट **https://www.bankeauctions.com** पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें ।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें) ।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रुपये **Rs. 1,47,600.00 (Rupees One Lakh Forty Seven Thousand Six Hundred only)**; ई. **RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER** द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी, खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित **Account no. 31067074055** in the name of Recovery Officer. E-auction account, DRT Jabalpur with **STATE BANK OF INDIA, RIDGE ROAD BRANCH, JABALPUR (IFSC Code: SBIN0007208)** में आवश्यक रुप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रुप से उल्लेखित करना होगा ।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक **23.04.2024** अथवा इसके पूर्व **17.00** बजे तक जमा करनी होगी ।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण 797- द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें ।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रु. **Rs. 15,000.00/- (Rupees Fifteen Thousand Only)** होगी । ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर स्सिटम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा ।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि **(ईएमडी)** वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी । इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि **(ईएमडी)** जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी ।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समयोजित करते हुए) अगले दिन **RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER** के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी ।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा । भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी । अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चुककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे ।
11. संपत्ति **"जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत"** के आधार पर विक्रय की जायेगी ।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **11.04.2024** प्रातः **12** से **16** बजे तक किया जा सकेगा ।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी ।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा ।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Shri Saurabh Shrivastava, Chief Manager, Mob No. 9644050800** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा । संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है ।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण में. **M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com.**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Shri Saurabh Shrivastava, Chief Manager, Mob No. 9644050800** से प्राप्त की जा सकती है ।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छ के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं । प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी । डीआरटी/बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 19.03.2024

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी

■ न्यूज गैलरी

जिले के 659 मतदान केन्द्रों के लिए भवन अधिग्रहित

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए जिले के विधानसभा क्षेत्र लोरमी, मुंगेली एवं बिल्हा के कुल 659 मतदान केन्द्रों के लिए भवन का अधिग्रहण किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के नियमों के तहत मतदान प्रक्रिया समाप्ति तक भवन एवं परिसर का अधिग्रहण किया गया है।

बिना अनुमति के अवकाश प्रतिबंधित

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की कार्यवाही सम्पन्न होने तक जिले में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। कलेक्टर ने आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा अवकाश हेतु प्रस्तुत आवेदनों पर विचारोपरांत स्वीकृति के लिए नस्तियों के प्रस्तुतिकरण हेतु अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

10वीं की परीक्षा में तीन विद्यार्थी अनुपस्थित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली चंद्रकुमार धृतलहरे ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 के परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा का औचक निरीक्षण किया। केन्द्राध्यक्ष डॉ. आईपी यादव ने बताया कि परीक्षा के दौरान 10वीं का संस्कृत विषय में इस केंद्र में कुल 119 में 116 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालन एवं समग्र परीक्षा व्यवस्था उत्तम पाई गई। निरीक्षण दल में विक्रम सिंह ठाकुर एवं रामकृष्ण वैष्णव सहायक के रूप में उपस्थित रहे।

रासेयो का लगा विशेष शिविर

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई द्वारा सात दिवस विशेष शिविर का आयोजन अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन में 15 से 21 मार्च तक ग्राम चालान में किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी ई. अनुराग श्रीवास्तव ने शिविर के विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी। शिविर के चौथे दिन 18 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा भारती मुंगेली से गजेंद्र साहू, सुनील साहू, विकास बुनकर और कार्यक्रम में महाविद्यालय और जिला अस्पताल के स्वयं से कर्मचारी और अधिकारियो ने हिस्सा लिया।

जुआ खेलते आठ गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। सोनादुला में लीलागर नदी के पास जुआ खेलने वाले बिलासपुर, जांजगीर चांपा और कोरबा जिले के आठ जुआरियों को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के फड़ से पुलिस ने 70760 नकद और 5 बाइक एवं एक ब्रेजा कार जब्त किया है। अकलतरा और सायबर टीम जांजगीर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अकलतरा क्षेत्र के ग्राम सोनादुला लीलागर नदी के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां नागेन्द्र सूर्यवंशी नरगोड़ा थाना सीपत, दीप सिंह टण्डन बोरसी थाना पामगढ़, मोहनिश कुमार सूर्यवंशी नरगोड़ा थाना सीपत, मनीष यादव कोटमीसोनार थाना अकलतरा, हरीश टंडन, बोरसी थाना पामगढ़, प्रहलाद साहू कोटमीसोनार थाना अकलतरा, विष्णुकांत टंडन नरियरा थाना मुलमुला और राजकुमार साहू बरबसपुर थाना उरगा जिला कोरबा जुआ खेलते मिले।

सड़क कीचड़ से सनी, लोग हुए हलाकान

राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए चल रहा काम, लोगों की सुविधाओं का नहीं रखा गया ध्यान

बारिश से बढ़ी लोगों की परेशानियां, मुंगेली पंडरिया मार्ग बेहाल

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में बदहाल सड़के स्थानीय लोगों के लिए परेशानियों का सबब बन गई है। जिला मुख्यालय से पण्डरिया रोड जाने वाली नेशनल हाईवे पर पिछले दो दिनों की बारिश के चलते आवागमन ठप है। निर्माणाधीन सड़क पर कीचड़ के चलते सैकड़ों गाड़ियां सड़क पर खड़ी हो गई। कछुआ गति से चल रहे निर्माण कार्य से हल्की बारिश होने पर 2 दिनों से इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। बोर्ड एवं महाविद्यालय की परीक्षा दिलाने वाले विद्यार्थियों को रास्ता बंद हो जाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिलासपुर से पोड़ी कवर्धा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बाघामुड़ा से शीतलकुण्डा तक पिछले कुछ महीनों से सड़क निर्माण के नाम पर सड़कों को खोदकर मिट्टी डाल दिया गया है। जिससे मौसम सूखा रहने पर उड़ती धूल से लोगों के कपड़े एवं आंखे खराब हो रही है। बारिश होने पर इस मार्ग पर गाड़ियों का चलना बंद हो जाता है। जिससे यात्री परेशान होते रहते है। ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कराये जा रहे कार्य के चलते इस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पिछले दो दिन से हो रही बारिश के चलते इस मार्ग पर चलने वाली बस एवं बड़ी गाड़ियां से लेकर दो पहिये वाहन नही चल पा रहे है। रास्ते में सैकड़ों गाड़ियां गीली मिट्टी के चलते खड़ी हो गई है।

जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अधिकारी वर्ग मनमाने ढ़ंग से कार्यो को अंजाम दे रहे है। नेशनल हाईवे के अधिकारी कार्य को देखने के लिये फील्ड पर नजर नही आते। संबंधित कार्यपालन अधिकारी से मोबाइल पर संपर्क करने पर मोबाइल से संपर्क नही हो पाता। सड़क निर्माण के दौरान निर्माण संबंधित शिला पट्ट भी नही लगाया गया है। विभागीय अधिकारी से संपर्क नही होने पर लोगों को प्रस्तावित सडक की लम्बाई, चौडाई, मोटाई निर्माण सामाग्री के मिश्रण के अनुपात, अवधि आदि की जानकारी नही मिल पाती। यदि कोई निर्माण में गडबडी की शिकायत करता भी है तो संबंधित अधिकारी संज्ञान नही लेते इसका परिणाम यह होता है कि ठेकेदार मनमाने ढ़ंग से कार्य को अंजाम दे रहे है।

सड़को के निर्माण की जिम्मा जिन विभागो व एंजेंसियो के पास है वे अपने दफ्तर से बाहर नही निकलते। इस कारण वे निर्माण कार्य की निगरानी सही ढंग से नही कर पाते।

अधिकारियों को निर्देश

मुंगेली–सेतगंगा मार्ग पर बारिश के चलते आवागमन में हो रही परेशानी के संबंध में जानकारी मिली है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया जायेगा।

निष्ठा पाण्डेय तिवारी
अपर कलेक्टर, मुंगेली

नहर सीमेंटीकरण कार्य में गुणवत्ताहीन कार्य

ग्रामीणों ने की ठेकेदार के खिलाफ घटिया सामग्री उपयोग करने की शिकायत

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम भुरका से घानाघाट तक नहर सीमेंटीकरण कार्य में गुणवत्ता को ताक में रख कर कार्य कराने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि ठेकेदार अमानक स्तर मटेरियल का उपयोग कर विभागीय अधिकारी से सांठ-गांठ कर घोटाले को अंजाम देने के फिराक में हैं।

जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम भुरका से घानाघाट तक नहर सीमेंटीकरण कार्य कराया जा रहा है। कार्य में गुणवत्ता का ध्यान न रखकर अमानक स्तर की मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। कार्य स्थल पर विभागीय अधिकारियों के नही रहने से कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। कार्यों की भौतिक सत्यापन भी आंख मूंद कर अधिकारी कर रहे है। वही जब विभागीय अधिकारी कार्यपालन अभियंता राजेन्द्र मिश्रा से मोबाइल से संपर्क किया गया तो उन्होंने मोबाइल

फोन रिसीव नही किया। ग्रामीणों ने जब ठेकेदार के सुपरवाइजर से उक्त कार्य के संबंध में जानकारी चाही तो उनके द्वारा गोलमोल जवाब दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त कार्य मे अधिकारी और ठेकेदार की सांठ-गांठ से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सेमरकोना से घानाघाट नहर में लगभग 5 किलो मीटर त्तक कराई जा रही नहर पीचिंग कार्य में पीचिंग करने से पहले मुरूम फिलिंग कार्य किया जाता है जिसके जगह मिट्टी का उपयोग किया गया है। वही अमानक स्तर का मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई श्रीवास्तव से बात करने पर बताया कि नहर लाईनिंग सीमेंटीकरण के कार्य में मुरूम डालने का कोई प्रावधान नही है। इसी प्रकार उन्होने लाल गिट्टी को भी गुणवत्तायुक्त बताया। ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारी ही ठेकेदार से मिली भगत हो तो काम की गुणवत्ता की कैसे उम्मीद की जा सकती है। घटिया निर्माण की शिकायत ग्रामीण हरिभजन सिंह, भंवर कश्यप, दूज राम यादव, हीरा कश्यप, नरेंद्र कश्यप, नानू कश्यप, चिंकी कश्यप, परदेसी साहू, प्रकाश सिंह, संतोष निर्मलकर ने किया है।

टोनही प्रताड़ना के तीन आरोपियों को एक-एक साल की मिली सजा

सक्ती/नवप्रदेश। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अरविन्द कुमार जायसवाल ने बताया कि सन 2016 में थाना सक्ती अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में पीड़िता सुबह के समय अपने कोला बाडी में जा रही थी, उसी दौरान गांव के सूरज पटेल, दिलेश कुमार पटेल, सदाराम पटेल एवं 1 अपचारी बालक के द्वारा मिलकर पीड़िता को तुम टोनही हो, तुम्हारे काला जादू करने से लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं, तेरे जादू टोना करने से लोग परेशान रहते है तथा थाना में झूठा रिपोर्ट लिखाकर परेशान करती हो कहकर उसके साथ मारपीट किए थे। जिसकी सूचना पीड़िता ने थाने में दी गई थी जिस पर थाना सक्ती द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 396/2016 दर्ज कर अन्वेशण प्रारंभ किया गया था। थाना सक्ती के द्वारा गवाहों का कथन लेखकर घटना स्थल का नक्शा तैयार किया गया तथा विवेचना समाप्ति उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया था मामले में न्यायालय गंगा पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ती जिला सक्ती के समक्ष सुनवाई हुई, जिसमें न्यायालय द्वारा आरोपी को सिद्ध पाए जाने पर तीनों आरोपीगण को छ.ग. टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धारा 4 एवं 5 के अंतर्गत 1-1 वर्ष के ससश्रम कारावास एवं 01-01 हजार रू. के जुर्माने से दंडित किया गया । प्रकरण में विवचेना ससहायक उप निरीक्षक रमेश शर्मा के द्वारा किया गया था।

लगातार बारिश से लोग परेशान

कामकाज प्रभावित हो रहा है, खड़ी फसलों को नुकसान भी

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया हैं। विगत तीन दिनों से अचानक बारिश हो रही है। बारिश के चलते लोगों का कागकाज प्रभावित हुआ। जिससे तापमान में भी गिरावट आई। बारिश के चलते लोग घरो में दुबके रहने को मजबूर है, जिससे सड़के सूनी नजर आ रही। रात को बारिश के साथ जमकर ओला वृष्टि हुई।

रविवार की सुबह से ही बादल छाये रहे। शाम मे तेज मूसलाधार बारिश के साथ-साथ हुई ओलावृष्टि। दूसरे दिन भर ठंडी हवाएं चली,और देर रात फिर तेज बारिश हुई। इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट आई।मंगलवार को भी बादल छाये रहे पिछले तीन दिनो से हो रही बारिश के चलते साप्ताहिक होली का बाजार भी प्रभावित हुआ। मौसम के इस बदलाव से सर्दी, बुखार का प्रकोप बढ़ने की आशंका लोगों को सताने लगी हैं। दिन और रात का तापमान कम होने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता हैं। ठंड के मौसम में उतार-चढ़ाव लगा हुआ हैं।

बारिश होने से मौसम सभी जगहों पर तकरीबन एक जैसा ही रहा। ओलावृष्टि से खेत में खड़े गेंह और सब्जी की फसल को नुकसान होने के साथ ही मुनगा व आम की पैदावार पर काफी प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ओला की मार से मुनगा के फूल और आम के बौर झड़ गए। वहीं तेज हवा के कारण बिजली की समस्या भी देखने को मिली। इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। अब देखना होगा कि आने वाले होली त्यौहार के अवसर पर मौसम का मिजाज बदलेगा या फिर यथावत रहेगा। मौसम में बदलाव होने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा हैं। जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। डॉक्टरों की मानें तो इस मौसम का असर खासकर शिशुओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा हैं। क्योंकि मौसम के हिसाब से इनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं। ऐसे में यदि गर्म-ठंडा मौसम होता हैं तो वह कमजोरी पैदा करता हैं। इस कारण इस वर्ग के लोगों को मौसम को मद्देनजर रखते हुए एहतियात बरतना चाहिए। ताकि बीमारियों से बचा जा सकें। अस्पतालों में अभी सर्दी-खासी और वायरल के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। मौसम में बदलाव के चलते किसानों ने रबी की फसल को लेकर नुकसान की संभावना व्यक्त की है।

फागुन एकादशी पर श्रीराम मंदिर से भजन के साथ निकली निशान यात्रा

सक्ती/नवप्रदेश। फागुन एकादशी पर श्रीराम मंदिर से निशान यात्रा निकाली गई जिसमें महिलायें एवं पुरूषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह निशान यात्रा राम मंदिर से षुरू कर परशुराम चौक, सांई मंदिर, नवधा चौक, अग्रसेन चौक, गौरव पथ रोड से होकर बुधवारी बाजार होते हुये राधाकृश्ण मंदिर पहुंची। जहां श्याम भक्तों द्वारा गुलाल से होली खेली । राधाकृष्ण मंदिर परिसर में निषान यात्रा में शमिल हुये भक्तों के लिये जलपान की व्यवस्था ष्याम भक्तों द्वारा की गई थी आज सुबह से ही नगर में निषान यात्रा को लेकर भारी उत्साह श्याम भक्तो का देखा गया । इस निशन यात्रा में भाजपा के प्रत्याशी कमलेश जागड़े भी शामिल हुई तथा नगर के हर मंदिरों में मंथा टेक कर पुजा अर्चना की । श्याम भक्त संतोष अग्रवाल ने

बताया कि यह श्याम निशान यात्रा कई वर्षो से जनसहयोग से निकाली जाती है फागुन एकादशी के दिन हर भक्तों के लिये प्रसाद एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है निशान यात्रा आयोजन समिति द्वारा निःशुल्क था तथा रात्रि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें भजन गायक गाजियाबाद से प्रशांत सूर्यवंशी, कोतमा से संदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति दी।

चुनाव निर्वाचन कार्यों के सुचारू संपादन, मतदाताओं की मदद करने और निर्वाचन संबंधी कार्यों में सुगमता लाने अनेक एप और पोर्टल उपलब्ध

लोकसभा चुनाव में ये एप्स और पोर्टल मतदाताओं के लिए आएंगे काम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं के लिए है बेहद मददगार। सी-विजिल से आदर्श आचार संहिता के मामलों में शिकायत, तो सुविधा एप से ऑनलाइन नामांकन और विभिन्न अनुमति के लिए किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यों के सुचारू संपादन, मतदाताओं की मदद करने और निर्वाचन संबंधी कार्यों में सुगमता लाने विभिन्न एप और पोर्टल उपलब्ध कराए गए हैं, जो मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों दोनों के ही लिए बेहद मददगार हैं।

सी-विजिल-आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों के सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आयोग द्वारा निर्मित सी-विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत केवल फोटोग्राफ एवं वीडियो के माध्यम से ही नहीं बल्कि ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यह एप्लीकेशन सरगुजा जिले में निर्वाचन के दौरान कार्यशील रहेगा। यदि कोई नागरिक इस विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर पर उपलब्ध सामान्य मामलों में शिकायतों की जांच 100 मिनट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी।

सुविधा- इस नवीन एप्लीकेशन के माध्यम से वर्तमान में नामांकन फॉर्म भरने हेतु कैंडिडेट ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं। इस एप्प का उपयोग कर विभिन्न अनुमतियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु विकसित कैंडिडेट एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

वोटर हेल्पलाइन एप्प-मतदाता हेल्पलाइन मोबाइल ऐप की सहायता से मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिए फॉर्म जमा करने, डिजिटल फोटो मतदाता सूचना पर्ची डाउनलोड करने, शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं।

वोटर टर्नआउट एप्प- इस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर निर्वाचन में वोटर टर्नआउट (पुरुषों, महिलाओं और तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) की संख्या सहित) को देखा जा सकेगा।

वोटर सर्विस पोर्टल- इस पोर्टल का उपयोग कर 18 वर्ष या अधिक उम्र के नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या पहले से पंजीकृत मतदाता नाम या पता संशोधन करने

के लिए या अपना नाम मतदाता सूची से हटवाने हेतु भी आवेदन कर सकते हैं। इस एप्लीकेशन में आवेदक को आवेदन क्रमांक प्राप्त होता है, जिसका उपयोग आवेदक द्वारा अपने फॉर्म की स्थिति पता करने हेतु किया जा सकता सकता है। इसी के साथ पोर्टल में मतदाता सर्व सुविधा, मतदाता सूची का लिंक एवं निर्वाचन सम्बंधित सभी अधिकारियों की सूची भी प्राप्त की जा सकती है।

एनजीआरएस- इस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त न होना, आवेदन फॉर्म का निराकरण न होना या आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों को दर्ज करने के लिये किया जा सकता है।

पीडब्ल्यूडी मोबाइल एप्प- दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा यह एप विकसित किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर दोनों में उपलब्ध है।इस एप के माध्यम से दिव्यांगजन निर्वाचक नामावली में अपने दिव्यांगता दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकेंगे। मतदान दिवस में व्हीलचेयर हेतु रिक्वेस्ट डाल सकेंगे।

केवायसी ऐप- इस ऐप के माध्यम से निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। यदि अभ्यर्थी का कोई आपराधिक पूर्ववृत्त है तो इसकी जानकारी भी इस ऐप में उपलब्ध होगी।

ईएसएमएस ऐप- ईएसएमएस एप्लिकेशन को मोबाइल ऐप के माध्यम से पकड़ी गई या जब्त की गई वस्तुओं (नकदी, ड्रग्स, शराब आदि) के प्रत्यक्ष फॉर्म फील्ड के डेटा को डिजिटाइज करने के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। ईएसएमएस बैंक को नकदी संचलन के लिए क्यूआर कोड आधारित रसीदें तैयार करने की भी अनुमति देता है।

इसके साथ ही अन्य लिंक- अभ्यर्थी के द्वारा नामनिर्देशन के दौरान भरे गए शपथपत्र को देखने हेतु https://affidavit.eci.gov.in वेबसाइट का उपयोग कर सकते है। मतदाता सूची में अपना नाम सर्च करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट ceochhattisgarh.nic.in के लिंकhttps://electoralsearch.eci.gov.in/ में जाकर अपनी डिटेल देख सकते हैं। राज्य एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 1800 23 311950 एवं जिला स्तरीय टोल फ्री नंबर 1950 पर निर्वाचन संबंधित शिकायत दूरभाष के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती है। वहीं जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07774-299025 एवं 07774-299026 पर भी कॉल किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान, भरपाई करें सरकार

पंडरिया/नवप्रदेश । जिले में पिछले दो तीन दिनों से लगातार तेज तूफान,मूसलाधार बारिश और ओले ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की किसानों को भुगतना पड़ रहा है क्षेत्र में रबी फसल में चना, तिवरा,मसूर,गेंहू,धनिया की फसलों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है । जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी इस पर चिंता जाहिर करते विज्ञप्ति जारी कर कहा भाजपा सरकार और प्रशासन किसानों के प्रति संवेदना दिखाते हुए प्रधानमंत्री फसल एवं आपदा प्रबंधन राजस्व पुस्तिका 6,4 के तहत जिले में किसानों का हुए नुकसान का राजस्व निरीक्षकों एवं ग्राम सेवकों के माध्यम से जल्द ही सर्वे कराएं और किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि अतिशीघ्र उपलब्ध कराएं जिससे किसानों को राहत मिल सके ।

हमर राज पार्टी सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बस्तर पर फोकस

जगदलपुर/नवप्रदेश। हमर राज पार्टी में बस्तर संसदीय सीट पर उम्मीदवार उतारने को लेकर बैठक जारी है. हमर राज पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी सीटों में लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान भी किया है. देश की दोनों राष्ट्रीय पार्टियां बीजेपी और कांग्रेस को टक्कर देने के लिए हमर राज पार्टी मजबूत आदिवासी चेहरे को बतौर प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है. पार्टी में उम्मीदवार के नाम को लेकर बस्तर के मुरिया सदन में विचार विमर्श चल रहा है. प्रत्याशियों को लेकर चर्चा जारी- हमर राज पार्टी के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा, ÷हमर राज पार्टी का उद्देश्य आदिवासी समाज को जगाना है. दोनो ही राष्ट्रीय पार्टियों ने समाज को हर बार अंधेरे में रखा है. आज भी आदिवासी अपने हक की लड़ाई को लेकर आंदोलनरत हैं. इसी बात को लेकर समाज को जगाने के लिए पार्टी मैदान में उतारी है।

स्कूल का छज्जा गिरा, मिड डे मील खाते समय 11 बच्चे घायल

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा के पसान क्षेत्र के दर्रीपारा इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां प्राथमिक स्कूल में जिस वक्त बच्चे मिड डे मील का भोजन खा रहे थे. उसी दौरान आंधी तूफान से स्कूल का छज्जा गिर गया. इस हादसे में ग्यारह स्टूडेंट घायल हो गए. हादसे के बाद सभी बच्चों को आनन फानन में पसान के प्राथमिक अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के बाद 6 बच्चों को छुट्टी दे दी गई और पांच बच्चों का इलाज जारी है. इन बच्चों का एक्सरे कराया जा रहा है. स्कूल में बनाया गया था टीन का छत - दर्रीपारा के प्राथमिक स्कूल में बच्चे जिस वक्त मीड डे मील के तहत भोजन कर रहे थे. उस दौरान यह हादसा हुआ है. स्कूलों में टीन की छत प्रतिबंधित है फिर भी स्कूल में टीन की छत लगाई गई थी. सीट गिरने के साथ ही बच्चों के सिर पर ईंट गिर पड़ी जिससे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें काफी चोटें आई है. टीन की छत प्रतिबंधित, लेकिन स्कूल में लगाया गया -नियमों के अनुसार किसी स्कूल के भवन का छत पक्का होना चाहिए. लेकिन जिस स्कूल में हादसा हुआ है. वहां टीन की सीट लगी हुई थी. जिससे यह हादसा हुआ. कलेक्टर ने इस लापरवाही पर शिक्षा विभाग से जांच प्रतिवेदन लिए जाने की बात भी कही है.इस हादसे के बाद कोरबा के कलेक्टर फौरन हरकत में आए. सभी बच्चों के इलाज के बारे में उन्होंने तुरंत जानकारी ली और कलेक्टर ने बताया कि सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है. डिप्टी सीएम ने कही जांच की बात- जिस समय हादसा हुआ उस समय कोरबा के दौरे पर डिप्टी सीएम अरुण साव मौजूद थे. वह बीजेपी के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।

पैसे लेकर पास कराने का आरोप, छात्रों ने कलेक्टर से की शिकायत

■ **खैरागढ़ में शिक्षा व्यवस्था बदहाल**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले में एक के बाद एक बदहाल शिक्षा व्यवस्था का मामले सामने आ रहा है. स्वामी आत्मानंद कन्या शाला में दसवी परीक्षा में नकल का मामला शांत हुआ नहीं कि रश्मि देवी महाविद्यालय में भी वार्षिक परीक्षा में नकल का मामला सामने आया है. दोनों मामलों में जांच का हवाला देकर जिम्मेदार मौन हैं. एक और ताजा मामला खैरागढ़ के आईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट से निकलकर सामने आया है. आईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के छात्रों ने सेंटर के डायरेक्टर राजेश देवांगन पर पैसे लेकर छात्रों को पास करने का आरोप लगाया है. इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की है. छात्रों ने बताया, जो छात्र पैसा नहीं देते उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और उन्हें फेल भी कर दिया जाता है।

इन मामलों में जिम्मेदार मौन हैं।

बता दें कि आईआईटी ग्रुप खैरागढ़ डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी से संबंधित संस्था है, जो स्थानीय रश्मि देवी नगर खैरागढ़ शहर में संचालित है. यहां छात्रो को डीसीए और पीजीडीसीए की रेगुलर क्लास दी जाती है. आज यहां के कुछ रेगुलर विद्यार्थी खैरागढ़ जिला कार्यालय पहुंचे और सेंटर के डायरेक्टर राजेश देवांगन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की. छात्रो ने बताया कि राजेश देवांगन उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण करने के नाम पर पैसे की मांग करता है. पैसा नहीं जमा करने पर लेट फीस 500 रुपए की अतिरिक्त मांग करता है. इतना ही नहीं शिकायत करने की बात पर डायरेक्टर राजेश देवांगन कहते हैं कि उनका कलेक्टर मुख्यमंत्री कोई कुछ नहीं कर सकता. इस मामले में डायरेक्टर राजेश देवांगन का कहना है कि सारे आरोप झूठा है।

क्रेन से होर्डिंग ढंकने चढ़ा मजदूर गिरकर गंभीर

■ **50 फीट के प्रवेश द्वार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव की फोटो को ढंकने चढ़ा था मजदूर**

मोहला/नवप्रदेश। स्टेट हाईवे पर लोकनिर्माण विभाग के होर्डिंग में लगी नेताओं की तस्वीरें ढंकने के दौरान एक मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, अंबागढ़ चौकी के ग्राम बिहरी से लोहारा निर्माणाधीन स्टेट हाईवे में स्थापित लगभग 50 फीट के प्रवेश द्वार पर बिना सेफ्टी के क्रेन में एक मजदूर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव की फोटो ढंकने के लिए चढ़ाया गया, जहां से मजदूर अचानक गिर गया, जिसके बाद 40 साल के दुष्यंत यादव की हालत नाजुक बताई जा रही है। मजदूर का जबड़ा, हाथ, पैर और कमर बुरी तरह से टूट चुका है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी से मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के लिए रेफर किया गया है। खून से लथपथ मजदूर को छोड़कर क्रेन चालक वहां से भाग गया था। लोकसभा चुनाव में संपत्ति वीरोपण की जिम्मेदारी जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी को दी गई है। जिनके इशारे पर कंस्ट्रक्शन कंपनी के हाई पावर क्रेन से उच्च स्तरीय प्रवेश में मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री के फोटो को ढ़कने के ले मजदूर को बिना किसी सेफ्टी के चढ़ाया गया था। मजदूर के अचानक नीचे गिरने के बाद खून से लथपथ घायल को सड़क पर छोड़ के क्रेन का ऑपरेटर समेत प्रशासनिक लोग वहां से भाग निकले।

आचार संहिता का उल्लंघन

सार्वजनिक और शासकीय राजनीतिक पार्टी के नेताओं की होर्डिंग और हाइवे सड़क के विशालकाय प्रवेश में छपे शासन के शासकों के फोटो उतारे नहीं गए हैं। जिससे चुनाव आचार संहिता का इस जिले में खुला उल्लंघन देखा जा रहा है।

विधायक इंद्र शाह मंडावी ने लगाए गंभीर आरोप

मोहला-मानपुर क्षेत्र के विधायक इंद्र शाह मंडावी ने कहा कि तमाम अधिकारी भाजपा नेताओं की गुलामी कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के आचार संहिता का उल्लंघन जाने को लेकर कहा कि, आज अचानक नींद से जागते हुए आचार संहिता लगने के पांचवे दिन बिहरी स्टेट हाईवे के विशालकाय प्रवेश द्वार में एक मजदूर को भाजपा नेताओं का फोटो ढकने के लिए चढ़ाया गया था।

जहां से वो गिर गया और वह मजदूर मरणासन्न स्थिति में पहुंच गया है। इसके जिम्मेदारी से भी अफसर भाग रहे हैं, इन पर कार्रवाई तय होनी चाहिए।

नौकरी लगाने के नाम पर शिक्षक ने की धोखाधड़ी, कलेक्टर एसपी से

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने एसएसपी सदानंद कुमार और कलेक्टर केएल चौहान से मामले की शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं ने शासकीय हाई स्कूल कटगी में पदस्थ शिक्षक शांतनु भारद्वाज पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि, कंप्यूटर ऑपरेटर, पटवारी, सहायक ग्रेड 3, फॉरेस्ट गार्ड, सुपरवाइजर यहां तक कि भृत्य के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में लगभग 9 से 10 लोगों से कैश, फोन पे और स्टांप पेपर में नोटरी करा कर शिक्षक शांतनु भारद्वाज ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी की।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शांतनु भारद्वाज ने बकायदा समाचार पत्र में जॉब वेकेंसी का विज्ञापन दिया था। उसके माध्यम से संपर्क करने पर एसजीपी जॉब प्राइवेट लिमिटेड रायपुर बुलाया गया। वहां पर अपनी ऊंची पकड़ और मंत्रालय में सेटिंग का झूठा दिलासा देकर मंत्रालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने की

बात कही। इस तरह से उसने 60 हजार रुपए चंद्रकुमार पटेल और उसके दोस्त शिवकुमार कैवर्त्य ने मांगी। दोनों ने जैसे-तैसे व्यवस्था की नकद और फोन पे के माध्यम से 55 हजार रूपए और 62 हजार 500 रुपए के साथ 12वीं की ओरिजनल अंकसूची शांतनु भरद्वाज को दे दी। लेकिन इसके बावजूद भी शांतनु भारद्वाज गुमराह करता रहा। मामले की शिकायत के बाद अति.पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का दिया आश्वासन। शिकायतकर्ताओं ने उसके गांव मड़वा और कटगी स्कूल जहां वो पदस्थ है, जाकर मिलने की कोशिश की। इसका कोई फायदा नहीं हुआ। ऐसे और भी सैकड़ों लोग हैं जिनसे नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। इधर पुलिस से शिकायत करने पर अति.पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

`स्वास्थ्य, शिक्षा, मतदान के प्रति ग्रामीणों को बनाया जागरूक

उतई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत कोड़िया में 11 से 17 मार्च तक 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रतिदिन योगाभ्यास, श्रमदान, साक्षरता व मतदाता जागरूकता दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, किसान गोष्ठी, ग्राम सर्वे सहित अनेक विषय विशेषज्ञों द्वारा बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया था।

बौद्धिक परिचर्चा में पूर्व स्वयंसेवक व शौर्य संगठन कोषाध्यक्ष रवि साहू ने एनएसएस के सम्बंध में जानकारी, जीडी रुंगटा कॉलेज के सहायक प्राध्यापक आदित्य कुमार ने जीवन कौशल व सामुदायिक विकास, इंडिया न्यूज के संवाददाता वैभव चंद्राकर ने कृषि क्षेत्र में मीडिया का योगदान विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया था।

रविवार को आयोजित समापन समारोह में जिला निषाद समाज के आंकेक्षक मलेश निषाद, वेदमाता गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, शौर्य युवा संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज, छग कॉलेज एनएसएस यूनिट कार्यक्रम अधिकारी विवेक पांडेय मौजूद थे।

मलेश निषाद ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है। अच्छे संस्कार से ईमानदार और सामाजिक व्यक्तित्व विकसित होता है।

भूपेश किस मुंह से विकास की बात कर रहे: संतोष

0 अपने कार्यकाल में राजनांदगांव लोकसभा मुख्यालय से कई कार्यालयों को ले गए थे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोक सभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने स्थानीय महाजन बाडी में आयोजित पत्रकार वार्ता मे भूपेश बघेल पर प्रहार करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल मे राजनांदगांव लोकसभा मुख्यालय से एडीबीए सेतु निगमए महुआ प्रसंग खाद्य प्रसंस्करण आदि को दुर्ग ले जाकर बदलापुर की राजनीति की है। वह किस मुंह से राजनांदगांव लोकसभा मुख्यालय के विकास की बात कह रहे है।

राजनांदगांव लोक सभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनते समय संविधान और गोपनीयता की शपथ ली और आम जनता के प्रति उसके हितो के पालन की बात कही वही महादेव एप व अन्य करप्शन के खतरनाक खेल में शामिल होकर भ्रष्टाचार की गंगा बहायी है। इस मामले में मैंने 22 दिसंबर 2023 को महादेव सट्टा एप की निष्पक्ष जांच करने की मांग मैंने संसद में उठाई थी ।यह ऐसा मामला है इसके लगातार खुलासे से छत्तीसगढ़वासियों के लिए रोंगटे खड़े हो रहे है। राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सन्तोष पांडे नेआकामक तेवर में

कहा कि भूपेश बघेल महादेव एप सट्टा कांड में फंसने के बाद आम जनता को बरगलाने के लिए सोशल व अन्य मीडिया के माध्यम से गलत बयानबाजी कर रहे हैं। यह तो चोर के दाढ़ी में तिनका वाली बात हो रही है। इस करप्शन खेल में सौम्या एसूर्यकांत त्रिपाठी सहित कई जेल में है और कई भी जायेगे। जनता ऐसे करप्शन को बर्दाश्त नहीं करेगी। यहां की जनता के साथ बडी धोखाधड़ी की गई हैं। राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे ने एक अन्य सवाल पर कहा कि आज कलयुग है सोशल मीडिया का योग है। आज दोषी व्यक्ति भी अपने बात को तोड़ मरोड कर प्रस्तुत करता है और जनता को अधिक भ्रमित करता है। राजनांदगांव लोक सभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि कौन कितने पानी में हैं यह सब जनता जानती है। यह वही कांग्रेस है जो गाय की पूछ और गंगाजल कसम खाकर वायदा करते हैं और अपने वायदे से पलट जाते हैं। भूपेश बघेल ने ऐसे ही कई मामलो पर छत्तीसगढ़ की जनता के साथ बड़ी धोखाधड़ी की है । इसलिए किसी कीमत पर जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

सत्ता का दुरुपयोग कर दबाव की राजनीति पर उतारू भाजपा इसीलिए एफआईआर : शाहिद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के प्रभारी शाहिद भाई ने राजनांदगांव के लुके छिपे सांसद के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मिल रहे व्यापक जनसमर्थन पर दबाव की राजनीति करते हुए ईओडब्लू में एफआईआर दर्ज करने का काम किया है, जिसे जनता भली भांति समझती है।

महामंत्री शाहिद भाई ने बताया कि एक तरफ केंद्र की भाजपा सरकार महादेव एप जैसे फ्यूचर गेमिंग कंपनी से 1300 करोड़ चंदा लेकर उनको एवं महादेव एप को बंद ना कर आज भी संरक्षित किए हुए हैं, वहीं दूसरी और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल के नेतृत्व में महादेव ऐप पर कार्यवाही करते रायपुर में 33 केस दर्ज कर 209 लोगों की गिरफ्तारी, 90 लैपटॉप 410 मोबाइल, 210 एटीएम सहित 1.36 करोड़ की संपत्ति एवं 18.50 लाख नगद के साथ-साथ डेढ़ करोड़ रुपये की जमा राशि वाले 710 बैंक खताओं को फ्रिज किया गया। इसी प्रकार दुर्ग के 26 मामलों में 194 लोगों की गिरफ्तारी, 78 लैपटॉप, 271 मोबाइल, 231 बैंक खाता जिसमें दो करोड़ रुपए की राशि जमा थी को फ्रिज किया गया। साथ ही जगदलपुर में 4 लोगों की गिरफ्तारी 5 मोबाइल एवं डेढ़ लाख रुपए जप्त किए और अंबिकापुर में 3 एफआईआर के अंतर्गत 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस प्रकार पूरे प्रदेश में 72 मामले दर्ज कर 449 लोगों को गिरफ्तार करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था।

मुठभेड़ में दो नक्सली ढ़ेर, 5 लाख की इनामी महिला भी शामिल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र सुरक्षा एवं क़ानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु दंतेवाड़ा जिला सहित सरहदी क्षेत्रों में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी0 पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप एवं उप महानिरीक्षक परिचालन सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज श्री विकास कठेरिया के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय , श्री स्मृतिक राजनाला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री रामकुमार बर्मन के निर्देशानुसार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् दन्तेवाड़ा से कल

19 मार्च को थाना किरन्दुल क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गमपुर के जंगल में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा, तथा सी आर पी एफ 111, 230, 231 बटालियन की यंग प्लाटून की संयुक्त टीम उप पुलिस अधीक्षक श्री राहुल कुमार उयके के नेतृत्व में नक्सल गश्त सर्चिंग अभियान पर निकली थी। नक्सल गश्त सर्च अभियान के दौरान थाना किरंदुल अंतर्गत पुरंगेल व गमपुर के जंगल पहाड़ी के बीच पूर्व से ऐम्बुश लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी पर अवैध हथियारों से अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू किया गया। पुलिस बल द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर नक्सलियों पर जवाबी फ़ायरिंग कार्यवाही की गई ।जिसमें पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल झाड़ी की आड़ लेकर भाग खड़े हुये। बाद में पुलिस पार्टी के द्वारा सर्च करने पर एक पुरुष माओवादी व एक महिला माओवादी का शव बरामद हुआ ।

मारे गये महिला माओवादी की पहचान डोडी लक्खे उर्फ माड़वी लक्खे मिलिट्री प्लाटून नंबर 24 सदस्य/ केरलापाल च्रस्स् अध्यक्ष/ एसीएम (एरिया कमेटी सदस्य) के रूप में हुई है।

कैरियर बनाने के लिए व्यक्तित्व के साथ आत्मविश्वास का होना आवश्यक: डा. बसंत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन एवं स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में कैरियर मार्गदर्शन समिति के संयोजक और मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत सोनबर ने छात्राओं को बतलाया कि कैरियर बनाने के लिए व्यक्तित्व का बहुत महत्व है। प्रभावशाली तरीके से हम अपनी बातों को कैसे रख सकते हैं? इसके लिए उन्होंने आत्मविश्वास का होना आवश्यक बताया।प्राचार्य ने छात्रों को बतलाया कि विषय के अनुसार कैरियर का चयन किस प्रकार से किया जाता है? साक्षात्कार के समय तनाव मुक्त होकर अपनी बातें रखना चाहिए, इसके लिए मन में किसी प्रकार का झिझक या डर नहीं होना चाहिए।प्राणी शास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो. आलोक जोशी ने बतलाया कि सतत प्रयास और संकल्पित होकर तैयारी करने से कैरियर बनाने में आसानी से सफल हो सकते हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं लोकतंत्र के त्यौहार में स्वयं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अन्य लोगों को भी भागीदारी करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। प्रोफेसर जोशी ने छात्रों को बताया की 85 साल से अधिक उम्र की मतदाताओं एवं गंभीर रूप से दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी।

गौरैया को बचाने कमांडो ने छेड़ी मुहिम

बालोद/नवप्रदेश। प्यारी नन्हीं गौरैया के हर किसी के घर-आंगन में आने से गुलजार दिखता था. गौरैया घरों में घोंसले बनाकर रहती थी और दाना पानी की आस में घरों के इर्दगिर्द मंडराती रहती थी. अब पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते प्रदूषण से गौरैया की चीं चीं-चूं चूं की मधुर आवाज शहरों में काफी कम सुनाई देती है, गौरैया हमसे रुठ गई है. वह अब घरों के आंगन में भी नजर नहीं आती. हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस है मनाया जाता है. जो गौरैया को संरक्षित करने के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है. वहीं छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के दल्लीराजहरा में रहने वाले ग्रीन कमांडो के नाम से जाने जाने वाले वीरेंद्र सिंह अपनी जल संरक्षण और पेड़ पौधे पशु पक्षियों को सुरक्षित और संरक्षित रखने हमेशा तरह-तरह के कार्य करते रहते हैं।

चुनाव | शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

भाजपा बदलापुर की राजनीति कर डराने का काम कर रही: बघेल

राजनांदगाव/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक की बूथ एवं ब्लाक के सभी कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक कार्यकर्ता सम्मेलन राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी भूपेश बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा बदलापुर की राजनीति करते हुए डराने का काम कर रही है, जब से उनके राजनांदगांव से प्रत्याशी बनने की घोषणा हुई है। भाजपा की नींद हराम हो गई है, जिससे वह बदले की राजनीति करने पर उतारू है, लेकिन उनकी इन धमकियों से ना भूपेश बघेल डरने वाला है ना कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता डरेगा। उन्होंने कहा कि इस चुनावी रण में

बेरोजगारी के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ, देश में व्याप्त महंगाई और तानाशाही के खिलाफ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता मतदान करने वाली है। आप सभी कांग्रेसजन भूपेश बघेल बनकर चुनावी रण में उतर जाएं आपकी मेहनत की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि सच्ची मेहनत और लगन से किया गया कार्य कभी असफल नहीं होता और कहा कि मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं राजनांदगांव संस्कारधानी की आवाज को भारत की आवाज बनाने में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को चाहे वह कितना भी बड़ा हो उसे अपने बूथपर पहले कार्य करना है, तभी हमारी जीत सुनिश्चित होगी। सूर्यकांत जैन ने चुनावी तैयारी को लेकर जानकारी दी।

दो दिवसीय फाग-झांकी स्पर्धा 22 से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ठेलकाडीह के समीपस्थ ग्राम चारभांठा में 22 मार्च से भाग गीत व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। दो दिवसीय इस फाग व झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पांच विजेता टीम को नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य व मीडियाकर्मी संजू साहू ने बताया कि झांकी वर्ग में प्रथम विजेता टीम को 6000 रुपये, द्वितीय मंडली को 4000 रुपये, तृतीय मंडली को 3000 रुपये, चतुर्थ मंडली को 2000 और पांचवां स्थान हासिल करने वाली मंडली को 1000 रुपये नकद राशि दी जाएगी। इसी तरह फाग गायन के प्रथम पांच विजेता मंडली को 4000 रूपये, 3000 रूपये, 2000 रूपये, 1000 रूपये और 700 रुपये नकद से पुरस्कृत किया जाएगा।

सेंसेक्स 600 अंक टूटा, एफएमसीजी शेयर गिरा

नई दिल्ली। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) स्टॉक सेक्टोरल इंडेक्स में 1.9 फीसदी की गिरावट के साथ कमजोर कारोबार कर रहे हैं। एफएमसीजी इंडेक्स टॉप सेक्टर लूजर्स में से एक है। नेस्ले में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है।कोलगेट पामोलिव करीब 4 फीसदी नीचे है। होनासा कंज्यूमर 3.7 फीसदी, टाटा कंज्यूमर 3.4 फीसदी, पतंजलि फूड्स 3.2 फीसदी, यूनाइटेड ब्रुअरीज 3 फीसदी, गोदरेज कंज्यूमर 2 फीसदी से ज्यादा और ब्रिटानिया 2 फीसदी से ज्यादा नीचे है।बिकवाली के कारण बीएसई सेंसेक्स 600 अंक से अधिक नीचे है। ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक हालिया रिपोर्ट में कहा था कि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में एफएमसीजी सेक्टर में मांग सुस्त है।

रिटेल डेटा पर नज़र रखने वाली नीलसन ने इस सेक्टर के लिए 4.5-6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है।एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा, अल-नीनो का प्रभाव मई तक रहने के कारण कृषि क्षेत्र में वृद्धि कम रहेगी जिससे खपत में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है।

शेयर बाजारों में सुबह के कारोबार में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजारों में बुधवार को सुबह के कारोबार में उतार-चढ़ाव रहा। हरे निशान में खुलने के बाद सेंसेक्स एक समय 337.63 अंक यानि 0.47 प्रतिशत टूटकर 71.674.42 अंक तक तक लुढ़क गया था। हालाँकि बाद में वापसी करते हुए 124.73 अंक की तेजी के साथ 72,136.78 अंक पर पहुँच गया। निफ्टी भी 107.25 अंक टूटकर एक समय 21,710.20 अंक तक उतर गया था। लेकिन दोपहर होते-होते यह 39.50 अंक की बढ़त से साथ 21,852.80 अंक तक चढ़ गया।

निफ्टी50 में एशर मोटर के शेयर चार प्रतिशत और मारुति सुजुकी के तीन प्रतिशत की बढ़त में थे। वहीं, टाटा कंज्यूमर और टाटा मोटर्स में करीब ढाई-ढाई फीसदी की गिरावट रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व नीतिगत दरों पर निर्णय बुधवार को जारी करेगी। इससे अमेरिकी बाजार में रुझान तय होगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि फेडरल रिजर्व इस साल दर में कटौती के धीमे रुख का संकेत दे सकता है। इस चिंता के कारण बुधवार को एशियाई शेयरों में नरमी रही।

ईस्पोर्ट्स, गेम डेवलपमेंट में अधिक अवसरों की संभावना : सीआईआई

पुणे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे समय में जब देश का गेमिंग क्षेत्र उल्लेखनीय छलाँग के लिए तैयार है, ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट उद्योग में अधिक नौकरियाँ पैदा की जा सकती हैं।

पुणे में हाल ही में संपन्न इंडिया गेमिंग शो में सीआईआई के अध्यक्ष आर. दिनेश ने कहा, भारत में बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नए रास्ते बनाने की अपार क्षमता है, जिससे ईस्पोर्ट्स और गेम डेवलपमेंट में अधिक नौकरियों के सृजन का रास्ता खुलेगा।

दिनेश ने आने वाले वर्षों में तेजी से विकास का अनुमान लगाते हुए इस उभरते क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मोर्चों पर इनकी बढ़ती प्रमुखता पर जोर देते हुए वीडियो गेम और ईस्पोर्ट्स क्षेत्र की परिवर्तनकारी यात्रा को रेखांकित किया।

इंडिया गेमिंग शो के छठे संस्करण में 10 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया, जिसमें इंडोनेशिया ने अतिथि देश के रूप में शुरुआत की।वर्तमान में एक प्रतिशत से कम की बाजार हिस्सेदारी के साथ, देश के गेमिंग क्षेत्र में विस्तार की अपार संभावनाएँ हैं, जो पीसी, मोबाइल और कंसोल गेमिंग में प्रचलित रुझानों से प्रेरित है।

दिनेश ने कहा कि भारत के पास विशेष रूप से निर्मित खेलों के विकास का नेतृत्व करने का अनूठा अवसर है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वैश्विक और घरेलू दोनों उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले।सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि उभरते क्षेत्र को एक जिम्मेदार नीतिगत ढाँचे की आवश्यकता है।उन्होंने जनता को शिक्षित करने और नैतिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार गेमिंग प्रथाओं के सामाजिककरण के महत्व पर जोर दिया।बनर्जी ने उपलब्ध प्रतिभा के पूल को बढ़ाने और जनसांख्यिकी में उल्लेखनीय सुधार के लिए उद्योग में नवाचार और कौशल विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिससे क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

2026 में पटरी पर दौड़ने लगेगी अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन 2026 में पटरियों पर दौड़ने लगेगी।मंत्री ने कहा, भारत की पहली बुलेट ट्रेन 2026 में तैयार हो जाएगी और सूरत से एक सेक्शन में चलेगी।उन्होंने कहा कि स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और समुद्री सुरंग पर काम शुरू हो गया है। इसी सुरंग से ट्रेन ठाणे से मुंबई पहुंचेगी।रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का एक वीडियो साझा किया। इस कॉरिडोर के चालू होने से दोनों शहरों के बीच 508 किलोमीटर की दूरी का समय घटकर मात्र 2 घंटे रह जाएगा।मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया था, मोदी 3.0 में बुलेट ट्रेन के लिए तैयार रहें!वीडियो में 1.08 लाख करोड़ रुपये के निवेश से बन रही अत्याधुनिक ट्रेन परियोजना की कुछ विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है। इस मार्ग पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होने की उम्मीद है।कॉरिडोर में स्लैब ट्रैक सिस्टम की सुविधा होगी, यह तकनीक भारत में पहली बार इस्तेमाल की जाएगी।बुलेट ट्रेन रूट के लिए 24 पुल और सात पहाड़ी सुरंगें बनाई जा रही हैं। कॉरिडोर में 7 किमी लंबी समुद्र के नीचे सुरंग भी होगी।

जोमैटो ने वेजिटेरियन्स के लिए लॉन्च किया प्योर वेज फ्लीट और प्योर वेज मोड

नई दिल्ली। जोमैटो के को-फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल ने प्योर वेज ग्राहकों का ख्याल रखते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर 'प्योर वेज फ्लीट' और 'प्योर वेज मोड' को शामिल किया है, जिससे कस्टमर्स को ऐसे रेस्टोरेंट ढूढ़ने में आसानी होगी, जो केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्योर वेज मोड और प्योर वेज फ्लीट किसी धर्म या राजनीति पार्टी विशेष के लिए लॉन्च नहीं किया गया है। 'प्योर वेज मोड' में ऐसे रेस्तरां शामिल होंगे जो केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं और मांसाहारी आइटम परोसने वाले सभी रेस्तरांओं को बाहर कर दिया जाएगा।

गोयल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में शाकाहारी लोगों का प्रतिशत सबसे बड़ा है, और हमें उनसे जो सबसे महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है, वह यह है कि वे इस बात पर बहुत खास ध्यान देते हैं कि उनका भोजन कैसे पकाया जाता है । 'प्योर वेज फ्लीट' केवल शुद्ध शाकाहारी रेस्तरां के ऑर्डर ही परोसेगा। गोयल ने कहा, इसका मतलब यह है कि नॉन-वेज भोजन या नॉन-वेज रेस्तरां द्वारा परोसा गया शाकाहारी भोजन, हमारे

'प्योर वेज फ्लीट' के लिए बने हरे डिलीवरी बॉक्स के अंदर कभी नहीं जाएगा। कंपनी भविष्य में ग्राहकों की विशेष जरूरतें पूरी करने के लिए और अधिक विशिष्ट चीजें लाने की योजना बना रही है। जोमैटो ने बताया कि कंपनी आने वाले समय में हाइड्रोलिक बैलेंसर्स के साथ एक विशेष केक डिलीवरी लेकर आ रही है, जो केक को खराब होने से बचाता है। अगले कुछ हफ्तों में यह सुविधा पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू हो जाएगी। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में 125 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जिसमें पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 390 करोड़ रुपये का सुधार है। वित्तवर्ष 24 की तीसरी तिमाही में इसका समेकित समायोजित राजस्व साल-दर-साल 53 प्रतिशत बढ़कर 3,609 करोड़ रुपये हो गया।

ब्रिटिश सुरक्षा परिषद ने अदाणी विझिंजम पोर्ट को प्रदान किया अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार

तिरुवनंतपुरम। श्रमिकों और कार्यस्थलों को स्वस्थ व सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) को ब्रिटिश सुरक्षा परिषद से 2023 के लिए अंतर्राष्टीय सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किया गया है।एवीपीपीएल अंतर्राष्टीय सुरक्षा पुरस्कार 2024 में विशिष्टता पुरस्कार हासिल करने वाले दुनिया भर के 269 संगठनों में से एक है।अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) के सीईओ अश्वनी गुप्ता ने कहा,यह उपलब्धि उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह हमारी पूरी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है।एपीएसईज़ेड, अदाणी समूह का एक हिस्सा है। यह अपने बंदरगाह गेट से ग्राहक गेट तक एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करता है।ब्रिटिश सुरक्षा परिषद के मुख्य कार्यकारी माइक रॉबिन्सन ने इस उपलब्धि के लिए अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को बधाई देते हुए कहा कि वहां काम करने वाले सभी लोगों को इस उपलब्धि पर गर्व होना चाहिए।

एपीएसईज़ेड पश्चिमी व पूर्वी तट पर स्थित सात-सात बंदरगाहों और टर्मिनलों के साथ भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है। कंपनी कोलंबो, श्रीलंका में एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट भी विकसित कर रही है और इज़राइल में हाइफ़ा पोर्ट का संचालन करती है।

हॉकी इंडिया ने की 27 सदस्यीय टीम की घोषणा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 की तैयारियों के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। लिटमस एक संकेतक है, जिसका उपयोग उसके रंग परिवर्तन की मदद से यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है

भारतीय टीम इस प्रकार है- पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा, सुमित, संजय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमीर अली, मोहम्मद राहील मौसीन, जरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास शामिल होंगे।

ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए अंतिम 16 सदस्यीय टीम के चयन से पहले खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका देने के लिए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने लगभग पूरे कोर ग्रुप के साथ जाने का विकल्प चुना है।

क्रेग फुल्टन ने कहा, यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दौरा होगा क्योंकि इससे न केवल यह पता चलेगा कि हम किस स्तर पर हैं और पेरिस ओलंपिक से पहले हम किन क्षेत्रों में बेहतर होना चाहते हैं। यह खिलाड़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का पर्याप्त अवसर मिले और विभिन्न संयोजनों का परीक्षण करने के लिए भी यह एक अच्छा दौरा है।

उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ खेलना, जो पेरिस में संभावित पोडियम फिनिशर्स में से एक है, चुनौतीपूर्ण होगा और साथ ही वे मैचों में प्रतिस्पर्धा के स्तर के लिए एक समृद्ध अनुभव भी देंगे। यह एक अच्छी एक्सपोजर यात्रा होगी और हम देख रहे हैं इसके लिए आगे बढ़ें। भारतीय टीम छह अप्रैल को पहला मैच, सात अप्रैल को दूसरा मैच खेलेंगी, तीसरा मैच 10 अप्रैल, चौथा 12 अप्रैल और 13 अप्रैल को खेला जायेगा। भारतीय टीम एक अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होगी।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशफिकुर रहीम

चटगांव। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम अंगूठे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय मुश्फिकुर के अंगूठे पर गेंद लग गई थी। मैच के बाद हुई जांच से पता चला कि मुश्फिकुर के अंगूठे में फ्रैक्चर है। बांग्लादेश के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि मुश्फिकुर श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनके चार सप्ताह तक बाहर रहने की उम्मीद है। आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, मैच के बाद, मुश्फिकुर का ढाका में स्कैन हुआ, जिसमें उनके दाहिने अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला। इसलिए, लगभग तीन से चार सप्ताह तक उनके बाहर रहने की संभावना है। हालांकि, बीसीबी ने अभी तक रहीम के लिए किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। बांग्लादेश ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती है, जबकि मेजबान श्रीलंका ने टेस्ट श्रृंखला की ओर बढ़ने से पहले वनडे सीरीज 2-1 से जीती। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली जानी वाली यह टेस्ट सीरीज 2023-25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है।

मुंबई इंडियंस को तगड़ा झटका, सूर्यकुमार यादव NCA में फिटनेस टेस्ट में फेल

नई दिल्ली। भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली।

एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और

सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। सोमवार को मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है।

तो, सूर्या इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के मार्गदर्शन में भी हैं। इसलिए हम बस उस पर अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। मुझे सूक्ष्म प्रबंधन पसंद नहीं है। हमारे पास एक विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है वह उन सभी पर नियंत्रण रखता है। हां, अतीत में हम कुछ फिटनेस मुद्दों से बाधित रहे हैं।

कंगुवा का दमदार टीजर हुआ रिलीज

साउथ सिनेमा के कुछ कलाकार ऐसे हैं, जिनकी फिल्मों का फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। उन अभिनेताओं की सूची में सूर्या का नाम लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। सूर्या की अपकमिंग फिल्मों में कंगुवा मौजूद है, जिसकी चर्चा काफी लंबे समय से चली आ रही है। अब तक कंगुवा के कई पोस्टर सामने आ चुके हैं, जिनको देखकर प्रशंसकों का क्रेज काफी बढ़ा हुआ है और अब उनका ये क्रेज दोगुना होने वाला है। क्योंकि सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी स्टारर कंगुवा का टीजर लॉन्च कर दिया गया है।

आपको बता दें कि फिल्म मेकर्स की तरफ से इस बात का एलान पहले ही कर दिया गया था कि आज यानी 19 मार्च को कंगुवा का टीजर रिलीज किया जाएगा। तय समय के अनुसार, सूर्या की मोस्ट अवेटेड फिल्म कंगुवा का टीजर सामने आ गया है। इस टीजर में सूर्या और बॉबी देओल एक दम से अलग और खूंखार अंदाज में दिख रहे हैं।

खासतौर एनिमल फिल्म से धमाकेदार वापसी करने वाले बॉबी फिल्म कंगुवा के इस टीजर में धांसू लुक में नजर आ रहें हैं। इन दोंनों एक्टर के खतरनाक लुक इस लेटेस्ट वीडियो में आसानी से देखने को मिल जाएगी। इस टीजर से ये अनुमान लगाया जा सकता है कि सूर्या की कंगुवा एक अलग और अनोखी कहानी दर्शाने वाली है। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। फिल्म में बॉबी देओल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।प्रशंसक पिछले कुछ दिनों से फिल्म की एक झलक देखने का इंतजार कर रहे थे, जो खत्म हो चुका है। कंगुवा को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी।बताया जा रहा है कि डायरेक्टर शिवा के निर्देशन में कंगुवा को इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है।

वेदा फिल्म में फुल एक्शन अवतार में दिखाई दिए जॉन अब्राहम, शरवरी वाघ

जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की मोस्ट अवेटेड फिल्म वेदा का दमदार टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ फुल ऑन एक्शन अवतार में दिखाई दिए हैं. टीजर में शरवरी वाघ को सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाते देखा जा सकता है. वहीं जॉन अब्राहम उनके रक्षक बनकर उनके साथ जंग लड़ते दिखाई देंगे. दोनों स्टार्स का सामना विलेन बने अभिषेक बनर्जी से होने वाला है.

वेदा के टीजर की शुरुआत शरवरी वाघ के एक्शन लोडेड अवतार से होती है. जो अपनी हक की लड़ाई लड़ने के लिए जद्दोजहद करती दिखाई देती हैं. इसके बाद जॉन अब्राहम की एंट्री होती है जो कहते हैं- मुझे झगड़ना नहीं आता, सिर्फ जंग लड़नी आती है. इसके बाद जब उनके दुश्मन उनकी पहचान पूछते तो वो खुद को बाप बताते हैं. वेदा के टीजर में तमन्ना भाटिया की भी झलक देखने को मिलती है. फिल्म में तमन्ना और जॉन की केमिस्ट्री देखने को मिल सकती है। जी स्टूडियो के प्रोडक्शन में बनी एक्शन फिल्म वेदा को निखिल आडवाणी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ लीड रोल में हैं. इसके अलावा अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया भी फिल्म का हिस्सा हैं. वेदा इसी साल 12 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी। बता दें कि वेदा के जरिए जॉन अब्राहम डेढ़ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं. एक्टर आखिरी बार शाहरुख खान स्टारर पठान में दिखाई दिए थे. फिल्म में जॉन विलेन के रोल में नजर आए थे और ये फिल्म पर्दे पर हिट रही थी।

■ न्यूज गैलरी

चोर से बचाने महिला ने वाशिंग मशीन में छिपा दिए गहने

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में बैंक कर्मचारी के घर पर चोरी हुई है। चोर ने वाशिंग मशीन में छिपाए गहने को भी पार कर दिया। एक संदिग्ध गली से गुजरते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। टिकरापारा थाना पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी सत्यनारायण पांडेय ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वह बैंक आफबड़ौदा में कलेक्शन का काम करता है। शनिवार की रात वह खाना खाकर परिवार सहित सो गया था। रात में करीब तीन बजे सत्यनारायण को कुछ आहट सुनाई दी। जब उसने उठकर देखा तो बिस्तर में पड़े उसका मोबाइल गायब था।

चोरी से बचाने वाशिंग मशीन में छिपाए गहने: इसके बाद उसने घर की जांच की तो एक कमरे का ताला खुला हुआ था। पत्नी ने चोरी से बचाने कमरे के अंदर एक बंद पड़े वाशिंग मशीन में गहने छिपाई थी। आशंका है कि चोर को इस बात की भनक थी, उसने सभी गहने-जेवरात चोरी कर लिए। चोर ने घर से एक पर्स में रखे दो जोड़ी सोने के झुमके, एक जोड़ी सोने का हार, एक मंगलसूत्र और बिस्तर में रखे मोबाइल की चोरी कर ली।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों से हटाए पदाधिकारियों के नेम प्लेट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता के लागू होते ही रायपुर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। ट्रैफिक्र पुलिस ने गाड़ियों में अवैध तरीके से लगे नेम प्लेट, हूटर और ब्लैक फिल्म की जांच कर कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में ट्रैफिक्र पुलिस ने गाड़ी में रिटायर्ड छै लिखकर रौब से घूम रहे व्यक्ति पर भी एक्शन लिया है। शहर में कुछ युवक प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव जैसे पदनाम लिखकर खुद को टप्प्च् बता रहे थे। ट्रैफिक्र पुलिस ने ऐसे लोगों की भी हेकड़ी उतारी है। इन लोगों को चौक-चौराहे पर ही खड़ा कर रेड नेम प्लेट उतारा गया। आचार संहिता के दौरान शहर में सायरन हूटर का उपयोग करना पूरी तरह वर्जित है। इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है। जिसके तहत हूटर पर एक्शन हुआ है। इसी प्रकार चुनाव को मद्देनजर रखते हुए अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

डीपीआई ने सामूहिक नकल मामले में 9 शिक्षकों को किया निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने सामूहिक नकल मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। शासकीय कन्या उच्च विद्यालय बरमकेला में 18 मार्च को सामूहिक नकल की शिकायत मिली थी। एसडीएम ने 19 मार्च को इसकी जांच की। जांच में पता चला कि 12वीं हिंन्दी परीक्षा में कुल 246 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 5 अनुपस्थित थे। 5 कक्षाओं में परीक्षा का आयोजन हो रहा था, सभी कक्ष में नकल कराया जा रहा था। जांच के दौरान केंद्राध्यक्षों समेत 8 प्रर्यवेक्षक नकल मामले में शामिल पाये गए। केंद्र अध्यक्षक समेत 9 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया। शिक्षकों निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ नियत किया गया है।

करंट लगने से युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक छात्र की दर्दनाक मौत की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पेटल्स फार्म्स रिजॉर्ट में एक छात्र को करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि यह घटना तब घटी जब युवकों द्वारा प्री होली सेलिब्रेट किया जा रहा था। इसी दौरान खैरागढ़ गोलबाजार के व्यवसायी गौतम सालेचा के 25 वर्षीय पुत्र यश सालेचा की करंट लगने से जान चली गई। पुरानी बस्ती थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यश सालेचा कार से ड्राइवर व दो बहनों के साथ रायपुर आए थे। रायपुर में यश के दोस्तों ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र खारुन नदी के पेटल्स फार्म्स (रिसार्ट) में प्री होली सेलिब्रेशन पार्टी का आयोजन रखा था। इसी पार्टी के दौरान सभी छात्र रिसार्ट के स्विमिंग पूल में बाल गेम खेल रहे थे। इस दौरान छात्र यश स्विमिंग पूल साफ करने वाले वाइपर को हटाकर दूसरी ओर रख रहा था। ऊपर से हाई टेंशन विद्युत का तार था और अचानक छात्र यश इसकी चपेट में आ गया।

कांग्रेस के शासन काल में केंद्रीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला : सीएम साय

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ता सम्मेलन में बस्तर लोकसभा प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के बेनूर गांव में भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वनमंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अन्य पदाधिकारी ने शिरकत की थी। इससे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विष्णुदेव सरकार ने किसानों को धान बोनस, 3100 रुपए क्विंटल धान का दिया। महतारीं वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रदान किए।

वहीं मोदी की गारंटी में कई वादे 3 माह में पूरे किए है। इसके साथ ही केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के नेताओ को बस्तर सहित कई क्षेत्र में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बस्तर प्रत्याशी महेश कश्यप को अपना समर्थन देंकर सांसद बनाते हुए दिल्ली भेजें।

इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 3 महीने के भीतर जो वचन दिए थे, उसको पूरा किया है। 917 रुपए के धान की अंतर राशि विष्णुदेव साय ने तत्काल पूरा किया। इसके साथ ही भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों को आवास प्रदान किए। भारतीय जनता पार्टी जो कहती वो करती है।

वहीं लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि छोटे से गांव और सामान्य किसान होने के बावजूद केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे राष्ट्रीय पार्टी प्रत्याशी बनाया है। इसलिए 19 अप्रैल को अपना समर्थन देकर मोदी की सरकार बनाएं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेनूर गांव की पावन भूमि पर आने जा सौभाग्य प्राप्त हुए हैं। बस्तर लोकसभा के लिए महेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना है, तो बस्तर क्षेत्र से महेश कश्यप जी के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं।

10 साल से प्रधानमंत्री विकास कार्य कर रहे है। सबका साथ सबका विकास , प्रधानमंत्री नरेद मोदी गारंटी पूरी हुई है। पिछले 5 साल कांग्रेस शासनकाल में केंद्रीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा था। लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की जनता को मोदी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। लोगों की सभी आवश्यकता पर काम करेंगे। दिल्ली में अगर फिर से मोदी की सरकार बनाना है, तो बस्तर लोकसभा से महेश कश्यप को अपना समर्थन देंकर कमल का फूल खिलाए।

कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा न होने पर सीएम ने कसा तंज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के प्रत्याशियों के ऐलान नहीं होने पर सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में बिखराव है, डूबती नैया है। इनकी नाव में छेद हो रहा, पानी भर रहा है। लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। इतना बिखराव है कि पूर्व सीएम के सामने कार्यकर्ताओं की नाराजगी देखी जा रही है। इतना पीड़ित हैं कि उनके सामने बोलना पड़ रहा कि 5 साल में आपने कार्यकर्ताओं को पूछा नहीं। सीएम विष्णुदेव साय बस्तर संभाग के दौरे के लिए रवाना होने से पहले रायपुर पुलिस ग्राउंड में पत्रकारों से चर्चा के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने दौरे को लेकर कहा कि हर बार दंतेवाड़ा से ही चुनाव का आगाज करते हैं। वहीं से लोकसभा चुनाव की शुरुआत कर रहे हैं। दंतेश्वरी माई का आशीर्वाद लेकर सम्मेलन में शामिल होंगे।

रायपुर में आज शाम जल वितरण रहेगा प्रभावित

रायपुर/नवप्रदेश। आज शाम रायपुर शहर की 23 पानी टंकियों से पानी कम आएगा। बुधवार को सुबह बिजली सप्लाई लाइन बंद थी और मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। जिसके चलते टंकियों में पानी नहीं भर पाया है। इसलिए शाम पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

रायपुर नगर निगम के फिल्टर प्लांट विभाग के इंजीनियर ने बताया कि आज सुबह मेंटेनेंस के चलते बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई साढ़े तीन घण्टे तक बंद रखा था। इस वजह से शहर के चंगोराभाठा, डीडी नगर, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, रामनगर, गोगांव, जरवाय, मठपुरैना, लालपुर। अमलीडीह, अवंति विहार, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमसिवनी, राजेंद्रनगर, श्यामनगर, खमतराई, डंगनिया, गंज और गुढ़ियारी की पानी टंकियों में भरपूर मात्रा में पानी नहीं भर पाया है। जिस कारण इन क्षेत्रों में आज शाम पेयजल आंशिक रूप से प्रभावित रूप से रहेगा।

मानव राष्ट्रीय ध्वज ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

■ **ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बड़ी उपलब्धि**

रायपुर/नवप्रदेश। आज आयोजित एक अभूतपूर्व कार्यक्रम में, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (छ्रत्न) ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफइंडिया (स्नस्नढ्ढ) के साथ मिलकर पिछले सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ते हुए सबसे बड़े मानव राष्ट्रीय ध्वज लहराने का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस आयोजन में प्रमाणिक तौर पर छ्रत्न 7368 छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसकी पुष्टि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स संगठन के अधिकारियों द्वारा की गई।

वास्तव में यह लम्हा बेहद गौरवपूर्ण था, क्योंकि इस अनोखे अवसर को मनाने के लिए सभी प्रतिभागी पूरे उत्साह के साथ भारतीय ध्वज के रंगों में एकत्रित हुए, जिनमें छ्रत्न के सभी स्कूलों एवं संस्थानों के छात्र, कर्मचारी, प्राध्यापक और अन्य अधिकारी शामिल थे।



इस आयोजन को प्रमाणित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक, श्री ऋषि नाथ परिसर में उपस्थित थे और इस अवसर पर उन्होंने कहा, इस बात की घोषणा करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है कि, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 7368 उत्साही प्रतिभागियों के साथ सबसे बड़ा मानव झंडा लहराने का रिकॉर्ड बनाने में सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने बताया अब यह रिकॉर्ड छ्रत्न और स्नस्नढ्ढ के नाम है, और मुझे प्रसन्नता है कि उनके इस प्रयास के बाद यह नया रिकॉर्ड आधिकारिक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का हिस्सा होगा।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन छ्रत्न द्वारा फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया था, जो भारतीय राष्ट्रवाद की भावना को नए सिरे से जगाने की दिशा में काम करने वाला एक गैर-लाभकारी संगठन है। तिरंगा हमारे आधुनिक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्षता और उदारवादी मूल्यों का प्रतीक है, तथा एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण के अपने प्रयास में सभी भारतीयों को इसे अपनाना चाहिए, जो दुनिया में अपना उचित स्थान हासिल करेगा।

यूनिवर्सिटी को बधाई देता हूँ: कुलाधिपति

ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलाधिपति, नवीन जिंदल फ्लैग फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत रहे हैं और इस अवसर पर उन्होंने कहा, मैं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया और ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी को बधाई देता हूँ, जिन्होंने लहराते हुए राष्ट्रीय ध्वज की सबसे बड़ी मानव छवि का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की है।

जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड दिवालिया घोषित

कोर्ट में एबीस एक्सपोर्ट्स की हुई जीत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एनसीएलटी कोलकाता ने जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड को एबीस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई फिश फ़ीड के बदले में 9 करोड़ रुपये की बकाया राशि भुगतान न कर पाने के लिए दिवालिया घोषित किया। एबीस एक्सपोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड को तक़रीबन 9 करोड़ रुपये की फिश और श्रीम्प फ़ीड सप्लाई किए थे। तक़रीबन 10 वर्ष तक चले व्यापार के बाद जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उनका बकाया देने से मना कर दिया। जिसके बाद कंपनी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट ने बकाया राशि भुगतान न कर पाने पर दिवालिया घोषित कर दिया है।

दरसअल, 1 मार्च को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल कोलकाता बेंच ने नौ करोड़ रुपये का डिफ़ॉल्ट करने के लिए कोलकाता स्थित एक्वा फीड कंपनी जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफइन्सॉल्वेंसी एवं दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए आदेश सुनाया था। एबीस एक्सपोर्ट्स जो कि, छत्तीसगढ़ स्थित पोल्ट्री और पशु चारा बनाने वाली दिग्गज कंपनी है। जिसने जस्सी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड को नौ करोड़, इक्यासी लाख, उनहत्तर हजार चार सौ अड़तीस रुपये की फिश और श्रीम्प फ़ीड सप्लाई किए थे। याचिका वर्ष 2020 में एबीस एक्सपोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील हसनैन अल्वी द्वारा इन्सॉल्वेंसी एवं दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 9 के तहत दायर की गई थी।

2019 में खटखटाया कोर्ट का दरवाजा : मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पार्टियों के बीच वर्ष 2010 से अच्छे व्यापारिक संबंध थे। हालांकि बाद में वर्ष 2019 में, जस्सी ने माल लेने के ऐवज में डिफ़ॉल्ट करना शुरू कर दिया और एबीस एक्सपोर्ट्स को उसके बकाया के लिए क़ानूनी प्रक्रिया में संलग्न कराया। जस्सी प्रॉपर्टीस जो पहले भुगतान कर रहे थे उनकी पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता जोय शाह ने तर्क दिया कि, चूंकि वे सीएंडएफ एजेंट थे और सप्लाई की गई। फ़ीड के अंतिम उपयोगकर्ता नहीं थे और इसलिए वे भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं थे। वहीं ऑपरेशनल क्रेडिटर (एबीस) को अंतिम उपयोगकर्ताओं एवं डीलरों से भुगतान एकत्र करना चाहिए।

एबीस के वकील ने दिया कोर्ट में तर्क

वहीं एबीस एक्सपोर्ट्स की पैरवी करने वाले वकील हसनैन अल्वी ने तर्क दिया कि, सीएडएफसमझौता वर्ष 2015 में समाप्त हो गया था और यहां तक कि, अगर यह मान लिया जाए कि, जस्सी प्रॉपर्टीज एक एजेंट हैं। तो भी वह उनकी देनदारी के दायित्व से उन्हें मुक्त नहीं करता क्योंकि, माल उनके आदेश पर डिलीवर किया गया था। पिछले 10 वर्ष के आचरण से यह साबित होता है कि, लेनदारी और देनदारी केवल जस्सी प्रॉपर्टीज और एबीस एक्सपोर्ट्स के बीच में थी और कोई अन्य तीसरा पक्ष शामिल नहीं था और ना है। इसके अलावा 2018 के ईमेल में दर्शाए गए जस्सी द्वारा उठाए गए सभी विवाद वर्ष 2019 से संबंधित नहीं थे। जिसमें वास्तव में कर्ज देय हुआ था और यह सभी ईमेल्स का उपयोग जस्सी प्रॉपर्टीज द्वारा अपने दायित्व से बचने के लिए केवल दिखावटी विवाद पैदा करने के लिए किया गया है।

एनसीएलटी कोर्ट ने माना विवाद वास्तविक नहीं

एनसीएलटी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय दिया कि, दोनों पार्टियों के बीच लेनदारी और देनदारी का संबंध स्थापित होता है। एबीस एक्सपोर्ट के परिचालन बकाया को चुकाने में जस्सी प्रॉपर्टीज द्वारा स्पष्ट चूक की गई है। वहीं जस्सी प्रॉपर्टीज द्वारा उठाए गए सभी विवाद वास्तविक नहीं है और केवल कानून से बचने के लिए मनगढंत रूप से उठाए गए थे।

कानून व्यवस्था बनाये रखना हमारा उद्देश्य : डिप्टी सीएम विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। सूबे के डिप्टी सीएम विजय शर्मा एमजी रोड स्थित चौपाटी पहुंचे। उन्होंने कहा कि, शहर में कानून व्यवस्था और शांति रहे हम जब यह सोचते हैं। आपको समाज के पास जाने की आवश्यकता है और यही हम सबकी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सूबे के डिप्टी सीएम विजय शर्मा बुधवार को एमजी रोड स्थित चौपाटी में पहुंचे। जहां उन्होंने कारोबारियों और चौपाटी संचालकों से मुलाकात की और एक निजी होटल पहुंचे। जहां कारोबारियों ने उन्हें व्यापार संबंधी कई सुझाव दिए।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि, शहर में कानून व्यवस्था और शांति रहे हम जब यह सोचते हैं। यहां तो डंडे से काम नही होता है। इसके लिए आपको समाज के पास जाने की आवश्यकता है और यह हम सबकी प्राथमिकता है। पिछले कुछ महीने में इसे सबने महसूस किया है और इसके लिए सबने सहयोग किया है।

रात में दुकान खोलने के समय में हो सकता है परिवर्तन

उन्होंने आगे कहा कि, आज कारोबारियों ने इस संबंध में अपने सुझाव दिए हैं और अब रात में दुकान खोलने के संबंध में परिवर्तन किया जा सकता है। इस पर किस प्रकार से काम किया जा सकता है और यह देखना होगा। मैं पहले भी मंजू-ममता होटल में आता रहा हूं और यहां के खान पान और स्वाद में आज भी कोई बदलाव नहीं आया है। जबकि मैं बदल गया हूं काफी वैसा ही है।

6 महीने से हादसे में कटी नसों की तकलीफ से था परेशान, ओम हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। 25 वर्षीय मंजीत सिंह डागी ने एक हादसे के बाद ये उम्मीद खो दी थीं कि उसका सीधा हाथ भी कभी काम करना शुरू कर सकता है. लेकिन महादेवघाट रोड़ स्थित ओम हॉस्पिटल में डॉ कमलेश अग्रवाल द्वारा किए गए ऑपरेशन के बाद मरीज का हाथ काम करना शुरू हुआ है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि लगातार फिजियोथैरेपी के बाद वे पूरी तरह स्वस्थ्य हो जाएंगे. डॉ कमलेश अग्रवाल (एमसीएच बर्न, कॉस्मेटिक) बताते है मूलतः जगदलपुर के रहने वाले मंजीत स्क्रैप का काम करते है. इसी दौरान एक हादसे में उनका सीधा हाथ कट गया. उन्होंने जगलपुर में ही इसका इलाज करवाया, लेकिन वहां उसके कटे हाथ में टांके लगा दिए गए, जबकि मरीज के हाथ की खून की नस छोड़कर तमाम नसे कट चूकी थीं. इसका खामियाजा ये हुआ कि मरीज का हाथ काम करना धीरे-धीरे बंद हो गया. इसके बाद मरीज ने ये उम्मीद खो दी थीं कि उसका हाथ भी कभी काम कर सकता है. मरीज इसके बाद डॉ कमलेश अग्रवाल के संपर्क में आया और हादसे के करीब 6 महीने बाद उसका ऑपरेशन हुआ।

सीएम के समक्ष 370 कांग्रेसियों ने भाजपा में किया प्रवेश, गमछा डालकर स्वागत

■ भाजपा जिला संगठन में अंदर खाने में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है जिला स्तर के मोर्चा पदाधिकारी मंच से गायब दिखे

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय ने लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज दंतेवाड़ा से किया है. उन्होंने चितालंका स्थित स्टेडियम में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को जोश खरोश के साथ संबोधित किया. कार्यक्रम में सीएम के समक्ष 370 कांग्रेसियों ने भाजपा में प्रवेश किया. इस दौरान मंच पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी से लेकर वनमंत्री और स्थानीय विधायक चैतराम अटामी भी मौजूद थे.

मंच पर जो भीड़ पदाधिकारियों की एकत्र थी वह प्रोटोकॉल को ठेंगा दिखा रही थी. भाजपा जिला संगठन में अंदर खाने में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है. जिला स्तर के मोर्चा पदाधिकारी मंच से गायब दिखे और छुट भैया नेताओं को मंच संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. नीचे पंक्तियों में बैठे वरिष्ठ पदाधिकरियों को ये बात बिल्कुल हजम नहीं हो रही थी. भले ही 370 कांग्रेसियों ने भाजपा के लिए समर्पण किया हो. सीएम साय ने इन सभी को भाजपा का गमछा गले में डाल कर स्वागत किया. भाजपा संगठन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिले में दो ऐसे महामंत्री हैं, जिससे संगठन का प्रोटोकॉल बिगड़ा हुआ है. इन दोनों के आगे भाजपा संगठन के अन्य पदाधिकारियों को नजरअंदाज किया जा रहा है. इस उपेक्षा का शिकार महिला पदाधिकारी तो है ही, साथ ही पुरुष पदाधिकारियों की भी भीड़ है. पदाधिकारी इस तरह से नाराज हैं तो आम कार्यकर्ताओं का क्या हाल होगा.

मंच पर नहीं दिखे ये पदाधिकारी

एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा और जिला भाजपा के जिला पदाधिकारी मंच से नदारद दिखे. भाजपा संगठन के जिले के पदाधिकारियों को भी नजरअंदाज किया गया है. इन सभी का अपना दर्द है. संगठन के खिलाफ मुखर होकर कोई बोल नहीं पा रहा है. ये सभी दबी जुबां से अपना दर्द बता रहे हैं.

संगठन का कार्यक्रम और उपेक्षा संगठन के पदाधिकारियों की

भाजपा सीएम साय के दौरे को कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में सरीक होने की बात कह रही है. दंतेवाड़ा में यह कार्यक्रम संगठन का कार्यक्रम माना जा रहा है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केदार कश्यप प्रदेश महामंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी की अगुवाई में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. दंतेवाड़ा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए जिले में कलेक्टर रहे और वर्तमान में भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के ओजस्वी भाषण पर खूब तालियों की गड़गड़ाहट गूंजी. संगठन का अंदर का दर्द नासूर बनते जा रहा है. जल्द ही इस दर्द को को नहीं समेटा तो भाजपा का अंर्तकलह लोकसभा का परिणाम प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

न्यूज गैलरी

जुवारियों से 3280 रुपए नगद और ताशपत्ती पुलिस ने किया जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिषेक पल्लव के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी पोड़ी प्रभारी उप. निरीक्षक श्री त्रिलोक प्रधान द्वारा चौकी क्षेत्र के आम जनों से मुलाकात कर क्षेत्र के आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक-19.03.2024 को विश्वासनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ। कि कुछ जुवाडीयों के द्वारा ग्राम रहेगी पानी टंकी के पास नगदी रकम का दाव लगाकर 52 पत्ती ताश के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना के तस्दीक हेतु तत्काल चौकी प्रभारी द्वारा पुलिस टीम मुखबीर के बताये पते पर रवाना किया गया। जहां पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही कर जुआ खेल रहे 06 जुआडियान को पकड़ा गया। जिसमें-01 गणपत डहरिया, 02 साहेब दास कोसले, 03 डिंडोरे डहरिया, 04.संतोष कोसले 05 राधेलाल भारती 06 बालक लाल कोसले सभी साकीन रहेगी पुलिस चौकी पोड़ी थाना बोडला जिला- कबीरधाम (छत्तीसगढ़) को जुआ खेलते रंगे हाथों गवाहों के समक्ष पुलिस टीम के द्वारा पकड़ा गया।

संभागायुक्त ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा

कवर्धा/नवप्रदेश। दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 के तैयारियों का जायजा लेने आज कबीरधाम जिले के मतदान केन्द्र पहुंचे। संभागायुक्त श्री राठौर ने कवर्धा शहर के वाचनालय भवन मतदान केंद्र क्रमांक 233, 23 और स्वामी आत्मानंद स्कूल मतदान केंद्र क्रमांक 224, 225, 226, 227 का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागायुक्त ने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के समय गर्मी का मौसम रहेगा इसे ध्यान में रखते हुए छांव और पेयजल व्यवस्था आवश्यक रूप से होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में बिजली, रैम्प, फर्नीचर, शौचालय इत्यादी जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दुर्ग संभागायुक्त श्री एसएन राठौर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

बेमौसम बारिश से प्रभावित फसलों के सर्वेक्षण का काम शुरू

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और बीमा कंपनी की संयुक्त दल द्वारा प्रभावित फसलों का सर्वे का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक तहसीलवार संबधित ग्रामों के क्षति हुई फसलों और प्रभावित किसानों की सूची तैयार करें। कलेक्टर के निर्देश के बाद सभी अमले गांव के खेत में पहुंचकर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिए है। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार से लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर राजस्व, उद्यानिकी, कृषि और फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से रबी फसलों को पहुंची क्षति का मुआयना एवं सर्वे करने कवर्धा और पिपरिया तहसील के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया।

नपा में जिम सामान खरीदे बिना 38 लाख का भुगतान

■ पूर्व उपाध्यक्ष ने मंत्री, मंत्रालय सहित कलेक्टर को ज्ञापन सौंप आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा की मुसीबतें कम होने का नाम नही ले रही है । इस्तीफे मामले मे अब तक कोई वास्तविक कार्यवाही नही होने के बाद अब पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक ने आर्थिक अनियमितता बरतने के मामले मे कलेक्टर सहित नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव और संचालक को शिकायत सौंपकर त्वरित कार्यवाही कर पद से बर्खास्त करने की मांग की है । मंत्रालय सहित मंत्री और कलेक्टर को की गई शिकायत मे तत्कालीन नगरपालिका सीएमओ सहित अध्यक्ष के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। की गई शिकायत मे पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक ने बताया कि पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा सहित तत्कालीन सीएमओ के अवधि दौरान सांठगांठ कर लाखो रू की अनियमितता बरतते सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी का हवाला देते कहा कि एक जून 23 से 31 दिसंबर 23 की अवधि मे नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद, 14 वें वित्त, 15 वें वित्त, रा%य परिवर्तित, पालिका, दीदी बर्तन बैंक, मरम्मत संधारण, जलकष्ट निवारण मदो के अलावा अन्य मदो से सामाग्री क्रय किया जाना दर्शाकर लाखो रू का भुगतान किया गया है । रजक ने शिकायत मे कहा कि पालिका द्वारा प्रदाय किए दस्तावेजो मे स्पष्ट उगेख है कि प्रमाणक अनुसार 25 जुलाई 23 को राशि 17 लाख 64 हजार का भुगतान चेक के माध्यम से स्टेट बैंक तथा उसी तिथि मे चेक से 20 लाख 9 हजार रू का दोनो भुगतान पार्षद अध्यक्ष निधि अंतर्गत जिम सामाग्री क्रय करने किया गया है । रजक ने बताया कि पालिका द्वारा इस दौश्रान क्रय नियमों का पालन करे बगैर न तो भाव पत्र आमंत्रित किया गया है और न ही किसी प्रकार की निविदा पद्धति के नियमो का पालन किया गया है । औपचारिक कार्यवाही को नजर अंदाज कर सिर्फ कागजो मे भ्रष्टाचार करने फर्जी भुगतान किया गया है । शिकायत मे अध्यक्ष एवं तत्कालीन सीएमओ ने आपसी सांठगांठ कर बिना कोई सामाग्री क्रय किए कुल 37 लाख 73 हजार रू की बड़ी राशि का भ्रष्टाचार किया गया है । मामले मे सबसे बड़ी जानकारी सामने आई है कि इस खरीदी और भ्रष्टाचार के दौरान नगरपालिका मे इससे संबंधित कोई बिल बाऊचर और फाइल उपलब्ध नही है । इसके लिए तत्कालीन सीएमओ को मुख्य रूप से दोषी बताते कहा कि इस भ्रष्टाचार मे भुगतान किए गए राशि का चेक अध्यक्ष और सीएमओ द्वारा जारी किया गया है ।जबकि पालिका द्वारा कोई जिम सामाग्री क्रय नही किया गया है । क्रय किए जाने की स्थिति मे सरकार के भंडार क्रय नियम का पालन नही किया गया है । रामाधार रजक ने मामले की गंभीरता के आधार पर तत्कालिक जांच कर तत्कालीन सीएमओ एवं पालिकाध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही कर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है ।

दहेज प्रताड़ना : पति, सास-ससुर, जेठ जेठानी के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के बरेठपारा निवासी महिला ने पति सास, ससुर जेठ जेठानी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला पुलिस मे दर्ज कराया है । पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । आवेदिका लक्ष्मी देवांगन पति विजय कुमार देवांगन ने पुलिस को दिए शिकायत मे बताया कि उसका विवाह मानसरोवर कालोनी हनोदा दूर्ग मे विजय कुमार के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ जून 20 मे हूआ था । शादी के दो माह बाद से ही पति विजय कुमार, ससूर पूनीत देवांगन, सास सरोज देवांगन, जेठ अजय और जेठानी पूजा द्वारा दहेज कम लाने का ताना देते 3 लाख रू की मांग करते प्रताड़ित करने लगे । गाली गलौच कर घर से निकाल भी दिया । इसके चलते पीड़ित शारारिक और मानसिक रूप से परेशान हो गई । माता पिता की इकलौती संतान होने का हवाला देकर भी पति सहित ससुराल पक्ष के लोगो ने 3 लाख सहित विभिन्न सामान नही लाने पर घर से निकालने का हवाला देकर प्रतिदिन मारपीट करते रहे । 25 अक्टूबर को पति द्वारा मारपीट करने पर पीड़िता लक्ष्मी ने अपने पिता को ससुराल बुलाया था । लेकिन बात नही बनी । दिसंबर मे खैरागढ़ थाने मे मामले की शिकायत भी दर्ज कराई थी । जिसके बाद पुलिस ने काऊंसलिंग कर ससुराल पक्ष को समझाइश दी । इसके बाद भी उनके व्यवहार मे कोई बदलाव नही हूआ । ससुराल मे अनहोनी की आशंका के चलते आखिरकार पीड़िता अपने मायके लौट गई । पुलिस को दिए शिकायत के बाद पुलिस ने पति विजय कुमार, सास ससुर, जेठ जेठानी के खिलाफ धारा 398 ए और 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है । मामले मे फिलहाल आरोपियो की गिरफ्तारी नही हो पाई है ।

भूपेश के साल्हेवारा आगमन पर युवा कांग्रेसियों ने किया स्वागत, निकाली बाइक रैली

खैरागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा के वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा में पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगाँव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के प्रथम आगमन पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृव में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बंजारी माता मंदिर के पास स्वागत किया। मंदिर दर्शन के पश्चात बंजारी माता मंदिर से साल्हेवारा तक विशाल बाइक रैली निकालकर स्वागत किया जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि जब से राजनांदगांव लोकसभा के प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम घोषित हुआ है तब से युवा कांग्रेसियों में गजब का उत्साह है । युवा कांग्रेसी लोकसभा चुनाव जीताने के लिए प्रतिबद्ध है । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तिवारी की तारीफ़ करते हुए पूरी ताक़त से अपनी टीम के साथ चुनाव में काम करने के लिये प्रोत्साहित किया और कहा कि युवा कांग्रेस और एन.एस.यू.आई. के साथियों की ऊर्जा बता रही है कि इस बार राजनांदगांव लोकसभा में इतिहास रचने वाले हैं । स्वागत के दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा , निखिल दिवेदी , अनिमेष सिंह, सुमित जैन, प्रमोद उईके, रामेश्वर यदु, अशरफ़ सिद्दीक़ी, गौकरण वर्मा, वाशु सिंह, तेजराम, संजय जंघेल, जयंत मानिकपुरी, जैनुल मोहम्मद, इकबाल मिर्जा, चतुर ओगरे, सोनू देवांगन, विजय मेरावी व युवा कांग्रेसी शामिल हुए।

निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, एमसीएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका

अपने सीएम कार्यकाल में राजनांदगांव लोकसभा मुख्यालय से ले गए थे कई कार्यालयों को

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन ने निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया और तेज कर दी हैं। संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर ने आज दोपहर जिला पंचायत कार्यालय स्थित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) के लिए स्थापित कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रकाशित और प्रसारित होने वाली खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। संभागायुक्त ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों से बात की। उन्होंने मीडिया पंजी आदि का अवलोकन किया। उन्होंने खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज की निगरानी सतर्कता से करने को कहा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि अधिकारी कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगायी गईं। प्रिंट मीडिया इकाई दैनिक एवं सांध्य संस्करण के समाचार पत्रों का अनुवीक्षण कर पेड-न्यूज से संबंधित समाचारों की छटनीं करती है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इकाई राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय न्यूज़ चैनल में प्रसारित किए जाने वाले समाचारों को चिह्नांकित करने का काम करती है। संदिग्ध पेड न्यूज़ समाचार को एमसीएमसी समिति को प्रस्तुत करती हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया दल सोशल मीडिया साइट यथा फ़ेसबुक/यूट्यूब/एक्स/विकिपीडिया/इंस्टाग्राम वेब न्यूज़ व्हाट्सएप आदि पर नज़र रखती हैं। पेड न्यूज संबंधी सामग्री की जानकारी समिति को देती हैं। इसी प्रकार एफ़एम/स्थानीय आकाशवाणी व्हारेडियो इकाई भी पेड न्यूज़ संबंधी कार्यों की मॉनिटरिंग करती है। इस तरह पूरी टीम चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। एमसीएमसी द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की 24 घंटे निगरानी की जा रही हैं, यहाँ तीन शिफ्ट में कार्य किया जा रहा हैं।

7 दिनों तक रामकथा का रसपान, राज्याभिषेक के साथ पं. युवराज पाण्डेय ने किया समापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के पदुमतरा में श्री राम मंदिर के पास चल रहे 7 दिवसीय श्रीराम कथा के ज्ञान महायज्ञ का समापन हुआ। जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पाण्डेय ने रामकथा के आखिरी दिन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक ने मानसप्रेमियों का बताया कि रामचरित मानस प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है, हमें जीवन कैसे जीना चाहिए रामचरित मानस सिखाती है। सभी रिश्तों को कैसे निभाने चाहिए हमें जीवन मे उतारना चाहिए। आखिरी दिन राज्याभिषेक के समय राजा रामचंद्र जी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। उन्होंने रावण वध और राम राज्याभिषेक की कथा का वर्णन किया। बताया कि भगवान राम जब अयोध्या वापस आए तो अयोध्यावासियों ने उनका बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। कथा वाचक आचार्य श्रीयुत युवराज पाण्डेय ने कहा कि रामायण सत्य पर चलना सिखाती है। कथा में रामअवतार, राम-सीता विवाह, वनवास, सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, शबरी की कथा का वर्णन किया। श्रीरामचरित मानस गुरु का आदर, पिता के आदेश भाई से प्रेम और जीवन जीने की कला सिखाती है।कथा में यजमान के रूप में जनपद सभापति श्रीराम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू-कविता साहू रहे। कथा समाप्ति पर तुलसी बर्षा, यज्ञ हवन किया गया। कलश यात्रा व मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, रामकथा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

1.150 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में 19 मार्च को थाना बेमेतरा पुलिस चौकी देवरबीजा स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम कंदई का शत्रुहन ऊर्फ चोटी यादव अपने घर में अवैध रूप से बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा रखा हैं की सूचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 1 किलो 150 ग्राम कीमती करीबन 11000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी शत्रुहन ऊर्फ चोटी यादव पिता स्व. मयाराम यादव उम्र 50 साल साकिन कंदई चौकी देवरबीजा के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही की जा रही हैं।उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि डीएल सोना, एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

परपोडी पुलिस ने 500 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

इधर थाना परपोडी स्टाफ को 19 मार्च को मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम भटगांव तालाब के आस पास मेनरोड किनारे एक व्यक्ति नीला सफेद रंग का टीशर्ट पहना हुआ है जो अपने हाथ मे आरेंज कलर के थैला मे अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहक तलाश कर रहा हैं की सूचना पर थाना परपोडी स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी हेमराज जंघेल पिता गजराज जंघेल उम्र 36 साल साकिन खैरी थाना साजा के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 500 ग्राम कीमती करीबन 6000 रूपये को जप्त किया गया हैं।

होली व लोस चुनाव के मद्देनजर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, कई लोग गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण एवं आगामी होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एंव सौहार्द्रपूर्ण त्यौहार संपन्न कराने के उद्देश्य से असमाजिक तत्वों एवं वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 20 मार्च 2024 को माननीय न्यायालय राजनांदगॉव से जारी 3 गिरफ्तारी वारंट के वारंटी नीलकंठ उर्फ लिलेश पिता रेशम खुटारे, उम्र 19 साल, निवासी जैतखाम चौक, सतनामी पारा, लखोली, दिनेश साहू पिता अजीत साहू, उम्र 21 साल, ग्राम कांकेतरा, पुलिस चौकी चिखली को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। शहरी क्षेत्र के भीतरी व भीड़भाड़ इलाकों में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्व प्रदीप पारधी पिता स्व. प्रमोद पारधी, उम्र 25 साल, निवासी कैलाश नगर, विमल राजपूत पिता चिंकी राजपूत, उम्र 35 साल, निवासी-अटल आवास, बैगापारा, लखोली को धारा 151 जाफौ के तहत गिरफ्तार कर धारा 107, 116 (3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय कार्यपालिक दंडाधिकारी के न्यायालय में पेश किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगीं।

कार्यकर्ता सम्मेलन में आएंगे सीएम

डोंगरगांव/नवप्रदेश।आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च, शुक्रवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 1 बजे से आहूत किया गया है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, लोकसभा प्रत्याशी व सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, लोकसभा चुनाव सह संयोजक दिनेश गांधी तथा नीलू शर्मा उपस्थित रहेंगे।मंडल भाजपा महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि लोकसभा चुनाव का चुनावी बिगुल फूंकने के लिए प्रदेश के मुख्यमत्री विष्णुदेव साय का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार नगर आगमन हो रहा है।

शिक्षा

61 साल की महिला की ऐसी है याददाश्त कि सभी को होता है आश्चर्य, उसके गुण की सराहना

चौथी तक पढ़ी पर पुस्तक में कहां क्या पाठ सबकुछ है याद

बालोद/नवप्रदेश। आमतौर पर लोगों को बचपन में क्या पढ़े हैं ज्यादा कुछ याद नहीं रहता। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है बचपन की यादें भी धूमिल होती जाती है। खास तौर से शिक्षा के क्षेत्र में बात करें तो हम जो नया पढ़ रहे हैं वही याद रहता है। पर बचपन की यादें धीरे-धीरे खत्म होने लगती है। आज हम जगन्नाथपुर की एक ऐसी महिला भेलिया बाई ठाकुर के बारे में बता रहे हैं जो 61 साल की है और चौथी कक्षा तक पढ़ी है। लेकिन चौथी कक्षा की पढ़ाई के दौरान का उन्हें अपने हिंदी पुस्तक का प्रत्येक अध्याय नाम और किस अध्याय में क्या है यह तक याद है। 61 वर्ष की उम्र में भी इतनी अच्छी याददाश्त का होना लोगों को हैरान करता है। महिला का जन्म 1963 में हुआ। 1973 के दौर में उन्होंने अपनी जन्म स्थल ग्राम मेढा, अर्जुनी में कक्षा चौथी तक की पढ़ाई की है। इस पढ़ाई के 51 साल बीतने के बाद भी उन्हें अपनी पुस्तक का प्रत्येक अध्याय मुखाग्र याद है। बुधवार को इस महिला को सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में बतौर विशेष मार्गदर्शक के रूप में आमंत्रित किया गया था। जहां उन्होंने बच्चों को पढ़ाई को लेकर ध्यान देने, एकाग्रता बढ़ाने को लेकर विशेष सीख दी। तो वहीं उन्होंने बच्चों के समक्ष अपने दौर के कक्षा चौथी में जो पाठ शामिल थे, अध्याय 1 से लेकर 24 तक की पूरी जानकारी भी बच्चों के समक्ष रखकर उनकी कौतुहलता दूर की। किस पाठ में क्या है यह सभी उन्होंने मुंह जुबानी बताया। यह सब देखकर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी सहित स्टाफ भी हैरान रह गए। महिला भेलिया बाई को नारियल, गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया गया।

अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र 72 कवर्धा में मतदान के लिए सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक। इस दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर और पुलिस अधिकारी को प्रशिक्षण भी दिया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेक्टर और पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर और पुलिस अधिकारी सुयक्त रूप से अपने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें और वहां की सभी मुलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी को दायित्व दिए गए है,